law/IND/1995/003/eng,hin(Vol 2)

©

भारत सरकार
विधि, न्याय और कंपनी कार्य मंत्रालय

सत्यमेव जयते

निर्वाचन विधि निर्देशिका

(संसद् और राज्य विधान-मंडलों के निर्वाचनों को
शासित करने वाले कानूनी उपबन्धों का संकलन)

[जिल्द 2]

[1 जनवरी, 1995 को यथाविद्यामान]

Manual of Election Law

(A Compilation of the statutory provisions governing elections
to Parliament and the State Legislatures)

[VOLUME II]

[As on the 1st January, 1995]

F Clifton White Resource Center
International Foundation for Election Systems

1995

प्रबन्धक, भारत सरकार फोटोलिथो मुद्रणालय, फरीदाबाद द्वारा मुद्रित तथा प्रकाशन-नियंत्रक,
भारत सरकार, सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054 द्वारा प्रकाशित।

निर्वाचन विधि निर्देशिका

ELECTION MANUAL

जिल्द 2

VOL. II

1995

निर्वाचन विधि निर्देशिका

[जिल्द 2]

MANUAL OF ELECTION LAW

[VOLUME II]

F Clifton White Resource Center
International Foundation for Election Systems

LIST OF ABBREVIATIONS USED

Cl.	*for*	**Clause**
Ins.	,,	**Inserted**
Notifn.	,,	**Notification**
Rep.	,,	**Repealed**
S.	,,	**Section**
Sch.	,,	**Schedule**
Subs.	,,	**Substituted**
w.e.f.	,,	**with effect from.**

First diglot edition—1982 : 15,000
Second diglot edition—1984 : 14,000
Third diglot edition—1989 : 14,500
Fourth diglot edition—1991 : 12,500
Fifth diglot edition—1995 : 15,000

संक्षेपाक्षर

सं० .... संख्यांक (नम्बर)।

पहला द्विभाषीय संस्करण—1982 : 15,000
दूसरा द्विभाषीय संस्करण—1984 : 14,000
तीसरा द्विभाषीय संस्करण—1989 : 14,500
चौथा द्विभाषीय संस्करण—1991 : 12,500
पांचवां द्विभाषीय संस्करण—1995 : 15,000

MANUAL OF ELECTION LAW

VOLUME II

CONTENTS

PART I

STATUTORY RULES AND ORDER

1. The Registration of Electors Rules, 1960.
2. The Conduct of Elections Rules, 1961.
3. Application of Registration of Electors Rules, 1960 to the State of Sikkim.
4. The Conduct of Parliamentary Elections (Sikkim) Rules, 1977,
5. The Conduct of Assembly Elections (Sikkim) Rules, 1979.
6. The Election Symbols (Reservation and Allotment) Order, 1968.
7. Lists of political parties and symbols in relation to elections in all parliamentary and assembly constituencies other than assembly constituencies in the State of Jammu and Kashmir.—These lists are being published separately by the Election Commission.
8. List of symbols in relation to elections in an assembly, local authorities' or panchayats' constituencies in the State of Jammu and Kashmir.—The list is being published separately by the Election Commission.

PART II

STATUTORY ORDERS

1. The Delimitation of Council Constituencies Orders.
2. Authorities specified under section 8A to accept petitions about corrupt practices.
3. Officers before whom a candidate for election to fill a seat in the Legislative Assembly of a Union territory shall make and subscribe oath or affirmation.
4. Officers before whom a candidate for election to fill a seat in the Metropolitan Council of Delhi shall make and subscribe oath or affirmation.

निर्वाचन विधि निर्देशिका

जिल्द 2

विषय सूची

भाग 1

कानूनी नियम और आदेश

1. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 1
2. निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 35
3. निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 का सिक्किम राज्य को लागू होना 153
4. संसदीय निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1977 154
5. विधान सभा निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1979 155
6. निर्वाचन प्रतीक (आरक्षण और आबंटन) आदेश, 1968 161
7. जम्मू-कश्मीर राज्य के विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों से भिन्न सभी संसदीय और विधान सभाओं के निर्वाचन-क्षेत्रों में निर्वाचनों के संबंध में राजनैतिक दलों और प्रतीकों की सूची —ये सूचियां निर्वाचन आयोग द्वारा पृथक रूप से प्रकाशित की जा रही हैं। 167
8. जम्मू-कश्मीर राज्य में विधान सभा, स्थानीय प्राधिकरणों या पंचायतों के निर्वाचन-क्षेत्रों में निर्वाचनों के संबंध में प्रतीकों की सूची—यह सूची निर्वाचन आयोग द्वारा पृथक रूप से काशित की जा रही है। 167

भाग 2

कानूनी आदेश

1. परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र परिसीमन आदेश 169
2. भ्रष्ट आचरण के बारे में अर्जी स्वीकार करने के लिए धारा 8 ग के अधीन विनिर्दिष्ट प्राधिकारी 179
3. वे अधिकारी जिनके समक्ष किसी संघ राज्यक्षेत्र की विधान सभा में कोई स्थान भरने के लिए निर्वाचन के निमित्त कोई अभ्यर्थी शपथ लेगा या प्रतिज्ञान करेगा तथा उस पर हस्ताक्षर करेगा 180
4. वे अधिकारी जिनके समक्ष दिल्ली की महानगर परिषद् में कोई स्थान भरने के लिए निर्वाचन के निमित्त कोई अभ्यर्थी शपथ लेगा या प्रतिज्ञान करेगा तथा उस पर हस्ताक्षर करेगा 181

कानूनी नियम और आदेश

Statutory Rules and Order

THE REGISTRATION OF ELECTORS RULES, 1960[1]

PART I

Preliminary

1. **Short title and commencement.**—(*1*) These Rules may be called the Registration of Electors Rules, 1960.

(*2*) They shall come into force on the 1st day of January, 1961.

2. **Definitions and interpretation.**—(*1*) In these rules, unless the context otherwise requires,—

(*a*) "Act" means the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950);

(*b*) "declared office" means an office declared by the President to be an office to which the provisions of sub-section (*4*) of section 20 apply;

[2][(*c*) "Form" means a Form appended to these rules and in respect of any constituency, includes a translation thereof in the language or any of the languages in which the electoral roll for that constituency is prepared;]

(*d*) "registration officer" means the electoral registration officer of a constituency and includes an assistant electoral registration officer thereof;

(*e*) "roll" means the electoral roll for a constituency;

(*f*) "section" means a section of the Act;

[3]* * * * *

(*2*) The General Clauses Act, 1897 (10 of 1897), shall apply for the interpretation of these rules as it applies for the interpretation of an Act of Parliament.

PART II

Electoral rolls for Assembly Constituencies

3. **Meaning of constituency.**—In this Part "constituency" means an Assembly constituency.

4. **Form and languages of roll.**—The roll for each constituency shall be prepared in such form and in such language or languages as the Election Commission may direct.

5. **Preparation of roll in parts.**—(*1*) The roll shall be divided into convenient parts which shall be numbered consecutively.

(2) The last part of the roll shall contain the names of every person having a service qualification and of his wife, if any, who are entitled to be included in that roll by virtue of a statement made under rule 7.

---

1. Published with the Ministry of Law Notifn. No. S.O. 2750, dated the 10th November, 1960, in the Gazette of India, Extraordinary, Part II, Section 3(ii), page 633.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 3874, dated the 15th December, 1966.
3. Cl. (*g*) omitted, *ibid.*

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960[1]

भाग 1

प्रारम्भिक

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**—(1) ये नियम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 कहे जा सकेंगे।

(2) ये 1961 की जनवरी के प्रथम दिन को प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं और निर्वचन**—(1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अधिनियम" से लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) अभिप्रेत है,

(ख) "घोषित पद" से ऐसा पद अभिप्रेत है जिसकी बाबत राष्ट्रपति द्वारा घोषित किया गया है कि वह ऐसा पद है जिसे धारा 20 की उपधारा (4) के उपबंध लागू हैं,

[2][(ग) "प्ररूप" से वह प्ररूप अभिप्रेत है जो इन नियमों से संलग्न है और किसी निर्वाचन-क्षेत्र के बारे में उसके अन्तर्गत उस भाषा में या उन भाषाओं में से किसी में उसका अनुवाद आता है जिसमें उस निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली तैयार की जाती है,]

(घ) "रजिस्ट्रीकरण आफिसर" से निर्वाचन-क्षेत्र का निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण आफिसर अभिप्रेत है और उसका सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण आफिसर इसके अन्तर्गत आता है,

(ङ) "नामावली" से निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली अभिप्रेत है,

(च) "धारा" से अधिनियम की धारा अभिप्रेत है,

[3]* * * * *

(2) साधारण खंड अधिनियम, 1897 (1897 का 10) इन नियमों के निर्वचन के लिए ऐसे लागू होगा जैसे वह संसद् के अधिनियम के निर्वचन के लिए लागू होता है।

भाग 2

सभा निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावलियां

3. **निर्वाचन-क्षेत्र का अर्थ**—इस भाग में "निर्वाचन-क्षेत्र" से सभा निर्वाचन-क्षेत्र अभिप्रेत है।

4. **नामावली का प्ररूप और भाषा**—हर एक निर्वाचन-क्षेत्र के लिए नामावली ऐसे प्ररूप में और ऐसी भाषा या भाषाओं में तैयार की जाएगी जिसे या जिन्हें निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।

5. **नामावली का भागों में तैयार किया जाना**—(1) नामावली सुविधाजनक भागों में विभाजित की जाएगी जो क्रम से संख्यांकित किए जाएंगे।

(2) नामावली के अंतिम भाग में सेवा अर्हता रखने वाले ऐसे हर व्यक्ति और उसकी पत्नी के, यदि कोई हो, नाम अन्तर्विष्ट होंगे जो उस नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए हकदार नियम 7 के अधीन किए गए कथन के आधार पर हैं।

---

1. विधि मंत्रालय की अधिसूचना सं० का० आ० 2750, तारीख 10 नवम्बर, 1960, भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, अनुभाग 3(ii), पृ० 633 में प्रकाशित।
2. अधिसूचना सं० का०आ० 3874, तारीख 15 दिसम्बर, 1966 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. पूर्वोक्त द्वारा खण्ड (छ) का लोप किया गया।

(*3*) The names of any person holding a declared office and of his wife, if any, who are entitled to be included in the roll by virtue of a statement made under rule 7 shall be included in the part of the roll, pertaining to the locality in which they would, according to that statement, have been ordinarily resident.

(*4*) The number of names included in any part of the roll shall not ordinarily exceed two thousand.

6. **Order of names.**—(*1*) The names of electors in each part of the roll shall be arranged according to house number, unless the chief electoral officer, subject to any general or special instructions issued by the Election Commission, determines in respect of any part that the alphabetical order is more convenient or that the name shall be arranged partly in one way and partly in the other.

(*2*) The names of electors in each part of the roll shall be numbered, so far as practicable, consecutively with a separate series of numbers beginning with the number one.

7. **Statement under section 20.**—(*1*) Every person who holds a declared office or has a service qualification and desires to be registered in the roll for the constituency in which, but for holding such office or having such qualification, he would have been ordinarily resident, shall submit to the [1][registration officer of the constituency], a statement in such one of the [1][Forms 1, 2, 2A and 3] as may be appropriate.

(*2*) Every statement submitted under sub-rule (*1*) shall be verified in the manner specified in the Form.

(*3*) Every such statement shall cease to be valid when the person making it ceases to hold a declared office or, as the case may be, have a service qualification.

8. **Information to be supplied by occupants of dwelling houses.**—The registration officer may, for the purpose of preparing the roll, send letters of request in Form 4 to the occupants of dwelling houses in the constituency or any part thereof; and every person receiving any such letter shall furnish the information called for therein to the best of his ability.

9. **Access to certain registers.**—For the purpose of preparing any roll or deciding any claim or objection to a roll, any registration officer and any person employed by him shall have access to any register of births and deaths and to the admission register of any educational institution, and it shall be the duty of every person in charge of any such register to give to the said officer or person such information and such extracts from the said register as he may require.

10. **Publication of roll in draft.**—As soon as the roll for a constituency is ready, the registration officer shall publish it in draft by making a copy thereof available for inspection and displaying a notice in Form 5—

(*a*) at his office, if it is within the constituency, and

(*b*) at such place in the constituency as may be specified by him for the purpose, if his office is outside the constituency.

11. **Further publicity to the roll and notice.**—The registration officer shall also—

(*a*) make a copy of each separate part of the roll, together with a copy of the notice in Form 5 available for inspection at a specified place accessible to the public and in or near the area to which that part relates;

(*b*) give such further publicity to the notice in Form 5 as he may consider necessary; and

1. Subs. by Notifn. No, S.O. 3874, dated the 15th December, 1966.

(3) घोषित पद धारण करने वाले किसी व्यक्ति और उसकी पत्नी के, यदि कोई हो, नाम की नामावली में सम्मिलित किए जाने के लिए हकदार नियम 7 के अधीन किए गए कथन के आधार पर हैं, नामावली के उस भाग में सम्मिलित किए जाएंगे जो उस स्थान से संबंधित हैं जिसमें ये, उस कथन के अनुसार, मामूली तौर से निवासी होते।

(4) नामावली के किसी भाग में सम्मिलित नामों की संख्या मामूली तौर से दो हजार से अधिक न होगी।

6. **नामों का क्रम**—(1) जब तक कि मुख्य निर्वाचन आफिसर निर्वाचन आयोग द्वारा निकाले गए किन्हीं साधारण या विशेष अनुदेशों के अधीन रहते हुए किसी भाग की बाबत यह अवधारित न करे कि वर्णक्रम अधिक सुविधाजनक होगा या नाम भागतः एक और भागतः दूसरे क्रम में दर्ज किए जाएं, नामावली के हर एक भाग में निर्वाचकों के नाम गृह-संख्यांक के क्रम में दर्ज किए जाएंगे।

(2) नामावली के हर एक भाग में निर्वाचकों के नाम यावत्साध्य अंक 1 आरम्भ होने वाली पृथक् अंकमाला के अनुसार क्रमवर्ती रूप में संख्यांकित किए जाएंगे।

7. **धारा 20 के अधीन कथन**—(1) हर व्यक्ति, जो घोषित पद धारण करता है या सेवा अर्हता रखता है और उस निर्वाचन-क्षेत्र के लिए नामावली में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए वांछा रखता है जिसमें, यदि वह ऐसा पद धारण न करता या ऐसी अर्हता न रखता तो, वह मामूली तौर से निवासी होता, [1][उस निर्वाचन-क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण आफिसर] को [1][प्ररूप 1, 2, 2क और 3] में से ऐसे एक प्ररूप में कथन देगा जो समुचित हो।

(2) उपनियम (1) के अधीन दिया गया हर कथन उस प्ररूप में विनिर्दिष्ट रीति से सत्यापित किया जाएगा।

(3) हर ऐसा कथन तब विधिमान्य न रह जाएगा जब उसे करने वाले व्यक्ति का, यथास्थिति, घोषित पद धारण करना या सेवा अर्हता रखना समाप्त हो जाता है।

8. **निवास गृहों के अधिभोगियों द्वारा दी जाने वाली जानकारी**—रजिस्ट्रीकरण आफिसर नामावली की तैयारी के प्रयोजन के लिए प्ररूप 4 में निवेदनपत्र निर्वाचन-क्षेत्र में या उसके किसी भाग में निवास गृहों के अधिभोगियों को भेज सकेगा और किसी ऐसे पत्र को पाने वाला हर व्यक्ति उसमें मांगी गई जानकारी को अपनी सर्वोत्तम योग्यता के अनुसार देगा।

9. **कुछ रजिस्टरों तक पहुंच**—किसी नामावली की तैयारी या नामावली की बाबत किसी दावे या आक्षेप के विनिश्चय के प्रयोजन के लिए किसी रजिस्ट्रीकरण आफिसर और एतद्द्वारा नियोजित किसी व्यक्ति की पहुंच किसी जीवन-मृत्यु के रजिस्टर तक और किसी शैक्षणिक संस्था के प्रवेश रजिस्टर तक होगी और ऐसे रजिस्टर के भारसाधक हर व्यक्ति का यह कर्तव्य होगा कि वह उक्त आफिसर या व्यक्ति को ऐसी जानकारी और उक्त रजिस्टर में से ऐसे उद्धरण दे जैसे वह अपेक्षित करे।

10. **नामावली के प्रारूप का प्रकाशन**—जैसे ही निर्वाचन-क्षेत्र के लिए नामावली तैयार हो जाए रजिस्ट्रीकरण आफिसर उसके प्रारूप को—

(क) उस दशा में, जिसमें उसका कार्यालय निर्वाचन-क्षेत्र में है अपने कार्यालय में, तथा

(ख) उस दशा में, जिसमें उसका कार्यालय निर्वाचन-क्षेत्र के बाहर है निर्वाचन-क्षेत्र में ऐसे स्थान में जैसा इस प्रयोजन के लिए उस द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए,

उसकी एक प्रति निरीक्षण के लिए उपलब्ध करके और प्ररूप 5 में सूचना संप्रदर्शित करके, प्रकाशित करेगा।

11. **नामावली और सूचना का अतिरिक्त प्रचार**—रजिस्ट्रीकरण आफिसर—

(क) प्ररूप 5 में सूचना की प्रति के सहित नामावली के एक पृथक् भाग की प्रति जनता की पहुंच वाले विनिर्दिष्ट स्थान में, और उस क्षेत्र में या उसके निकट, जिससे उस भाग का संबंध है, निरीक्षण के लिए भी उपलब्ध करेगा,

(ख) प्ररूप 5 वाली सूचना का ऐसा अतिरिक्त प्रचार भी करेगा जैसा वह आवश्यक समझे, तथा

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3874, तारीख 15 दिसम्बर, 1966 द्वारा प्रतिस्थापित।

(*c*) supply free of cost two copies of each separate part of the roll to every political party [1][for which a symbol has been exclusively reserved in the State] by the Election Commission.

[2][**12. Period for lodging claims and objections.**—Every claim for the inclusion of a name in the roll and every objection to an entry therein shall be lodged within a period of thirty days from the date of publication of the roll in draft under rule 10, or such shorter period of not less than fifteen days as may be fixed by the Election Commission in this behalf:

Provided that the Election Commission may, by notification in the Official Gazette, extend the period in respect of the constituency as a whole or in respect of any part thereof.]

13. Form for claims and objections.—(*1*) Every claim shall be—

(*a*) in Form 6; [3][and]

(*b*) signed by the person desiring his name to be included in the roll; [4]* * *

* *

(*2*) Every objection to the inclusion of a name in the roll shall be—

(*a*) in Form 7; [3][and]

(*b*) preferred only by a person whose name is already included in that roll; [4]* * *

* * *

(*3*) Every objection to a particular or particulars in an entry in the roll shall be—

(*a*) in Form 8; and

(*b*) preferred only by the person to whom that entry relates.

14. Manner of lodging claims and objections.—Every claim or objection shall—

(*a*) either be presented to the registration officer or to such other officer as may be designated by him in this behalf; or

(b) be sent by[5]*** Post to the registration officer.

15. Procedure of designated officers.—(*1*) Every officer designated under rule 14 shall—

(*a*) maintain in duplicate a list of claims in Form 9, a list of objections to the inclusion of names in Form 10 and a list of objections to particulars in Form 11; and

(*b*) keep exhibited one copy of each such list on a notice board in his office.

(*2*) Where a claim or objection is presented to him, he shall, after complying with the requirements of sub-rule (*1*), forward it with such remarks, if any, as he considers proper to the registration officer.

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 2791, dated the 24th November, 1961, for "to which a symbol has been allotted".
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 35(E), dated the 21st January, 1977.
3. Ins by Notifn. No. S.O. 817(E), dated the 25th October, 1993.
4. The word "and" and clause (c) omitted, ibid.
5. The word "registered" omitted by Notifn. No. S.O. 3661, dated the 12th October, 1964.

(ग) नामावली के हर एक पृथक् भाग की दो प्रतियां भी ऐसे हर राजनैतिक दल को [1][जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने राज्य में प्रतीक अनन्यतः आरक्षित किया है,] खर्च लिए बिना देगा।

[2][12. **दावे और आक्षेप दाखिल करने के लिए कालावधि**—नामावली में नाम के सम्मिलित किए जाने के लिए हर दावा और उसमें की किसी प्रविष्टि पर हर आक्षेप नामावली के प्रारूप के नियम 10 के अधीन प्रकाशन की तारीख से 30 दिन की कालावधि के अन्दर या पन्द्रह दिन से अनधिक उतनी लघुतर कालावधि में जितनी इस निमित्त निर्वाचन आयोग द्वारा नियत की जाए दाखिल किया जाएगा :

परन्तु निर्वाचन आयोग पूरे निर्वाचन-क्षेत्र की बाबत या उसके किसी भाग की बाबत इस कालावधि को राजपत्र में अधिसूचना द्वारा बढ़ा सकता है।]

13. **दावों और आक्षेपों के लिए प्ररूप**—(1) हर दावा—

(क) प्ररूप 6 में होगा, [3][तथा]

(ख) उस व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित होगा जो नामावली में अपना नाम सम्मिलित कराना चाहता है,[4] * * *

(2) नामावली में किसी नाम के सम्मिलित किए जाने की बाबत हर आक्षेप—

(क) प्ररूप 7 में होगा,[3][तथा]

(ख) केवल ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिसका नाम पहले से ही उस नामावली में सम्मिलित है,[4] * * *

(3) नामावली में की किसी प्रविष्टि की विशिष्टि या विशिष्टियों की बाबत हर आक्षेप—

(क) प्ररूप 8 में होगा; और

(ख) केवल ऐसे व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जिससे वह प्रविष्टि संबद्ध है।

14. **दावे और आक्षेप दाखिल करने की रीति**—हर दावा या आक्षेप—

(क) या तो रजिस्ट्रीकरण आफिसर के या ऐसे अन्य आफिसर के, जो इस निमित्त उस द्वारा अभिहित किया जाए, समक्ष उपस्थित किया जाएगा, या

(ख) रजिस्ट्रीकरण आफिसर को [5]*** डाक द्वारा भेजा जाएगा।

15. **अभिहित आफिसरों की प्रक्रिया**—(1) नियम 14 के अधीन अभिहित हर आफिसर—

(क) प्ररूप 9 में दावों की सूची, नामों के सम्मिलित किए जाने की बाबत आक्षेपों की प्ररूप 10 में सूची और विशिष्टियों की बाबत आक्षेपों की प्ररूप 11 में सूची, दो प्रतियों में रखेगा तथा

(ख) अपने कार्यालय में सूचना-पट्ट पर हर एक ऐसी सूची की एक प्रति प्रदर्शित रखेगा।

(2) जहां कि कोई दावा या आक्षेप उसके समक्ष उपस्थित किया जाता है वहां वह उपनियम (1) की अपेक्षाओं का अनुपालन करने के पश्चात् ऐसी टिप्पणियों के सहित, यदि कोई हों, जिन्हें करना वह उचित समझता है, उसे रजिस्ट्रीकरण आफिसर के पास भेजेगा।

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 2791, तारीख 24 नवम्बर, 1961 द्वारा "जिसके लिए प्रतीक आबंटित किया गया है" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 35(अ), तारीख 21 जनवरी, 1977 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 817(अ), तारीख 25 अक्तूबर, 1993 द्वारा अंतःस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का० आ० 817(अ), तारीख 25 अक्तूबर, 1993 द्वारा "तथा" शब्द और खंड (ग) का लोप किया गया।
5. अधिसूचना सं० का० आ० 3661, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा "रजिस्ट्रीकृत" शब्द का लोप किया गया।

(Statutory Rules and Order)

16. Procedure of registration officer.—The registration officer also shall—

(*a*) maintain in duplicate the three lists in Forms 9, 10 and 11, entering thereon the particulars of every claim or objection as and when it is received by him whether directly under rule 14 or on being forwarded under rule 15; and

(*b*) keep exhibited one copy of each such list on a notice board in his office.

17. Rejection of certain claims and objections.—Any claim or objection which is not lodged within the period, or in the form and manner, herein specified, shall be rejected by the registration officer.

18. Acceptance of claims and objections without inquiry.—If the registration officer is satisfied as to the validity of any claim or objection, he may allow it without further inquiry after the expiry of one week from the date on which it is entered in the list exhibited by him under clause (*b*) of rule 16:

Provided that where before any such claim or objection has been allowed, a demand for inquiry has been made in writing to the registration officer by any person, it shall not be allowed without further inquiry.

19. Notice of hearing claims and objections.—(*1*) Where a claim or objection is not disposed of under rule 17 or rule 18, the registration officer shall—

(*a*) specify in the list exhibited by him under clause (*b*) of rule 16 the date, time and place of hearing of the claim or objection; and

(*b*) give notice of the hearing—

(*i*) in the case of a claim to the claimant in Form 12;

(*ii*) in the case of an objection to the inclusion of a name, to the objector in Form 13 and to the person objected to in Form 14; and

(*iii*) in the case of an objection to a particular or particulars in an entry, the objector in Form 15.

(*2*) A notice under this rule may be given either personally or by registered post or by affixing it to the person's residence or last known residence within the constituency.

20. Inquiry into claims and objections.—(*1*) The registration officer shall hold a summary inquiry into every claim or objection in respect of which notice has been given under rule 19 and shall record his decision thereon.

(*2*) At the hearing, the claimant or as the case may be, the objector and the person objected to and any other person who, in the opinion of the registration officer, is likely to be of assistance to him, shall be entitled to appear and be heard.

(*3*) The registration officer may in his discretion—

(*a*) require any claimant, objector or person objected to, to appear in person before him;

(*b*) require that the evidence tendered by any person shall be given on oath and administer an oath for the purpose.

21. Inclusion of names inadvertently omitted.— [1][(*1*)] If it appears to the registration officer that owing [2]*** to inadvertence or error during preparation, the names of any electors have been left out of the roll and that remedial action should be taken under this rule, the registration officer shall—

(*a*) prepare a list of the names and other details of such electors:

1. Rule 21 renumbered as sub-rule (*1*) of that rule and sub-rule (*2*) ins. by Notifn. No. S.O. 3661, dated the 12th [illegible]ber. 1964.
2. Certain words omitted, *ibid*.

16. **रजिस्ट्रीकरण आफिसर की प्रक्रिया**—रजिस्ट्रीकरण आफिसर भी—

(क) प्ररूप 9, 10, और 11 में तीन सूचियां दो प्रतियों में रखेगा और सोवें नियम 14 के अधीन किए गए या नियम 15 के अधीन भेजे गए हर दावे या आक्षेप को विशिष्टियां उन सूचियों में वैसे ही और तब प्रविष्ट करेगा जैसे ही और जब वह दावा या आक्षेप उसे प्राप्त हो, तथा

(ख) अपने कार्यालय में सूचना-पट्ट पर हर एक ऐसी सूची की एक प्रति प्रदर्शित रखेगा।

17. **कुछ दावों और आक्षेपों का खारिज किया जाना**—जो कोई दावा या आक्षेप एतस्मिन विनिर्दिष्ट कालावधि के अन्दर या प्ररूप और रीति में दाखिल नहीं किया गया है वह रजिस्ट्रीकरण आफिसर द्वारा खारिज कर दिया जाएगा।

18. **जांच के बिना दावों और आक्षेपों का प्रतिग्रहण**—किसी दावे या आक्षेप को विधिमान्यता के बारे में यदि रजिस्ट्रीकरण आफिसर का समाधान हो जाता है तो उस तारीख से, जिसको वह नियम 16 के खण्ड (ख) के अधीन उसके द्वारा प्रदर्शित सूची में प्रविष्टि किया जाता है, एक सप्ताह के अवसान के पश्चात् किसी अतिरिक्त जांच के बिना वह उसे अनुज्ञात कर सकेगा :

परन्तु जहां कि किसी ऐसे दावे या आक्षेप के *अनुज्ञात* किए जाने के पूर्व किसी व्यक्ति ने रजिस्ट्रीकरण आफिसर से जांच की मांग लिखित रूप में की है, वहां अतिरिक्त जांच के बिना वह अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

19. **दावों और आक्षेपों की सुनवाई की सूचना**—(1) जहां कि कोई दावा या आक्षेप नियम 17 या नियम 18 के अधीन नहीं निपटाया जाता वहां रजिस्ट्रीकरण आफिसर—

(क) दावे या आक्षेप की सुनवाई की तारीख, समय और स्थान नियम 16 के खंड (ख) के अधीन अपने द्वारा प्रदर्शित सूची में विनिर्दिष्ट करेगा, तथा

(ख) (i) दावे की दशा में, प्ररूप 12 में दावेदार को,

(ii) नाम के सम्मिलित किए जाने की बाबत आक्षेप की दशा में, आक्षेपकर्ता को प्ररूप 13 में और उस व्यक्ति को प्ररूप 14 में जिसके बारे में आक्षेप किया गया है, तथा

(iii) प्रविष्टियों में विशिष्ट या विशिष्टियों की बाबत आक्षेप की दशा में, आक्षेपकर्ता को प्ररूप 15 में, सुनवाई की सूचना देगा।

(2) इस नियम के अधीन की सूचना या तो व्यक्तिगत रूप में या रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा या निर्वाचन-क्षेत्र के अन्दर व्यक्ति के निवास या अंतिम ज्ञात निवास पर लगा कर दी जाएगी।

20. **दावों और आक्षेपों की जांच**—(1) रजिस्ट्रीकरण आफिसर ऐसे हर दावे या आक्षेप की संक्षिप्त जांच करेगा जिसकी बाबत नियम 19 के अधीन सूचना दी गई है और उस पर अपना विनिश्चय अभिलिखित करेगा।

(2) सुनवाई में, यथास्थिति, दावेदार या आक्षेपकर्ता और वह व्यक्ति, जिसके बारे में आक्षेप किया गया है, और कोई अन्य व्यक्ति जिसकी बाबत रजिस्ट्रीकरण आफिसर की यह राय है कि यह संभाव्यता है कि वह व्यक्ति मेरे लिए सहायक होगा, उपसंजात होने और सुने जाने का हकदार होगा।

(3) रजिस्ट्रीकरण आफिसर स्वविवेक में—

(क) यह अपेक्षा किसी दावेदार, आक्षेपकर्ता या उस व्यक्ति से, जिसके बारे में आक्षेप किया गया है, कर सकेगा कि तुम मेरे समक्ष स्वयं उपसंजात होओ,

(ख) यह अपेक्षा कर सकेगा कि किसी व्यक्ति द्वारा निविदत्त साक्ष्य शपथ पर दिया जाए और उस प्रयोजन के लिए शपथ दिला सकेगा।

21. **जो नाम अनवधानता से छूट गए हैं उन्हें सम्मिलित करना**—[1][(1)] रजिस्ट्रीकरण आफिसर को यदि यह प्रतीत होता है कि किन्हीं निर्वाचकों के नाम तैयारी के दौरान [2]**** अनवधानता या गलती के कारण, नामावली में से छूट गए हैं और इस नियम के अधीन उपचारी कार्यवाही की जानी चाहिए तो रजिस्ट्रीकरण आफिसर—

(क) ऐसे निर्वाचकों के नामों और अन्य ब्यौरों की सूची तैयार करेगा,

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3661, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा नियम 21 को उस नियम के उपनियम (1) के रूप में पुनः संख्यांकित किया गया और उपनियम (2) अन्तःस्थापित किया गया।
2. पूर्वोक्त द्वारा कुछ शब्दों का लोप किया गया।

(*b*) exhibit on the notice board of his office a copy of the list together with a notice as to the time and place at which the inclusion of these names in the roll will be considered, and also publish the list and the notice in such other manner as he may think fit; and

(*c*) after considering any verbal or written objections that may be preferred, decide whether all or any of the names should be included in the roll.

[1][(*2*) If any statements under rule 7 are received after the publication of the roll in draft under rule 10, the registration officer shall direct the inclusion of the names of the electors covered by the statements in the appropriate parts of the roll.]

[2][**21A. Deletion of names.**—If it appears to the registration officer at any time before the final publication of the roll that owing to inadvertence or error or otherwise, the names of dead persons or of persons who have ceased to be, or are not, ordinarily residents in the constituency or of persons who are otherwise not entitled to be registered in that roll, have been included in the roll and that remedial action should be taken under this rule, the registration officer, shall,—

(*a*) prepare a list of the names and other details of such electors;

(*b*) exhibit on the notice board of his office a copy of the list together with a notice as to the time and place at which the question of deletion of these names from the roll will be considered, and also publish the list and the notice in such other manner as he may think fit; and

(*c*) after considering any verbal or written objections that may be preferred, decide whether all or any of the names should be deleted from the roll:

Provided that before taking any action under this rule in respect of any person on the ground that he has ceased to be, or is not, ordinarily resident in the constituency, or is otherwise not entitled to be registered in that roll, the registration officer shall make every endeavour to give him a reasonable opportunity to show cause why the action proposed should not be taken in relation to him.]

22. Final publication of roll.—(*1*) The registration officer shall thereafter—

(*a*) prepare a list of amendments to carry out his decisions under rules 18, 20, [3][21 and 21A] and to correct any clerical or printing errors or other inaccuracies subsequently discovered in the roll; [4]***

(*b*) publish the roll, together with the list of amendments, by making a complete copy thereof available for inspection and displaying a notice in Form 16 at his office; [5][and]

[6][(*c*) subject to such general or special directions as may be given by the Election Commission supply, free of cost, two copies of the roll, as finally published, with the list of amendments, if any, to every political party for which a symbol has been exclusively reserved by the Election Commission.]

(*2*) On such publication, the roll together with the list of amendments shall be the electoral roll of the constituency.

1. Ins. by Notifn. S.O 3661, dated the 12th October, 1964.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987, for rule 21A.
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 1519, dated the 25th April, 1968.
4. The word "and" omitted by Notifn. No. S.O. 233(E), dated the 31st March, 1984.
5. The word "and" ins., *ibid.*
6. Cl. (*c*) ins., *ibid.*

(ख) सूची की एक प्रति को उस समय और स्थान के बारे में, जिस पर नामावली में इन नामों को सम्मिलित करने पर विचार किया जाएगा, सूचना सहित अपने कार्यालय के सूचना-पट्ट पर दर्शित करेगा, और ऐसी अन्य रीति में, जैसे वह ठीक समझे, सूची और सूचना को प्रकाशित भी करेगा, तथा

(ग) जो कोई मौखिक या लिखित आक्षेप किए जाएं उन पर विचार करने के पश्चात् यह विनिश्चय करेगा कि क्या उन नामों में से सबको या किसी को नामावली में सम्मिलित किया जाना चाहिए।

[1][(2) यदि नियम 7 के अधीन कोई कथन नियम 10 के अधीन नियमावली के प्रारूप के प्रकाशन के पश्चात्-प्राप्त होते हैं तो रजिस्ट्रीकरण आफिसर नामावली के उचित भागों में निर्वाचकों के उन नामों के सम्मिलित किए जाने के लिए निदेश देगा जो उन कथनों के अंतर्गत हों।]

[2][21क. **नामों का निकाला जाना**—यदि नामावली के अंतिम प्रकाशन से पूर्व किसी समय रजिस्ट्रीकरण आफिसर को यह प्रतीत होता है कि मृत व्यक्तियों या ऐसे व्यक्तियों के नाम, जो निर्वाचन-क्षेत्र में मामूली तौर से निवासी नहीं रह गए हैं, या नहीं हैं; या ऐसे व्यक्ति जो उस नामावली में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए अन्यथा हकदार नहीं हैं, अनवधानता या गलती के कारण या अन्यथा नामावली में सम्मिलित किए गए हैं और इस नियम के अधीन उपचारी कार्यवाही की जानी चाहिए तो रजिस्ट्रीकरण आफिसर,—

(क) ऐसे निर्वाचकों के नामों के और अन्य ब्यौरों की सूची तैयार करेगा;

(ख) सूची की एक प्रति को, उस समय और स्थान के बारे में, जहां और जब इन नामों को नामावली से निकाले जाने के प्रश्न पर विचार किया जाएगा, सूचना सहित अपने कार्यालय के सूचना-पट्ट पर प्रदर्शित करेगा और ऐसी अन्य रीति में, जैसी वह ठीक समझे, सूची या सूचना को प्रकाशित भी करेगा; और

(ग) जो कोई मौखिक या लिखित आक्षेप किए जाएं, उन पर विचार करने के पश्चात् यह भी विनिश्चय करेगा कि क्या उन नामों में से सबको या किसी को नामावली में से निकाल दिया जाना चाहिए:

परन्तु किसी व्यक्ति की बाबत इस आधार पर कि वह निर्वाचन-क्षेत्र में मामूली तौर से निवासी नहीं रह गया है या नहीं है या उस नामावली में रजिस्ट्रीकृत किए जाने के लिए अन्यथा हकदार नहीं है, इस नियम के अधीन कोई कार्यवाही करने के पूर्व, रजिस्ट्रीकरण आफिसर उसे यह हेतुक दिखाने के लिए कि उसके संबंध में प्रस्थापित कार्यवाही क्यों न की जाए, युक्तियुक्त अवसर देने के सब प्रयत्न करेगा।]

22. **नामावली का अंतिम प्रकाशन**—(1) रजिस्ट्रीकरण आफिसर तत्पश्चात्—

(क) नियम 18, 20, [3][21 और 21क] के अधीन अपने विनिश्चयों को कार्यान्वित करने के लिए और नामावली में की ऐसी किन्हीं लेखन या मुद्रण संबंधी गलतियों या अन्य अशुद्धताओं को जिनका तत्पश्चात् पता चले शुद्ध करने के लिए संशोधनों की सूची तैयार करेगा; [4]***

(ख) संशोधनों की सूची सहित नामावली को अपने कार्यालय में उसकी पूरी प्रति निरीक्षण के लिए उपलब्ध करके और प्ररूप 16 में सूचना संप्रदर्शित करके प्रकाशित करेगा; [5][तथा]

[6][(ग) ऐसे साधारण या विशेष निदेशों के अधीन रहते हुए जो निर्वाचन आयोग दे, ऐसे प्रत्येक राजनैतिक दल को, जिसके लिए निर्वाचन आयोग ने कोई प्रतीक अनन्य रूप से आरक्षित किया है, अंतिम रूप से प्रकाशित नामावली की दो प्रतियों को, संशोधनों की, यदि कोई हों, सूची सहित, निःशुल्क प्रदाय करेगा।]

(2) ऐसे प्रकाशन पर संशोधनों की सूची सहित नामावली निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली होगी।

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3661, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा अन्तःस्थापित किया गया।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 814(अ), तारीख 3 सितम्बर, 1987 द्वारा नियम 21क के स्थान पर प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 1519, तारीख 25 अप्रैल, 1968 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का० आ० 233(अ), तारीख 31 मार्च, 1984 द्वारा "तथा" शब्द का लोप किया गया।
5. पूर्वोक्त द्वारा "तथा" शब्द अन्तःस्थापित।
6. पूर्वोक्त द्वारा खंड (ग) अन्तःस्थापित।

[1][(*3*) Where the roll (hereafter in this sub-rule referred to as the basic roll), together with the list of amendments, becomes the electoral roll for a constituency under sub-rule (*2*), the registration officer may, for the convenience of all concerned, integrate, subject to any general or special directions issued by the Election Commission in this behalf, the list into the basic roll by [2][incorporating inclusion of names, amendment, transposition or deletion of entries in the relevant parts of the basic roll itself] in the relevant parts of the basic roll itself, so however that no change shall be made in the process of such integration in the name of any elector or in any particulars relating to any elector as given in the list of amendments.]

23. Appeals from orders deciding claims and objections.—(*1*) An appeal shall lie from any decision of the registration officer under rule 20, [3][rule 21 or rule 21A] to such officer of Government as the Election Commission may designate in this behalf (hereinafter referred to as the appellate officer):

Provided that an appeal shall not lie where the person desiring to appeal has not availed himself of his right to be heard by, or to make representations to, the registration officer on the matter which is the subject of appeal.

(*2*) Every appeal under sub-rule (*1*) shall be—

(*a*) in the form of a memorandum signed by the appellant, and

(*b*) presented to the appellate officer within a period of fifteen days from the date of announcement of the decision or sent to that officer by registered post so as to reach him within that period.

(*3*) The presentation of an appeal under this rule shall not have the effect of staying or postponing any action to be taken by the registration officer under rule 22.

(*4*) Every decision of the appellate officer shall be final, but in so far as it reverses or modifies a decision of the registration officer, shall take effect only from the date of the decision in appeal.

(*5*) The registration officer shall cause such amendments to be made in the roll as may be necessary to give effect to the decisions of the appellate officer under this rule.

24. Special provision for preparation of rolls on redelimitation of constituencies.— (*1*) If any constituency is delimited anew in accordance with law and it is necessary urgently to prepare the roll for such constituency, the Election Commission may direct that it shall be prepared—

(*a*) by putting together the rolls of such of the existing constituencies or parts thereof as are comprised within the new constituency; and

(*b*) by making appropriate alterations in the arrangement, serial numbering and headings of the rolls so compiled.

(*2*) The roll so prepared shall be published in the manner specified in rule 22 and shall, on such publication, be the electoral roll for the new constituency.

25. [4][**Revision of rolls**].—(*1*) The roll for every constituency shall be revised under sub-section (*2*) of section 21 either intensively or summarily or partly intensively and partly summarily, as the Election Commission may direct.

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 1033, dated the 12th March, 1970.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987, for certain words.
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 1519, dated the 25th April, 1968.
4. Subs. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987, for the marginal heading "Annual revision of rolls"

[1][(3) जहां कि नामावली (जिसे इस उपनियम में इसके पश्चात् आधारी नामावली कहा गया है) संशोधनों की सूची सहित, उपनियम (2) के अधीन किसी निर्वाचन-क्षेत्र की नामावली बन जाती है वहां रजिस्ट्रीकरण आफिसर, सभी संबंधित व्यक्तियों को सुविधा के लिए, आधारी नामावली के ही सुसंगत भागों में सूची में के [2][आधारी नामावली के ही सुसंगत भागों में प्रविष्टियों के नाम, संशोधन, उन्हें अन्यत्र रखने या निकाले जाने को सम्मिलित करके], नामावली में सूची का समावेश, निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त निकाले गए किन्हीं साधारण या विशेष निदेशों के अध्यधीन, कर सकेगा, किन्तु इस प्रकार के ऐसे समावेश के दौरान किसी निर्वाचक के नाम या किसी निर्वाचक से संबंधित किन्हीं विशिष्टियों में, जैसी कि वे संशोधनों की सूची में दी गई हैं, कोई परिवर्तन न हो।]

23. **दावों और आक्षेपों का विनिश्चय करने वाले आदेशों से अपीलें**—(1) नियम 20, [3][नियम 21 या नियम 21क] के अधीन रजिस्ट्रीकरण आफिसर के किसी विनिश्चय की अपील सरकार के ऐसे आफिसर से की जाएगी जिसे निर्वाचन आयोग इस निमित्त अभिहित करे (जिसे एतस्मिनपश्चात् अपील आफिसर के रूप में निर्दिष्ट किया गया है):

परन्तु अपील उस सूरत में नहीं होगी जिसमें कि अपील को वांछा करने वाले व्यक्ति ने उस मामले पर, जो अपील का विषय है, रजिस्ट्रीकरण आफिसर द्वारा सुने जाने या अभ्यावेदन करने के अपने अधिकार का फायदा नहीं उठाया है।

(2) उपनियम (1) के अधीन हर अपील—

(क) अपीलार्थी द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन के रूप में होगी; और

(ख) विनिश्चय के सुनाए जाने की तारीख से पन्द्रह दिन की कालावधि के अन्दर अपील आफिसर के समक्ष उपस्थित की जाएगी या उस आफिसर को रजिस्ट्रीकृत डाक द्वारा ऐसे भेजे जाएगी कि वह उक्त कालावधि के अन्दर तक उसके पास पहुंच जाए।

(3) इस नियम के अधीन अपील उपस्थित करने का यह प्रभाव न होगा कि कोई ऐसा कार्य रोक दिया जाए या मुल्तवी कर दिया जाए जो रजिस्ट्रीकरण आफिसर द्वारा नियम 22 के अधीन किया जाना है।

(4) अपील आफिसर का हर विनिश्चय अंतिम होगा, किन्तु जहां तक कि वह रजिस्ट्रीकरण आफिसर के विनिश्चय को उलटता है या उपांतरित करता है वहां तक वह अपील के विनिश्चय की तारीख से ही प्रभावी होगा।

(5) रजिस्ट्रीकरण आफिसर नामावली में ऐसे संशोधन कराएगा जैसे इस नियम के अधीन अपील आफिसर के विनिश्चयों को प्रभावी करने के लिए आवश्यक हों।

24. **निर्वाचन-क्षेत्रों के पुनःपरिसीमन पर निर्वाचक नामावलियों की तैयारी के लिए विशेष उपबन्ध**—(1) यदि कोई निर्वाचन-क्षेत्र विधि के अनुसार नए सिरे से परिसीमित किया जाए और ऐसे निर्वाचन-क्षेत्र के लिए नामावली आत्यंतिकतः तैयार करना आवश्यक हो, तो, निर्वाचन आयोग यह निदेश दे सकेगा कि वह—

(क) विद्यमान निर्वाचन-क्षेत्रों या उनके ऐसे भागों की, जैसे नए निर्वाचन-क्षेत्र में समाविष्ट है, ऐसी नामावलियों को एक साथ जोड़ करके, और

(ख) ऐसे संकलित नामावलियों के क्रम विन्यास, क्रम संख्यांकन और शीर्षकों में समुचित परिवर्तन करके, तैयार की जाए।

(2) ऐसे तैयार की गई नामावली नियम 22 में विनिर्दिष्ट रीति में प्रकाशित की जाएगी और ऐसे प्रकाशन पर, वह नए निर्वाचन-क्षेत्र के लिए निर्वाचक नामावली होगी।

25. **[4][नामावलियों का पुनरीक्षण]**—(1) हर निर्वाचन-क्षेत्र के लिए नामावली धारा 21 की उपधारा (2) के अधीन या तो विस्तारपूर्वक या संक्षिप्ततः या अंशतः विस्तारपूर्वक और अंशतः संक्षिप्ततः ऐसे पुनरीक्षित की जाएगी, जैसे निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।

---

1. अधिसूचना सं० का०आ० 1033, तारीख 12 मार्च, 1970 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का०आ० 814(अ), तारीख 3 सितम्बर, 1987 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 1519, तारीख 25 अप्रैल, 1968 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का०आ० 814(अ), तारीख 3 सितम्बर, 1987 द्वारा "नामावलियों का वार्षिक पुनरीक्षण" के स्थान पर प्रतिस्थापित।

(*2*) Where the roll or any part thereof is to be revised intensively in any year, it shall be prepared afresh and rules 4 to 23 shall apply in relation to such revision as they apply in relation to the first preparation of a roll.

(*3*) When the roll or any part thereof is to be revised summarily in any year, the registration officer shall cause to be prepared a list of amendments to the relevant parts of the roll on the basis of such information as may be readily available and publish the roll together with the list of amendments in draft; and the provisions of rules 9 to 23 shall apply in relation to such revision as they apply in relation to the first preparation of a roll.

(*4*) Where at any time between the publication in draft of the revised roll under sub-rule (*2*) or of the roll and list of amendments under sub-rule (*3*) and the final publication of the same under rule 22, any names have been directed to be included in the roll for the time being in force under section 23, the registration officer shall cause the names to be included also in the revised roll unless there is, in his opinion, any valid objection to such inclusion.

26. [1][**Correction of entries and inclusion of names in electoral** rolls].—[2][(*1*) Every application under section 22 or sub-section (*1*) of section 23 shall be made in duplicate in such one of the Forms 6, 8, 8A and 8B as may be appropriate [3]***

[3]

[4][Provided that the statements in Forms 2, 2A and 3, from persons having service qualifications, received after the final publication of the electoral roll shall be deemed to be the applications under sections 22 and 23[3]***]

[4][(*1A*) Every such application as is referred to in sub-rule (*1*) shall be presented to the registration officer in such manner as the Election Commission may direct.]

* * * * *

[5]* * * * *

(*3*) The [6]*** registration officer shall, immediately on receipt of such application, direct that one copy thereof be posted in some conspicuous place in his office together with a notice inviting objections to such application within a period of seven days from the date of such posting.

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 2315, dated the 21st September, 1961, for "Inclusion of names in electoral rolls".
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 3874, dated the 15th December, 1966, for sub-rule (*1*).
3. Certain words and Sub-rules (2) and (2A) omitted by Notifn. No.S.O. 537(E), dated 22nd July, 1992.
4. Ins. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987.
5. Sub-rule (1B) omitted by Notifn. No.S.O. 817 (E), dated 25th October, 1993.
6. Certain words omitted by Notifn. No. S.O. 3874, dated the 15th December, 1966.

(2) जहां कि नामावली या उसका कोई भाग किसी वर्ष में विस्तारपूर्वक पुनरीक्षित की जानी या किया जाना है, वहां वह नए सिरे से तैयार की जाएगी या किया जाएगा और ऐसे पुनरीक्षण के संबंध में 4 से लेकर 23 तक के नियम ऐसे लागू होंगे जैसे वे नामावली की प्रथम तैयारी के संबंध में लागू होते हैं।

(3) जबकि नामावली या उसका कोई भाग किसी वर्ष में संक्षिप्ततः पुनरीक्षित की जानी है या किया जाना है तब रजिस्ट्रीकरण आफिसर ऐसी जानकारी के आधार पर, जैसी सुगमता से उपलब्ध हो, नामावली के सुसंगत भागों के संशोधनों की सूची तैयार कराएगा और नामावली को संशोधनों की सूची के प्रारूप सहित प्रकाशित करेगा; और ऐसे पुनरीक्षण के संबंध में नियम 9 से लेकर नियम 23 तक के उपबंध ऐसे लागू होंगे जैसे वे नामावली की प्रथम तैयारी के संबंध में लागू होते हैं।

(4) जहां कि उपनियम (2) के अधीन पुनरीक्षित नामावली के या उपनियम (3) के अधीन नामावली और संशोधनों की सूची के प्रारूप के प्रकाशन और नियम 22 के अधीन अंतिम उसके प्रकाशन के बीच किसी समय, धारा 23 के अधीन तत्समय प्रवृत्त नामावली में किन्हीं नामों को सम्मिलित करने का निर्देश दिया गया है वहां रजिस्ट्रीकरण आफिसर उन नामों को पुनरीक्षित नामावली में भी उस दशा में के सिवाय सम्मिलित कराएगा जिसमें कि उसकी राय में ऐसे सम्मिलित किए जाने के लिए कोई विधिमान्य आक्षेप है।

26. [1][निर्वाचक नामावलियों में प्रविष्टियों का शुद्ध किया जाना और नामों को सम्मिलित किया जाना]--[2][(1) धारा 22 या धारा 23 की उपधारा (1) के अधीन हर आवेदन प्ररूप 6, 8, 8क और 8ख में से ऐसे एक प्ररूप में जैसा समुचित हो, दो प्रतियों में किया जाएगा[3]****।]

[4]["परन्तु ऐसे व्यक्तियों से जिनके पास सेवा अर्हताएं हैं, निर्वाचक नामावली के अंतिम रूप से प्रकाशन के पश्चात् प्राप्त प्ररूप 2, 2क और 3 में विवरणियों को, धारा 22 और 23 के अधीन आवेदन के रूप में माना जाएगा"।

(1क) ऐसा प्रत्येक आवेदन, जो उपनियम (1) के अधीन निर्दिष्ट किया गया है, रजिस्ट्रीकरण आफिसर को ऐसी रीति से प्रस्तुत किया जाएगा जो निर्वाचन आयोग निदेश दे।]

[5]* * * *

[3]* * * *

(3) [6]**** रजिस्ट्रीकरण आफिसर ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर अविलम्ब यह निदेश देगा कि उसकी एक प्रति यह आमंत्रित करने वाली सूचना के साथ उसके अपने कार्यालय में किसी सहजदृश्य स्थान में लगा दी जाए कि ऐसे लगाए जाने की तारीख से सात दिन की कालावधि के अन्दर ऐसे आवेदन पर आक्षेप किए जाएं।

---

1. अधिसूचना सं० का०आ० 2315, तारीख 21 सितम्बर, 1961 द्वारा "निर्वाचक नामावलियों में नामों का सम्मिलित किया जाना" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का०आ० 3874, तारीख 15 दिसम्बर, 1966 द्वारा उपनियम (1) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 537(अ), तारीख 22 जुलाई, 1992 द्वारा उपनियम (2) और (2क) का लोप किया गया।
4. अधिसूचना सं० का०आ० 814(अ), तारीख 3 सितम्बर, 1987 द्वारा अंतःस्थापित।
5. अधिसूचना सं० का० आ० 817(अ), तारीख 25 अक्तूबर, 1993 द्वारा उपनियम (1ख) का लोप किया गया।
6. अधिसूचना सं० का०आ० 3874, तारीख 15 दिसम्बर, 1966 द्वारा कुछ शब्दों का लोप किया गया।

[1][(*4*) The registration officer shall, as soon as may be after the expiry of the period specified in sub-rule (*3*), consider the application and objections thereto, if any, received by him and shall, if satisfied, direct the inclusion, deletion, correction or transposition of entries in the roll, as may be necessary: Provided that when an application is rejected by the registration officer, he shall record in writing a brief statement of his reasons for such rejection.]

27. Appeals from orders [2]* under rule 26.**—[3][(*1*) Every appeal under section 24 shall be—

(*a*) in the form of a memorandum signed by the [4][appellant];

(*b*) accompanied by a copy of the order appealed from and [5][[6][a fee of five rupees] to be—

(*i*) paid by means of non-judicial stamps; or

(*ii*) deposited in a Government treasury or the Reserve Bank of India in favour of the chief electoral officer; or

(*iii*) paid in such other manner as may be directed by the Election Commission; and]

[7][(*c*) presented to the chief electoral officer within a period of fifteen days from the date of the order appealed from or sent by registered post so as to reach him within that period:]

[8][Provided that the chief electoral officer may condone the delay in the presentation of the appeal to him, if he is satisfied that the appellant had sufficient cause for not presenting it within the time prescribed.]

[9][(*1A*) Where the fee is deposited under clause (*b*) (*ii*) of sub-rule (*1*), the appellant shall enclose with the memorandum of appeal a Government treasury receipt in proof of the fee having been deposited.]

[10][(*2*) For the purposes of sub-rule (*1*), an appeal shall be deemed to have been presented to the chief electoral officer, when the memorandum of appeal is delivered by, or on behalf of, the appellant to the chief electoral officer himself or to any other officer appointed by him in this behalf.]

28. Identity cards for electors in notified constituencies [11]*.**—(*1*) The Election Commission may, with a view to preventing impersonation of electors and facilitating their identification at the time of poll, by notification in the Official Gazette of the State, direct that the provision of this rule shall apply to [12][any such constituency or part thereof] as may be specified in the notification.

(*2*) The registration officer for such notified constituency shall, as soon as may be, after the issue of the notification under sub-rule (*1*), arrange for the issue to every elector of an identity card prepared in accordance with the provisions of this rule.

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987, for sub-rule (*4*).
2. The words "rejecting applications" omitted by Notifn. No. S.O. 3874, dated the 15th December, 1966.
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 2315, dated the 21st September, 1961, for sub-rule (*1*).
4. Subs. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987, for "applicant".
5. Subs. by Notifn. No. S.O. 370, dated the 25th January, 1968, for certain words.
6. Subs. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987, for "a fee of one rupee".
7. Subs. by Notifn. No. S.O. 3874, dated the 15th December, 1966, for cl. (*c*).
8. Ins. by Notifn. No. S.O. 814(E), dated the 3rd September, 1987.
9. Ins. by Notifn. No. S.O. 370, dated the 25th January, 1968.
10. Subs. by Notifn. No. S.O. 3874, dated the 15th December, 1966, for sub-rule (*2*).
11. Certain words omitted by Notifn. No. S.O. 1505, dated the 21st April, 1969.
12. Subs., *ibid.*, for certain words.

[1][(4) यदि रजिस्ट्रीकरण आफिसर को कोई आवेदन या उसके आक्षेप प्राप्त हुए हों तो वह उपनियम (3) में विनिर्दिष्ट कालावधि के अवसान के पश्चात् यथा शक्यशीघ्र उन पर विचार करेगा और यदि उसका समाधान हो जाए तो, वह नामावली में जैसा आवश्यक हो, प्रविष्टियों के समावेश, निकाले जाने, संशोधन या अन्यत्र रखने का निदेश देगा:

[2][परन्तु जब रजिस्ट्रीकरण आफिसर किसी आवेदन को नामंजूर कर देता है तो वह ऐसे नामंजूर किए जाने के अपने कारणों का संक्षिप्त कथन लिखित रूप में अभिलिखित करेगा ।]

27. [3]*** **नियम 26 के अधीन आदेशों से अपीलें**— [4][(1) धारा 24 के अधीन हर अपील—

(क) [5][अपीलार्थी] द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन के रूप में,

(ख) अपीलित आदेश की प्रति के साथ [6] [7][(पांच रुपए की फीस सहित] जो कि—

(i) न्यायिकेतर स्टाम्पों के रूप में दी जाएगी; या

(ii) मुख्य निर्वाचन आफिसर के नाम में सरकारी खजाने में या भारतीय रिजर्व बैंक में जमा की जाएगी; या

(iii) ऐसी अन्य रीति में दी जाएगी जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे; और]

परन्तु यदि अभ्यर्थी का विचार है कि उसका नाम उसके नामनिर्देशन-पत्र में अशुद्ध हिज्जों में लिखा गया है या अन्यथा अशुद्ध रूप से दर्शित किया गया है, या उस नाम से भिन्न है, जिससे वह लोगों में जाना जाता है, तो वह निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को सूची के तैयार होने से पूर्व किसी भी समय रिटर्निंग आफिसर को अपने नाम का उचित रूप और हिज्जे लिखित रूप में देगा और रिटर्निंग आफिसर उस प्रार्थना के अवलोकन के बारे में अपना समाधान हो जाने पर प्ररूप 4 की सूची में आवश्यक शुद्धि या परिवर्तन करेगा और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में वही रूप और हिज्जे अंगीकृत करेगा।]

9. **अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना**---(1) धारा 37 की उपधारा (1) के अधीन अभ्यर्थिता वापस लेने की सूचना प्ररूप 5 में होगी और उसमें वे विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी जो उसमें उपवर्णित हैं और रिटर्निंग आफिसर ऐसी सूचना की प्राप्ति पर उसमें वह तारीख और वह समय जिस पर वह परिदत्त की गई थी, टीप लेगा।

(2) धारा 37 की उपधारा (3) के अधीन की सूचना प्ररूप 6 में होगी।

10. **निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की तैयारी**---(1) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची, जो धारा 38 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट है, प्ररूप 7क या प्ररूप 7ख में से जो भी समुचित हो, उसमें होगी और उसमें वे विशिष्टियां अन्तर्विष्ट होंगी जो उसमें उपवर्णित हैं और ऐसी भाषा या भाषाओं में तैयार की जाएंगी जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।

[4]* * * *

(3) यदि सूची एक से अधिक भाषाओं में तैयार की जाती है तो अभ्यर्थियों के उसमें नाम उन भाषाओं में से एक ऐसी भाषा की लिपि के वर्णक्रम से लिखे जाएंगे जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 1542, तारीख 25 अप्रैल, 1967 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 3450, तारीख 9 नवम्बर, 1966 द्वारा नियम 8 के स्थान पर प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा उपनियम (2) का लोप किया गया।

(*4*) At an election in a parliamentary or assembly constituency, where a poll becomes necessary, the returning officer shall consider the choice of symbols expressed by the contesting cadidates in their nomination papers and shall, subject to any general or special direction issued in this behalf by the Election Commission, —

(*a*) allot a different symbol to each contesting candidate in conformity, as far as practicable, with his choice; and

(*b*) If more contesting candidates than one have indicated their preference for the same symbol decide by lot to which of such candidates the symbol will be allotted.

(*5*) The allotment by the returning officer of any symbol to a candidate shall be final except where it is inconsistent with any directions issued by the Election Commission in this behalf in which case the Election Commission may revise the allotment in such manner as it thinks fit.

(*6*) Every candidate or his election agent shall forthwith be informed of the symbol allotted to the candidate and be supplied with a specimen thereof by the returning officer.

[1][11. **Publication of list of contesting candidates and declaration of result in uncontested election.**—(*1*) The returning officer shall, immediately after its preparation, cause a copy of the list of contesting candidates to be affixed in some conspicuous place in his office and where the number of contesting candidates is equal to, or less than, the number of seats to be filled, he shall, immediately after such affixation, declare under sub-section (*2*) or as the case may be, sub-section (*3*) of section 53 the result of the election in such one of the Forms 21 to 21B as may be appropriate and send signed copies of the declaration to the appropriate authority, the Election Commission and the chief electoral officer.

(*2*) If a poll becomes necessary under sub-section (*1*) of section 53, the returning officer shall supply a copy of the list of contesting candidates to each such candidate or his election agent, and then shall also publish the list in the Official Gazette.]

12. **Appointment of election agent.**—[2][(*1*) Any appointment of an election agent under section 40 shall be made in Form 8 and the notice of such appointment shall be given by forwarding the same in duplicate to the returning officer who shall return one copy thereof to the election agent after affixing thereon his seal and signature in token of his approval of the appointment.]

(*2*) The revocation of the appointment of an election agent under sub-section (*1*) of section 42 shall be made in Form 9.

13. **Appointment of polling agents.**—(*1*) The number of polling agents that may be appointed under section 46 shall be one agent and two relief agents.

(*2*) Every such appointment shall be made in Form 10 and shall be made over to the polling agent for production at the polling station or the place fixed for the poll, as the case may be.

(*3*) No polling agent shall be admitted into the polling station or the place fixed for the poll unless he has delivered to the presiding officer the instrument of his appointment under sub-rule (*2*) after duly completing and signing before the presiding officer the declaration contained therein.

14. **Revocation of the appointment of a polling agent.**—(*1*) The revocation of the appointment of a polling agent under sub-section (*1*) of section 48 shall be made in Form 11 and lodged with the presiding officer.

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 4542, dated the 20th December, 1968 (w.e.f. 1-1-1969).
2. Subs by Notifn. No. S.O. 3450, dated the 9th November, 1966, for sub-rule (*1*).

(4) संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र में के किसी निर्वाचन में जहां कि मतदान आवश्यक हो जाता है वहां निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा अपने नामनिर्देशन पत्रों में अभिव्यक्त किए गए प्रतीकों संबंधी चुनाव पर रिटर्निंग आफिसर विचार करेगा और निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त निकाले गए किसी साधारण या विशेष निदेश के अध्यधीन–

(क) निर्वाचन लड़ने वाले हर एक अभ्यर्थी को उसके अपने चुनाव के यथासाध्य अनुरूप भिन्न-भिन्न प्रतीक आवंटित करेगा; तथा

(ख) यदि निर्वाचन लड़ने वाले एक से अधिक अभ्यर्थियों ने एक ही प्रतीक के लिए अपना अधिमान उपदर्शित किया है तो लाट द्वारा यह विनिश्चय करेगा कि वह प्रतीक ऐसे अभ्यर्थियों में से किस को आवंटित किया जाए ;

(5) अभ्यर्थी को रिटर्निंग आफिसर द्वारा किसी प्रतीक का आवंटन वहां के सिवाय अन्तिम होगा जहां कि वह निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त निकाले गए किन्हीं निर्देशों से असंगत है और ऐसी दशा में निर्वाचन आयोग आवंटन को ऐसी रीति से पुनरीक्षित कर सकेगा जैसी वह ठीक समझता है ।

(6) हर अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को, अभ्यर्थी को आवंटित प्रतीक की इत्तिला तत्क्षण दी जाएगी और उसे रिटर्निंग आफिसर उसका एक नमूना भी देगा ।

[1][**11. निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन और निर्विरोध निर्वाचन की दशा में परिणाम की घोषणा**—(1) रिटर्निंग आफिसर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की तैयारी के पश्चात् तुरन्त उस सूची की एक प्रति अपने कार्यालय में किसी सहजदृश्य स्थान में लगवाएगा और जहां निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या भरे जाने वाले स्थानों की संख्या के बराबर या उससे कम हो, वहां वह सूची लगाने के ठीक पश्चात् धारा 53 की, यथास्थिति, उपधारा (2) या उपधारा (3) के अधीन निर्वाचन का परिणाम, प्ररूप 21 से 21ङ तक में से किसी ऐसे एक प्ररूप में, जो समुचित हो, घोषित करेगा और घोषणा की हस्ताक्षरित प्रतियां समुचित प्राधिकारी, निर्वाचन आयोग और मुख्य निर्वाचन आफिसर को भेजेगा ।

(2) यदि धारा 53 की उपधारा (1) के अधीन मतदान आवश्यक हो जाए तो रिटर्निंग आफिसर निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की एक प्रति ऐसे प्रत्येक अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को देगा और उस सूची को शासकीय राजपत्र में भी प्रकाशित करेगा ।]

12. निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति—[2][(1) धारा 40 के अधीन निर्वाचन अभिकर्ता की कोई नियुक्ति प्ररूप 8 में की जाएगी और ऐसी नियुक्ति की सूचना रिटर्निंग आफिसर को दो प्रतियों में भेजकर दी जाएगी जो उनमें से एक प्रति को उस पर उस नियुक्ति के अपने अनुमोदन के साक्ष्यस्वरूप अपनी मुद्रा लगाने और हस्ताक्षर करने के पश्चात् निर्वाचन अभिकर्ता को वापस कर देगा ।]

(2) निर्वाचन अभिकर्ता की नियुक्ति को धारा 42 की उपधारा (1) के अधीन प्रतिसंहरण प्ररूप 9 में किया जाएगा ।

13. मतदान अभिकर्ताओं की नियुक्ति—(1) जितने मतदान अभिकर्ता धारा 46 के अधीन नियुक्त किए जा सकेंगे, वे एक अभिकर्ता और दो अवमुक्ति अभिकर्ता होंगे ।

(2) हर ऐसी नियुक्ति प्ररूप 10 में की जाएगी और, यथास्थिति, मतदान केन्द्र या मतदान के लिए नियत स्थान में पेश की जाने के लिए मतदान अभिकर्ता को दे दी जाएगी ।

(3) जब तक कि किसी मतदान अभिकर्ता ने पीठासीन आफिसर के उपनियम (2) के अधीन वाली अपनी नियुक्ति की लिखत, उसमें अन्तर्विष्ट घोषणा को पीठासीन आफिसर के समक्ष सम्यक् रूप से पूर्ण हस्ताक्षरित करने के पश्चात्, परिदत्त न कर दी हो उसे मतदान केन्द्र या मतदान के लिए नियत स्थान में प्रवेश न करने दिया जाएगा ।

14. मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति का प्रतिसंहरण—(1) मतदान अभिकर्ता की नियुक्ति की धारा 48 की उपधारा (1) के अधीन प्रतिसंहरण प्ररूप 11 में किया जाएगा और पीठासीन आफिसर के पास दाखिल किया जाएगा।

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 4542, तारीख 20 दिसम्बर, 1968 द्वारा (1-1-1969 से) प्रतिस्थापित ।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 3450, तारीख 9 नवम्बर, 1966 द्वारा उपनियम (1) के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

(2) In the event of any such revocation the candidate or his election agent may, at any time before the poll is closed, make a fresh appointment in the manner specified in rule 13 and the provisions of that rule shall apply to every such agent.

15. Publication of the hours fixed for polling.—The hours fixed for polling under section 56 shall be published by notification in the Official Gazette.

16. Voting normally to be in person.—Save as hereinafter provided, all electors voting at an election shall do so in person at the polling station provided for them under section 25 or, as the case may be, at the place of polling fixed under section 29.

PART III

Postal ballot

17. Definitions.—In this Part,—

(*a*) "service voter" means any person who is required to give his vote by postal ballot under clause (*a*) of section 60;

(*b*) "special voter" means any person holding an office to which the provisions of sub-section (*4*) of section 20 of the Representation of the People Act, 1950 are declared to apply or the wife of such person, if he or she has been registered as an elector by virtue of a statement made under sub-section (*5*) of the said section;

(*c*) "voter on election duty" means any polling agent, any polling officer, presiding officer or other public servant, who is an elector in the constituency and is by reason of his being on election duty unable to vote as the polling station where he is entitled to vote.

18. Persons entitled to vote by post.—The following persons shall, subject to their fulfilling the requirements hereinafter specified, be entitled to vote by post, namely :—

(*a*) at an election in a parliamentary or assembly constituency—

(*i*) special voters;

(*ii*) service voters;

(*iii*) voters on election duty; and

(*iv*) electors subjected to preventive detention;

(*b*) at an election in a council constituency—

(*i*) voters on election duty;

(*ii*) electors subjected to preventive detention; and

(*iii*) electors in the whole or any specified parts, of the constituency if directed by the Election Commission in this behalf under clause (*b*) of rule 68;

(*c*) at an election by assembly members—

(*i*) electors subjected to preventive detention; and

(*ii*) all electors if directed by the Election Commission in this behalf under clause (*a*) of rule 68.

(2) अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता किसी ऐसे प्रतिसंहरण को दशा में नई नियुक्ति मतदान बन्द होने के पहले किसी भी समय नियम 13 में विनिर्दिष्ट रीति से कर सकेगा और हर ऐसे अभिकर्ता को उस नियम के उपबन्ध लागू होंगे।

15. मतदान के लिए नियत समय का प्रकाशन—मतदान के लिए धारा 56 के अधीन नियत समय शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाएगा।

16. मत प्रसामान्यतः स्वयं दिए जाएंगे—यथा एतस्मिन्पश्चात् उपबन्धित के सिवाय निर्वाचन में मत देने वाले सब निर्वाचक, यथास्थिति, धारा 25 के अधीन अपने लिए उपबन्धित किए गए मतदान केन्द्र में या धारा 29 के अधीन नियत मतदान के स्थान पर स्वयं मत देंगे।

भाग 3

डाक-मतपत्र

17. परिभाषाएं—इस भाग में—

(क) "सेवा नियोजित मतदाता" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो धारा 60 के खण्ड (क) के अधीन डाक-मतपत्र द्वारा अपना मत देने के लिए अपेक्षित है;

(ख) "विशेष मतदाता" से ऐसे पद का धारक कोई व्यक्ति जिस पद की बाबत यह घोषणा की गई है कि उसको लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20 की उपधारा (4) के उपबन्ध लागू हैं या ऐसे व्यक्ति की पत्नी अभिप्रेत है, यदि वह व्यक्ति या उसकी पत्नी उक्त धारा की उपधारा (5) के अधीन किए गए कथन के आधार पर निर्वाचक के रूप में रजिस्ट्रीकृत है ;

(ग) "निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाता" से मतदान अभिकर्ता, कोई मतदान आफिसर, पीठासीन आफिसर या अन्य लोक सेवक अभिप्रेत है जो निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचक है और निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ होने के कारण उस मतदान केन्द्र से मत देने में असमर्थ है जहां कि वह मत देने का हकदार है।

18. डाक द्वारा मत देने के हकदार व्यक्ति—एतस्मिनपश्चात् विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं की पूर्ति करने के अध्यधीन रहते हुए निम्नलिखित व्यक्ति, अर्थात् :—

(क) (i) विशेष मतदाता;

(ii) सेवा नियोजित मतदाता;

(iii) निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाता; तथा

(iv) निवारक निरोध के अध्यधीन निर्वाचक;

संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र में होने वाले निर्वाचन में—

(ख) (i) निर्वाचन कर्तव्यारूढ़ मतदाता;

(ii) निवारक निरोध के अध्यधीन निर्वाचक; तथा

(iii) निर्वाचन-क्षेत्र के संपूर्ण या किन्हीं विनिर्दिष्ट भागों में निर्वाचक उस सूरत में जिसमें कि नियम 68 के खण्ड (ख) के अधीन इस निमित्त निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट हो ;

परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र में होने वाले निर्वाचन में—

(ग) (i) निवारक निरोध के अध्यधीन निर्वाचक; तथा

(ii) सब निर्वाचक उस दशा में, जिसमें कि नियम 68 के खण्ड (क) के अधीन इस निमित्त निर्वाचन आयोग द्वारा निर्दिष्ट हों,

सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन में,

डाक द्वारा मत देने के हकदार होंगे।

19. Intimation by special voters.—A special voter who wishes to vote by post at an election shall send an intimation in Form 12 to the returning officer so as to reach him at least ten days before the date of poll; and on receipt of the intimation the returning officer shall issue a postal ballot paper to him.

20. Intimation by voters on election duty.—[1][(*1*)] A voter on election duty who wishes to vote by post at an election shall send an application in Form 12 to the returning officer so as to reach him at least seven days or such shorter period as the returning officer may allow before the date of poll; and if the returning officer is satisfied that the applicant is a voter on election duty, he shall issue a postal ballot paper to him.

[2][(*2*) Where such voter, being a polling officer, presiding officer or other public servant on election duty in the constituency of which he is an elector, wishes to vote in person at an election [3][in a parliamentary or assembly constituency] and not by post, he shall send an application in Form 12A to the returning officer so as to reach him at least four days, or such shorter period as the returning officer may allow, before the date of poll; and if the returning officer is satisfied that the applicant is such public servant and voter on election duty in the constituency, he shall—

(*a*) issue to the applicant an election duty certificate in Form 12B,

(*b*) mark 'EDC' against his name in the marked copy of the electoral roll to indicate that an election duty certificate has been issued to him, and

(*c*) ensure that he is not allowed to vote at the polling station where he would otherwise have been entitled to vote.]

21. Electors under preventive detention.—(*1*) The appropriate Government shall, within 15 days of the calling of an election, ascertain and intimate to the returning officer the names of the electors, if any, subjected to preventive detention together with their addresses and electoral roll numbers and the particulars about their places of detention.

(*2*) Any elector subjected to preventive detention may, within 15 days of the calling of an election, send an intimation to the returning officer that he wishes to vote by post, specifying his name, address, electoral roll number and place of detention.

(*3*) The returning officer shall issue a postal ballot paper to every elector subjected to preventive detention whose name has been intimated to him under sub-rule (*1*) or under sub-rule (*2*).

22. Form of ballot paper.—[4][(*1*) Every postal ballot paper shall have a counterfoil attached thereto, and the said ballot paper and the counterfoil shall be in such form, and the particulars therein shall be in such language or languages, as the Election Commission may direct.]

(*2*) The names of the candidates shall be arranged [5][on the postal ballot paper] in the order in which they appear in the list of contesting candidates.

(*3*) If two or more candidates bear the same name, they shall be distinguished by the addition of their occupation or residence or in some other manner.

23. Issue of ballot paper.—(*1*) A postal ballot paper shall be sent by post under certificate of posting to the elector together with—

(*a*) a declaration in Form 13A;

1. Rule 20 renumbered as sub-rule (1) of that rule by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964.
2. Ins., *ibid.*
3. Ins. by Notifn. No. S.O. 3450, dated the 9th November, 1966.
4. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971, for sub-rule (*1*).
5. Ins., *ibid.*

19. विशेष मतदाताओं द्वारा प्रज्ञापना—जो विशेष मतदाता निर्वाचन में डाक द्वारा मत देना चाहता है वह रिटर्निंग आफिसर को प्ररूप 12 में प्रज्ञापना ऐसे भेजेगा कि वह मतदान की तारीख से कम से कम दस दिन पहले उसके पास पहुंच जाए और प्रज्ञापना के प्राप्त होने पर रिटर्निंग आफिसर उसे एक डाक-मतपत्र भेज देगा।

20. निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाताओं द्वारा प्रज्ञापना—[1][(1)] जो निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाता निर्वाचन में डाक द्वारा मत देना चाहता है वह रिटर्निंग आफिसर को प्ररूप 12 में आवेदन ऐसे भेजेगा कि वह मतदान की तारीख से कम से कम सात दिन या ऐसी अल्पतर कालावधि से जैसी रिटर्निंग आफिसर अनुज्ञात करे, पहले उसके पास पहुंच जाए, और यदि रिटर्निंग आफिसर का समाधान हो जाता है कि आवेदक निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाता है तो वह उसे एक डाक-मतपत्र जारी कर देगा।

[2][(2) जहां कि ऐसा मतदाता, उस निर्वाचन-क्षेत्र में जिसका वह निर्वाचक है, निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदान आफिसर, पीठासीन आफिसर या अन्य लोक सेवक होते हुए, [3][संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र में] के निर्वाचन में स्वयं, न कि डाक द्वारा मत देना चाहता है, वहां वह रिटर्निंग आफिसर को प्ररूप 12क में आवेदन ऐसे भेजेगा कि वह मतदान की तारीख से कम से कम चार दिन या ऐसी अल्पतर कालावधि से, जैसी रिटर्निंग आफिसर अनुज्ञात करे पहले उसके पास पहुंच जाए, और यदि रिटर्निंग आफिसर का समाधान हो जाता है कि आवेदक उस निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ ऐसा लोक सेवक और मतदाता है तो वह —

(क) आवेदक को प्ररूप 12ख में निर्वाचन-कर्तव्य प्रमाणपत्र जारी कर देगा,

(ख) निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में उसके नाम के सामने "नि०क०प्र०" यह उपदर्शित करने के लिए अंकित करेगा कि उसे निर्वाचन-कर्तव्य प्रमाणपत्र जारी कर दिया गया है, तथा

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि वह उस मतदान केन्द्र पर, जिस पर वह मत देने के लिए अन्यथा हकदार होता, मत देने के लिए अनुज्ञात न किया जाए।]

21. निवारक निरोध के अधीन निर्वाचक—(1) समुचित सरकार निर्वाचन के समाहूत किए जाने के पन्द्रह दिन के अन्दर, उन निर्वाचकों के, यदि कोई हों, नाम जो निवारक निरोध के अध्यधीन हैं, उनके पतों और निर्वाचक नामावली संख्यांकों तथा उनके निरोध के स्थानों की विशिष्टियों के सहित अभिनिश्चित करेगी और रिटर्निंग आफिसर को प्रज्ञापित करेगी।

(2) निवारक निरोध के अध्यधीन कोई निर्वाचक के समाहूत किए जाने के पन्द्रह दिन के अन्दर अपना नाम, पता, निर्वाचक नामावली संख्यांक और निरोध के स्थान पर का विनिर्देश करते हुए रिटर्निंग आफिसर को यह प्रज्ञापना भेज सकेगा कि मैं डाक द्वारा मत देना चाहता हूं।

(3) निवारक निरोध के अध्यधीन हर निर्वाचक को, जिसके नाम की प्रज्ञापना रिटर्निंग आफिसर को उपनियम (1) के अधीन या उपनियम (2) के अधीन दी गई है रिटर्निंग आफिसर एक डाक-मतपत्र जारी कर देगा।

22. मतपत्र का प्ररूप—[4][(1) प्रत्येक डाक-मतपत्र के साथ एक प्रतिपर्ण संलग्न होगा और उक्त मतपत्र और प्रतिपर्ण ऐसे प्ररूप में होंगे और उनमें की विशिष्टियां ऐसी भाषा या भाषाओं में होंगी, जैसा या जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।]

(2) अभ्यर्थियों के नाम [5][डाक-मतपत्र पर] उसी क्रम से लिखे होंगे जिसमें वे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में दर्ज हैं।

(3) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों का एक ही नाम है तो उनकी उपजीविका या निवास-स्थान को जोड़कर या किसी अन्य रीति में उनको सुभिन्न किया जाएगा।

23. मतपत्रों का जारी किया जाना—(1) डाक प्रेषण प्रमाणपत्र के अधीन डाक द्वारा डाक-मतपत्र निर्वाचक को भेजा जाएगा, जिसके साथ—

(क) प्ररूप 13क में घोषणा;

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा नियम 20 को उपनियम (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया गया।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा अन्तःस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 3450, तारीख 9 नवम्बर, 1966 द्वारा अन्तःस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा उपनियम (1) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
5. पूर्वोक्त द्वारा अन्तःस्थापित।

(*b*) a cover in Form 13B:

(*c*) a large cover addressed to the returning officer in Form 13C; and

(*d*) instructions for the guidance of the elector in Form 13D:

Provided that the returning officer may, in the case of a special voter or a voter on election duty, deliver the ballot paper and forms, or cause them to be delivered, to such voter personally

[1][(*2*) The returning officer shall at the same time—

(*a*) record on the counterfoil of the ballot paper the electoral roll number of the elector as entered in the marked copy of the electoral roll;

(*b*) mark the name of the elector in the marked copy of the electoral roll to indicate that a ballot paper has been issued to him, without however recording therein the serial number of the ballot paper issued to that elector; and

(*c*) ensure that that elector is not allowed to vote at a polling station.]

(*3*) Before any ballot paper is issued to an elector at an election in a local authorities' constituency or by assembly members, the serial number of the ballot paper shall be effectively concealed in such manner as the Election Commission may direct.

(*4*) Every officer under whose care or through whom a postal ballot paper is sent shall ensure its delivery to the addressee without delay.

(*5*) After ballot papers have been issued to all the electors entitled to vote by post, the returning officer shall—

(*a*) at an election in a parliamentary or assembly constituency, seal up in a packet that part of the marked copy of the electoral roll which relates to service voters and record on the packet a brief description of its contents and the date on which it was sealed and send the other relevant parts of the marked copy to the several presiding officers [2][or marking the names of electors to whom ballot papers are issued at the polling stations without however recording therein the serial numbers of the ballot papers issued to the electors]; and

(*b*) at any other election, seal up in a packet the marked copy of the electoral roll and record on the packet a brief description of its contents and the date on which it is sealed.

[3][(*6*) The returning officer shall also seal up in a separate packet the counterfoils of the ballot papers issued to electors entitled to vote by post and record on the packet a brief description of its contents and the date on which it was sealed.]

24. Recording of Vote.—(*1*) An elector who has received a postal ballot paper and desires to vote shall record his vote on the ballot paper in accordance with the directions contained in Part I of Form 13D and then enclose it in the cover in Form 13B.

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971, for sub-rule (*2*).
2. Subs. *ibid.*
3. Ins., *ibid.*

(ख) प्ररूप 13ख में लिफाफा ;

(ग) प्ररूप 13ग में रिटर्निंग आफिसर को सम्बोधित बड़ा लिफाफा; तथा

(घ) निर्वाचक के मार्गदर्शन के लिए प्ररूप 13घ में अनुदेश,

भी होंगे :

परन्तु रिटर्निंग आफिसर विशेष मतदाता या निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाता की दशा में मतपत्र और प्ररूप स्वयं ऐसे मतदाता को परिदत्त कर सकेगा या परिदत्त करा सकेगा ।

[1][(2) रिटर्निंग आफिसर उसी समय—

(क) मतपत्र के प्रतिपर्ण पर निर्वाचक की वह निर्वाचक नामावली संख्या अभिलिखित करेगा जो निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में प्रविष्ट है;

(ख) निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में, निर्वाचक का नाम यह उपदर्शित करने के लिए चिह्नित करेगा कि उसे मतपत्र दिया गया है किन्तु वह उस निर्वाचक को दिए गए मतपत्र का क्रम संख्यांक उसमें अभिलिखित नहीं करेगा; और

(ग) यह सुनिश्चित करेगा कि वह निर्वाचक मतदान केन्द्र में मत देने के लिए अनुज्ञात न किया जाए ।]

(3) स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन-क्षेत्र में या सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन में निर्वाचक को कोई मतपत्र जारी करने के पहले मतपत्र का क्रम संख्यांक प्रभावपूर्ण रूप में ऐसी रीति से छिपाया जाएगा जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे ।

(4) हर आफिसर, जिसकी देखरेख में या जिसके द्वारा डाक-मतपत्र भेजा जाता है, यह सुनिश्चित करेगा कि वह मतपत्र सम्बोधित व्यक्ति को अविलम्ब परिदत्त कर दिया जाए ।

(5) डाक द्वारा मत देने के लिए हकदार सब निर्वाचकों को मतपत्र जारी कर दिए जाने के पश्चात् रिटर्निंग आफिसर—

(क) संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र में के निर्वाचन में निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति के उस भाग को जो सेवा-नियोजित मतदाताओं से सम्बद्ध है एक पैकेट में रखकर मुद्राबन्द करेगा और उसकी अन्तर्वस्तुओं का संक्षिप्त वर्णन और वह तारीख, जिसको वह मुद्राबन्द किया गया है, पैकेट पर अभिलिखित करेगा और चिह्नित प्रति के अन्य सुसंगत भाग ऐसे [2][निर्वाचकों के नाम, जिन्हें मतदान केन्द्रों में मतपत्र, दिए गए हैं, निर्वाचकों को दिए गए मतपत्रों के क्रम संख्यांक उनमें अभिलिखित किए बिना, चिह्नित करने के लिए] विभिन्न पीठासीन आफिसरों को भेजेगा; तथा

(ख) किसी अन्य निर्वाचन में निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति को एक पैकेट में रखकर मुद्राबन्द करेगा और उसकी अन्तर्वस्तुओं का संक्षिप्त वर्णन और वह तारीख जिसको वह मुद्राबन्द किया गया है, पैकेट पर अभिलिखित करेगा ।

[3][(6) रिटर्निंग आफिसर डाक द्वारा मतदान करने के लिए हकदार निर्वाचकों को दिए गए मतपत्रों के प्रतिपर्णों को क अलग पैकेट में मुद्राबन्द भी करेगा और पैकेट पर उसकी अन्तर्वस्तु का संक्षिप्त वर्णन और वह तारीख अभिलिखित करेगा जिसको मुद्राबन्द किया गया था ।]

24. मत का अभिलेखन—(1) जिस निर्वाचक को डाक-मतपत्र प्राप्त हुआ है और जो मत देना चाहता है वह मतपत्र पर अपना मत प्ररूप 13घ के भाग 1 में अन्तर्विष्ट निदेशों के अनुसार अभिलिखित करेगा और वह तब उसे प्ररूप 13क वाले लिफाफे में बन्द करेगा ।

---

1. अधिसूचना सं० का०आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा उपनियम (2) के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

2. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा प्रतिस्थापित ।

3. पूर्वोक्त द्वारा अन्तःस्थापित ।

(*2*) The elector shall sign the declaration in Form 13A in the presence of, and have the signature attested by, a stipendiary magistrate or such other officer specified below, as may be appropriate, to whom he is personally known or to whose satisfaction he has been identified—

(*a*) in the case of a service voter, such officer as may be appointed in this behalf by the Commanding Officer of the unit, ship or establishment in which the voter or her husband, as the case may be, is employed or such officer as may be appointed in this behalf by the diplomatic or consular representative of India in the country in which such voter is resident;

(*b*) in the case of a special voter, an officer not below the rank of a Deputy Secretary to Government;

(*c*) in the case of a voter on election duty, any gazetted officer [1][or the presiding officer of the polling station at which he is on election duty];

(*d*) in the case of an elector under preventive detention, the Superintendent of the Jail or the Commandant of the detention camp in which the elector is under detention; and

(*e*) in any other case, such officer as may be notified in this behalf by the Election Commission.

25. Assistance to illiterate or infirm voters.—(*1*) If an elector is unable through illiteracy, blindness or other physical infirmity to record his vote on a postal ballot paper and sign the declaration, he shall take the ballot paper, together with the declaration and the covers received by him to an officer competent to attest his signature under sub-rule (*2*) of rule 24 and request the officer to record his vote and sign his declaration on his behalf.

(*2*) Such officer shall thereupon mark the ballot paper in accordance with the wishes of the elector in his presence, sign the declaration on his behalf and complete the appropriate certificate contained in Form 13A.

26. Re-issue of ballot paper.—(*1*) When a postal ballot paper and other papers sent under rule 23 are for any reason returned undelivered, the returning officer may re-issue them by post under certificate of posting or deliver them or cause them to be delivered to the elector personally on a request being made by him.

(*2*) If any elector has inadvertently dealt with the ballot paper or any of the other papers sent to him under rule 23 in such a manner that they cannot conveniently be used, a second set of the papers shall be issued to him after he has returned the spoiled papers and satisfied the returning officer of the inadvertence.

(*3*) The returning officer shall cancel the spoiled papers so returned and keep them in a separate packet after noting thereon the particulars of the election and the serial numbers of the cancelled ballot papers.

27. Return of ballot paper.—(*1*) After an elector has recorded his vote and made his declaration under rule 24 or rule 25, he shall return the ballot paper and declaration to the returning officer in accordance with the instructions communicated to him in Part II of Form 13D so as to reach the returning officer before [2][the hour fixed for the commencement of counting of votes].

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 3450, dated the 9th November, 1966.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 479A dated the 27th January, 1971, for certain words.

(2) जो साम्पलिक मजिस्ट्रेट या नीचे विनिर्दिष्ट अन्य आफिसरों में से जो भी समुचित आफिसर निर्वाचक को स्वयं जानता है या जिसके समक्ष निर्वाचक समाधानप्रद रूप में पहचाना गया है उस मजिस्ट्रेट की या उस अन्य समुचित आफिसर की, अर्थात्—

(क) सेवा नियोजित मतदाता की दशा में, उस आफिसर की, जो उस यूनिट, पोत या स्थापन के कमान आफिसर द्वारा इस निमित्त नियुक्त किया जाए, जिसमें, यथास्थिति, मतदाता या उसका पति नियोजित है या उस आफिसर को, उस देश में, जिसमें ऐसा मतदाता निवासी है, भारत के राजनयिक या कौंसलीय प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त इस निमित्त नियुक्त किया जाए;

(ख) विशेष मतदाता की दशा में, उस आफिसर की जो सरकार के उपसचिव की पंक्ति से नीचे की पंक्ति का नहीं है;

(ग) निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ मतदाता की दशा में किसी राजपत्रित आफिसर की [1][या उस मतदान केन्द्र के पीठासीन आफिसर की जिस पर वह निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ है];

(घ) निवारक निरोध के अधीन निर्वाचक की दशा में उस जेल के अधीक्षक या उस निरोध शिविर के समादेशक की, जिसमें वह निर्वाचक निरोधाधीन है; तथा

(ङ) किसी अन्य दशा में, उस आफिसर की जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त अधिसूचित किया जाए, उपस्थिति में निर्वाचक प्ररूप 13क वाली घोषणा पर हस्ताक्षर करेगा और उसमें अपने हस्ताक्षर को उसके द्वारा अनुप्रमाणित करा देगा ।

25. निरक्षर या शिथिलांग मतदाताओं की सहायता—(1) यदि निर्वाचक निरक्षरता, अन्धेपन या अन्य शारीरिक अंग-शैथिल्य के कारण अपना मत डाक-मतपत्र पर अभिलिखित करने में और घोषणा हस्ताक्षरित करने में असमर्थ है तो वह अपने द्वारा प्राप्त घोषणा और लिफाफों के सहित मतपत्र, नियम 24 के उपनियम (2) के अधीन अपने हस्ताक्षर को अनुप्रमाणित करने के लिए, सक्षम आफिसर के पास ले जाएगा और उस आफिसर से प्रार्थना करेगा कि वह उसकी ओर से उसका मत अभिलिखित करे और उसकी घोषणा हस्ताक्षरित करे

(2) ऐसा आफिसर तदुपरि मतपत्र को निर्वाचक की इच्छा के अनुसार उसकी उपस्थिति में चिह्नित करेगा, उसकी ओर से घोषणा हस्ताक्षरित करेगा और प्ररूप 13क में अंतर्विष्ट समुचित प्रमाणपत्र भर कर पूरा करेगा ।

26. मतपत्र का पुनः जारी किया जाना—(1) जबकि नियम 23 के अधीन भेजे गए डाक-मतपत्र और अन्य कागजपत्र किसी कारणवश अपरिदत्त लौटा दिए गए हों तब रिटर्निंग आफिसर उसे प्रार्थना किए जाने पर उन्हें डाक प्रेषण प्रमाणपत्र के अधीन डाक द्वारा फिर उन्हें भेज सकेगा या स्वयं निर्वाचक को उन्हें परिदत्त कर सकेगा या परिदत्त करा सकेगा ।

(2) यदि किसी निर्वाचक ने अनवधानता से मतपत्र या अन्य कागजपत्रों में से किसी से, जो उसे नियम 23 के अधीन भेजे गए हैं, ऐसी रीति से बरता है कि वे सुविधानुसार उपयोग में नहीं लाए जा सकते तो कागजपत्रों का एक दूसरा संवर्ग खराब हुए कागजपत्रों को निर्वाचक द्वारा लौटाए जाने और रिटर्निंग आफिसर का समाधान अनवधानता के बारे में किए जाने पर उसे जारी कर दिया जाएगा ।

(3) रिटर्निंग आफिसर ऐसे लौटाए गए खराब कागजपत्रों को रद्द करेगा और निर्वाचन को विशिष्टियों और रद्द किए गए मतपत्रों के क्रम संख्यांकों को उस पर टिप्पण कर उन्हें पृथक् पैकेट में रखेगा ।

27. मतपत्र लौटाना—(1) निर्वाचक अपना मत अभिलिखित करने और नियम 24 या नियम 25 के अधीन अपनी घोषणा करने के पश्चात् वह मतपत्र और घोषणा रिटर्निंग आफिसर को उन अनुदेशों के अनुसार जो उसे प्ररूप 13घ के भाग 2 में संसूचित किए गए हैं, ऐसे लौटा देगा कि वे रिटर्निंग आफिसर के पास [2][मतगणना के प्रारंभ के लिए नियत] समय से पहले पहुंच जाएं ।

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3450, तारीख 9 नवम्बर, 1966 द्वारा अन्तःस्थापित ।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 479क, तारीख 27 जनवरी, 1971 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित ।

(*2*) If any cover containing a postal ballot paper is received by the returning officer after the expiry of the time fixed in sub-rule (*1*), he shall note thereon the date and time of its receipt and shall keep all such covers together in a separate packet.

(*3*) The returning officer shall keep in safe custody until the commencement of the counting of votes all covers containing postal ballot papers received by him.

PART IV

Voting in Parliamentary and Assembly Constituencies

[1][CHAPTER I
VOTING BY BALLOT]

28. **Definitions.**—[2][In this Chapter and Chapter II], unless the context otherwise requires,—

(*a*) "candidate" means a contesting candidate;

(*b*) "constituency" means a parliamentary or assembly constituency; and

(*c*) "polling agent", in relation to a polling station, means a polling agent of a candidate duly appointed under section 46 for the polling station and includes a candidate and the election agent of a candidate when present at the polling station.

29. Design of ballot boxes.—Every ballot box shall be of such design as may be approved by the Election Commission.

30. Form of ballot papers.—[3][(*1*) Every ballot paper shall have a counterfoil attached thereto, and the said ballot paper and the counterfoil shall be in such form, and the particulars therein shall be in such language or languages, as the Election Commission may direct.]

(*2*) The names of the candidates shall be arranged on the ballot paper in the same order in which they appear in the list of contesting candidates.

(*3*) If two or more candidates bear the same name, they shall be distinguished by the addition of their occupation or residence or in some other manner.

31. Arrangements at polling stations.—(*1*) Outside each polling station there shall be displayed prominently—

(*a*) a notice specifying the polling area the electors of which are entitled to vote at the polling station and, when the polling area has more than one polling station, the particulars of the electors so entitled; and

(*b*) a copy of the list of contesting candidates.

(*2*) At each polling station, there shall be set up [4][one or more voting compartments] in which electors can record their votes screened from observation.

(*3*) The returning officer shall provide at each polling station a sufficient number of ballot boxes, copies of the relevant part of the electoral roll, ballot papers, instruments for stamping the distinguishing mark on ballot papers and articles, necessary for electors to mark the ballot papers.

32. Admission to polling stations.—The presiding officer shall regulate the number of electors, to be admitted at any one time inside the polling station and shall exclude therefrom all persons other than—

(*a*) polling officers;

---

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 230 (E), dated 24th March, 1992.
2. Subs. ibid., for certain words.
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.
4. Subs. ibid., for certain words.

(2) यदि डाक-मतपत्र अन्तर्विष्ट रखने वाला कोई लिफाफा रिटर्निंग आफिसर को उस समय के अवसान के पश्चात् जो उपनियम (1) के अधीन नियत है, प्राप्त होता है तो वह उसकी प्राप्ति की तारीख और समय उस पर टीप लेगा और सब ऐसे लिफाफों को एक साथ पृथक् पैकेट में रखेगा।

(3) रिटर्निंग आफिसर डाक-मतपत्रों को अन्तर्विष्ट रखने वाले सब लिफाफों को, जो उसे प्राप्त हुए हैं, पतों की गणना के प्रारंभ होने तक सुरक्षित अभिरक्षा में रखेगा।

भाग 4

संसदीय और सभा निर्वाचन-क्षेत्रों में मतदान

[1][अध्याय 1
मतपत्र द्वारा मतदान]

28. **परिभाषाएं**—[2][इस अध्याय और अध्याय 2 में] जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अभ्यर्थी" से निर्वाचन लड़ने वाला अभ्यर्थी अभिप्रेत है,

(ख) "निर्वाचन-क्षेत्र" से संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र अभिप्रेत है, तथा

(ग) "मतदान अभिकर्ता" से मतदान केन्द्र के सम्बन्ध में उस मतदान केन्द्र के लिए धारा 46 के अधीन सम्यक् रूप से नियुक्त अभ्यर्थी का मतदान अभिकर्ता अभिप्रेत है और अभ्यर्थी और अभ्यर्थी का निर्वाचन अभिकर्ता तब इसके अन्तर्गत आते हैं जबकि वे उस मतदान केन्द्र में उपस्थित हैं।

29. **मतपेटियों का परिकल्प**—हर मतपेटी ऐसे परिकल्प की होगी जैसा निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित किया जाए।

30. **मतपत्रों का प्ररूप**—[3][(1) प्रत्येक मतपत्र के साथ एक प्रतिपर्ण संलग्न होगा और उक्त मतपत्र और प्रतिपर्ण ऐसे प्ररूप में होंगे और उनमें की विशिष्टियां ऐसी भाषा या भाषाओं में होंगी जैसा या जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।]

(2) अभ्यर्थियों के नाम मतपत्र में उसी क्रम से लिखे होंगे जिसमें वे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में दर्ज हैं।

(3) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों का एक ही नाम है तो उनको उपजीविका या निवास-स्थान को जोड़कर या किसी अन्य रीति में उनको सुभिन्न किया जाएगा।

31. **मतदान केन्द्रों में इंतजाम**—(1) हर एक मतदान केन्द्र के बाहर—

(क) उस मतदान क्षेत्र को, जिसके मतदाता उस मतदान केन्द्र में मत देने के लिए हकदार हैं, और जबकि मतदान क्षेत्र में एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं तब ऐसे हकदार निर्वाचकों की विशिष्टियां, विनिर्दिष्ट करने वाली सूचना, तथा

(ख) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की एक प्रति,

संलक्ष्यतः सम्प्रदर्शित की जाएगी।

(2) हर एक मतदान केन्द्र में [4][एक या अधिक मतदान कोष्ठ] स्थापित किए जाएंगे जिनमें निर्वाचक परदे के पीछे रहकर संप्रेक्षित हुए बिना अपने मत दे सकेंगे।

(3) रिटर्निंग आफिसर हर एक मतदान केन्द्र में पर्याप्त संख्या में मतपेटियां, निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग की प्रतियां, मतपत्र, मतपत्रों पर सुभिन्नक चिह्न मुद्रांकित करने के लिए उपकरण और मतपत्रों को चिह्नित करने के लिए निर्वाचकों के लिए आवश्यक चीजें उपबन्धित करेगा।

32. **मतदान केन्द्रों में प्रवेश**—पीठासीन आफिसर निर्वाचकों को उस संख्या को विनियमित करेगा जिस संख्या में वे मतदान केन्द्र के अन्दर एक ही समय प्रवेश कर सकेंगे, तथा—

(क) मतदान आफिसरों के;

---

1. अधिसूचना सं० का०आ० 230(अ), तारीख 24 मार्च, 1992 द्वारा अंतःस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का०आ० 230(अ), तारीख 24 मार्च, 1992 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का०आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. पूर्वोक्त द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।

(*b*) public servants on duty in connection with the election;

(*c*) persons authorised by the Election Commission;

(*d*) candidates, their election agents and subject to the provisions of rule 13, one polling agent of each candidate;

(*e*) a child in arms accompanying an elector;

(*f*) a person accompanying a blind or infirm elector who cannot move without help; and

(*g*) such other persons as the returning officer or the presiding officer may employ under sub-rule (*2*) of rule 34 or sub-rule (*1*) of rule 35.

33. Preparation of ballot boxes for poll.—(*1*) Where a paper seal is used for securing a ballot box, the presiding officer shall affix his own signature on the paper seal and obtain thereon the signatures of such of the polling agents present as are desirous of affixing the same.

(*2*) The presiding officer shall thereafter fix the paper seal so signed in the space meant therefor in the ballot box and shall then secure and seal the box in such manner that the slit for the insertion of ballot paper thereinto remains open.

(*3*) The seals used for securing a ballot box shall be affixed in such manner that after the box has been closed it is not possible to open it without breaking the seals.

(*4*) Where it is not necessary to use paper seals for securing the ballot boxes, the presiding officer shall secure and seal the ballot box in such manner that the slit for the insertion of ballot papers remains open and shall allow the polling agents present to affix, if they so desire, their seals.

(*5*) Every ballot box used at a polling station shall bear lables, both inside and outside, marked with—

(*a*) the serial number, if any, and name of the constituency;

(*b*) the serial number and name of the polling station;

(*c*) the serial number of the ballot box (to be filled in at the end of the poll on the label outside the ballot box only); and

(*d*) the date of poll.

(*6*) Immediately before the commencement of the poll, the presiding officer shall demonstrate to the polling agents and other persons present that the ballot box is empty and bears the labels referred to in sub-rule (*5*).

(*7*) The ballot box shall then be closed, sealed and secured and placed in full view of the presiding officer and the polling agents.

[1][**33A. Marked copy of electoral roll.**—Immediately before the commencement of the poll the presiding officer shall also demonstrate to the polling agents and others present that the

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.

(ख) निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यारूढ़ लोक सेवकों के;

(ग) निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों के;

(घ) अभ्यर्थियों, उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं और नियम 13 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए हर एक अभ्यर्थी के एक मतदान अभिकर्ता के;

(ङ) निर्वाचक के साथ गोद वाले बालक के;

(च) अन्धे या शिथिलांग निर्वाचक के जो सहायता के बिना चल फिर नहीं सकता, साथ वाले व्यक्ति के; तथा

(छ) ऐसे अन्य व्यक्तियों के जिन्हें, रिटर्निंग आफिसर या पीठासीन आफिसर नियम 34 के उपनियम (2) या नियम 35 के उपनियम (1) के अधीन नियोजित करे,

सिवाय, सब अन्य व्यक्ति वहां से अपवर्जित करेगा ।

33. मतदान के लिए मतपेटियों का तैयार किया जाना—(1) जहां तक कि मतपेटी को सुरक्षित रूप से बन्द कराने के लिए पत्र-मुद्रा का उपयोग किया जाता है, वहां पीठासीन आफिसर पत्र-मुद्रा पर अपने हस्ताक्षर अंकित करेगा और उस पर उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं में से ऐसों के हस्ताक्षर कराएगा जैसा उन्हें अंकित करने की वांछा रखते हों ।

(2) पीठासीन आफिसर ऐसी हस्ताक्षरित पत्र-मुद्रा को मतपेटी में उसके लिए अभिप्रेत स्थान में तत्पश्चात् लगाएगा और मतपेटी को तब ऐसी रीति में सुरक्षित रूप से बन्द और मुद्रांकित करेगा कि मतपत्र को उसके अन्दर घुसाने के लिए छेद खुला रहे ।

(3) मतपेटी को सुरक्षित रूप से बन्द करने के लिए उपयोग में लाई गई मुद्राएं ऐसी रीति में लगाई जाएंगी कि पेटी का बन्द कर देने के पश्चात् मुद्राओं को तोड़े बिना पेटी का खोलना संभव न हो।

(4) जहां कि यह आवश्यक नहीं है कि मतपेटियों को सुरक्षित रूप से बन्द करने के लिए पत्र-मुद्राओं का उपयोग किया जाए वहां पीठासीन आफिसर मतपेटी को ऐसी रीति में सुरक्षित रूप से बन्द और मुद्रांकित करेगा कि मतपत्रों को उसके अन्दर घुसाने के लिए छेद खुला रहे और यदि उपस्थित मतदान अभिकर्ता ऐसा करने की वांछा करें तो उन्हें अपनी-अपनी मुद्रा उस पर लगाने की अनुज्ञा देगा ।

(5) मतदान केन्द्र में प्रयुक्त हर मतपेटी के अन्दर और बाहर दोनों ओर लेबल लगे होंगे जिन पर--

(क) यदि निर्वाचन-क्षेत्र का कोई क्रम संख्यांक हो तो वह और उसका नाम;

(ख) मतदान केन्द्र का क्रम संख्यांक और नाम;

(ग) मतपेटी का क्रम संख्यांक (जो मतपेटी के बाहर वाले लेबल पर ही मतदान की समाप्ति पर भरा जाएगा); तथा

(घ) मतदान की तारीख,

चिह्नित होगा या होगी ।

(6) मतदान के प्रारम्भ होने से अव्यवहित पूर्व पीठासीन आफिसर उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं और अन्य व्यक्तियों को यह निर्देशित करेगा कि मतपेटी खाली है और उस पर उपनियम (5) में निर्दिष्ट लेबल लगे हैं ।

(7) मतपेटी तब सुरक्षित रूप से बन्द और मुद्रांकित की जाएगी और इस प्रकार रखी जाएगी कि वह पीठासीन आफिसर और मतदान अभिकर्ताओं को पूर्णरूपेण दृष्टिगोचर रहे ।

[1][33क. निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति—मतदान के प्रारंभ से ठीक पूर्व, पीठासीन आफिसर मतदान अभिकर्ताओं और अन्य उपस्थित लोगों को यह भी निर्देशित करेगा कि मतदान के दौरान काम में लाई जाने वाली निर्वाचक

1. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा प्रतिस्थापित ।

marked copy of the electoral roll to be used during the poll does not contain—

(*a*) any entry other than that made in pursuance of clause (*b*) of sub-rule (*2*) of rule 20; and

(*b*) any mark other than the mark made in pursuance of clause (*b*) of sub-rule (*2*) of rule 23.]

34. Facilities for women electors.—(*1*) Where a polling station is for both men and women electors, the presiding officer may direct that they shall be admitted into the polling station alternately in separate batches.

(*2*) The returning officer or the presiding officer may appoint a woman to serve as an attendant at any polling station to assist women electors and also to assist the presiding officer generally in taking the poll in respect of women electors, and, in particular, to help in searching any woman elector in case it becomes necessary.

35. Identification of electors.—(*1*) The presiding officer may employ at the polling station such persons as he thinks fit to help in the identification of the electors or to assist him otherwise in taking the poll.

(*2*) As each elector enters the polling station, the presiding officer or the polling officer authorised by him in this behalf shall check the elector's name and other particulars with the relevant entry in the electoral roll and then call out the serial number, name and other particulars of the elector.

(*3*) Where the polling station is situated in a constituency, electors of which have been supplied with identity cards under the provisions of the Registration of Electors Rules, 1960, the elector shall produce his identity card before the presiding officer or the polling officer authorised by him in this behalf.

(*4*) In deciding the right of a person to obtain a ballot paper the presiding officer or the polling officer, as the case may be, shall overlook merely clerical or printing errors in an entry in the electoral roll, if he is statisfied that such person is identical with the elector to whom such entry relates.

[1][**35A. Facilities for public servants on election duty.**—(*1*) The provisions of rule 35 shall not apply to any person who produces at the polling station an election duty certificate in Form 12B and asks for the issue of a ballot paper to him although the polling station is different from the one where he is entitled to vote.

(*2*) On production of such certificate the presiding officer shall—

(*a*) obtain thereon the signature of the person producing it;

(*b*) have the person's name and electoral roll number as mentioned in the certificate entered at the end of the marked copy of the electoral roll; and

(*c*) issue to him a ballot paper, and permit him to vote, in the same manner as for an elector entitled to vote at that polling station.]

36. Challenging of identity.—(*1*) Any polling agent may challenge the identity of a person claiming to be a particular elector by first depositing a sum of two rupees in cash with the presiding officer for each such challenge.

(*2*) On such deposit being made, the presiding officer shall—

(*a*) warn the person challenged of the penalty for personation;

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964.

नामावली की चिह्नित प्रति में—

(क) नियम 20 के उपनियम (2) के खण्ड (ख) के अनुसरण में की गई प्रविष्टि से भिन्न कोई प्रविष्टि; और

(ख) नियम 23 के उपनियम (2) के खण्ड (ख) के अनुसरण में किए गए चिह्न से भिन्न कोई चिह्न, अन्तर्विष्ट नहीं है।]

34. **मतदात्रियों के लिए सुविधाएं**—(1) जहां कि मतदान केन्द्र मतदाताओं और मतदात्रियों दोनों के लिए है वहां पीठासीन आफिसर यह निदेश दे सकेगा कि उनको मतदान केन्द्र में बारी-बारी से पृथक्-पृथक् टुकड़ियों में घुसने दिया जाएगा।

(2) रिटर्निंग आफिसर या पीठासीन आफिसर किसी स्त्री को मतदात्रियों को सहायता करने के लिए और मतदात्रियों की बाबत मतदान लेने में साधारणतया पीठासीन आफिसर की सहायता करने के लिए भी और विशिष्टतः किसी मतदात्री की उस दशा में तलाशी में मदद करने के लिए, जिसमें कि वह तलाशी आवश्यक हो, परिचारिका के रूप में किसी मतदान केन्द्र में सेवा करने के लिए नियुक्त कर सकेगा।

35. **निर्वाचकों का अभिज्ञान**—(1) पीठासीन आफिसर ऐसे व्यक्तियों को जैसों को वह ठीक समझे मतदान केन्द्र में निर्वाचकों का अभिज्ञान करने में अपनी मदद करने के लिए या अन्यथा मतदान में अपनी सहायता करने के लिए नियोजित कर सकेगा।

(2) जैसे-जैसे हरएक निर्वाचक मतदान केन्द्र में प्रवेश करे वैसे-वैसे पीठासीन आफिसर या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत मतदान आफिसर निर्वाचक के नाम और अन्य विशिष्टियों को निर्वाचक नामावली में की सुसंगत प्रविष्टि से मिलाएगा और तब निर्वाचक का क्रम संख्यांक, नाम और अन्य विशिष्टियां पढ़कर सुनाएगा।

(3) जहां कि मतदान केन्द्र ऐसे निर्वाचन-क्षेत्र में अवस्थित है जिसके निर्वाचकों को रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उपबंधों के अधीन अभिज्ञान-पत्र दिए गए हैं वहां पीठासीन आफिसर या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत मतदान आफिसर के समक्ष निर्वाचक अपना अभिज्ञान-पत्र पेश करेगा।

(4) मतपत्र अभिप्राप्त करने के व्यक्ति के अधिकार का विनिश्चय करने में, यथास्थिति, पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर निर्वाचक नामावली में की प्रविष्टि में कोरी लेखन संबंधी या मुद्रण संबंधी अशुद्धियों की उस दशा में अनवेक्षा करेगा जिसमें कि उसका समाधान हो जाता है कि ऐसा व्यक्ति वही निर्वाचक है जिससे कि ऐसी प्रविष्टि संबद्ध है।

[1][35क. **निर्वाचन-कर्तव्यारूढ़ लोक सेवकों के लिए सुविधाएं**—(1) नियम 35 के उपबंध किसी ऐसे व्यक्ति को लागू न होंगे जो मतदान केन्द्र में प्ररूप 12ख में निर्वाचन-कर्तव्य-प्रमाणपत्र पेश कर देता है और अपने को मतपत्र दिए जाने की मांग करता है भले ही मतदान केन्द्र उस केन्द्र से भिन्न हो जहां मत देने का वह हकदार है।

(2) ऐसे प्रमाणपत्र के पेश किए जाने पर पीठासीन आफिसर—

(क) उस पर उसे पेश करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर अभिप्राप्त करेगा;

(ख) उस व्यक्ति का नाम और निर्वाचक नामावली संख्यांक, जो प्रमाणपत्र में वर्णित है, निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति के अन्त में प्रविष्टि कराएगा; तथा

(ग) उसे मतपत्र और मत देने की अनुज्ञा उसी रीति में देगा जिससे उस मतदान केन्द्र में मत देने के हकदार किसी निर्वाचक को देता है।]

36. **अनन्यता के बारे में अभ्याक्षेप**—(1) कोई मतदान अभिकर्ता विशिष्ट निर्वाचक होने का दावा करने वाले व्यक्ति की अनन्यता के संबंध में अभ्याक्षेप हर एक ऐसे अभ्याक्षेप के लिए पीठासीन आफिसर के पास नकद दो रुपए की राशि पहले निक्षिप्त करके कर सकेगा।

(2) पीठासीन आफिसर ऐसा निक्षेप किए जाने पर—

(क) उस व्यक्ति को, जिसकी बाबत ऐसा अभ्याक्षेप किया गया है, प्रतिरूपण के लिए शास्ति की चेतावनी देगा;

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा अन्तःस्थापित।

(*b*) read the relevant entry in the electoral roll in full and ask him whether he is the person referred to in that entry;

(*c*) enter his name and address in the list of challenged votes in Form 14; and

(*d*) require him to affix his signature in the said list.

(*3*) The presiding officer shall thereafter hold a summary inquiry into the challenge and may for that purpose—

(*a*) require the challenger to adduce evidence in proof of the challenge and the person challenged to adduce evidence in proof of his identity;

(*b*) put to the person challenged any questions necessary for the purpose of establishing his identity and require him to answer them on oath; and

(*c*) administer an oath to the person challenged and any other person offering to give evidence.

(*4*) If, after the inquiry, the presiding officer considers that the challenge has not been established he shall allow the person challenged to vote; and if he considers that the challenge has been established, he shall debar the person challenged from voting.

(*5*) If the presiding officer is of the opinion that the challenge is frivolous or has not been made in good faith, he shall direct that the deposit made under sub-rule (*1*) be forefeited to Government, and in any other case, he shall return to the challenger at the conclusion of the inquiry.

37. Safeguards against personation.—(*1*) Every elector about whose identity the presiding officer or the polling officer, as the case may be, is satisfied, shall allow his left forefinger to be inspected by the presiding officer or polling officer and an indelible ink mark to be put on it.

(*2*) If any elector—

(*a*) refuses to allow his left forefinger to be inspected or marked in accordance with sub-rule (*1*) or has already such a mark on his left forefinger or does any act with a view to removing the ink mark, or

(*b*) fails or refuses to produce his identity card as required by sub-rule (*3*) of rule 35

he shall not be supplied with any ballot paper or allowed to vote.

(*3*) Where a poll is taken simultaneously in a parliamentary constitutency and an assembly constituency, an elector whose left forefinger has been marked with indelible ink or who has produced his identity card at one such election shall, notwithstanding anything contained in sub-rules (*1*) and (*2*), be supplied with a ballot paper for the other election.

(*4*) Any reference in this rule to the left forefinger of an elector shall, in the case where the elector has his left forefinger missing, be construed as a reference to any other finger of his left hand, and shall, in the case where all the fingers of his left hand are missing, be construed as a reference to the forefinger or any other finger of his right hand, and shall in the case where all his fingers of both the hands are missing be construed as a reference to such extremity of his left or right arm as he possesses.

[1][**38. Issue of ballot papers to electors.**—(*1*) Every ballot paper before it is issued to an elector, and the counterfoil attached thereto shall be stamped on the back with such distinguishing mark as the Election Commission may direct, and every ballot paper, before it is issued, shall be signed in full on its back by the presiding officer.

---

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.

(ख) निर्वाचक नामावली में की सुसंगत प्रविष्टि को पूरी तरह पढ़कर सुनाएगा और उससे पूछेगा कि क्या वह उस प्रविष्टि में निर्दिष्ट व्यक्ति है;

(ग) अभ्याक्षेपित मतों की प्ररूप 14 वाली सूची में उसका नाम और पता प्रविष्ट करेगा; तथा

(घ) उक्त सूची में अपने हस्ताक्षर करने की उससे अपेक्षा करेगा।

(3) पीठासीन आफिसर तत्पश्चात् उस अभ्याक्षेप के संबंध में संक्षिप्त जांच करेगा और उस प्रयोजन के लिए—

(क) वह अपेक्षा कर सकेगा कि अभ्याक्षेपकर्ता अपने अभ्याक्षेप के सबूत में साक्ष्य दे और अभ्याक्षेपित व्यक्ति अपनी अनन्यता के सबूत में व्यक्ति साक्ष्य दे ;

(ख) जिस व्यक्ति की बाबत अभ्याक्षेप किया गया है उसकी अनन्यता स्थापित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक कोई प्रश्न उससे पूछ सकेगा और उनका उत्तर शपथ पर देने की उससे अपेक्षा कर सकेगा; और

(ग) जिस व्यक्ति की बाबत अभ्याक्षेप किया गया है उसको और साक्ष्य देने की प्रस्थापना करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को शपथ दिला सकेगा।

(4) यदि जांच के पश्चात् पीठासीन आफिसर का विचार हो कि अभ्याक्षेप सत्य साबित नहीं हुआ है तो वह अभ्याक्षेपित व्यक्ति को अनुज्ञा देगा कि वह मत दे, और यदि उसका विचार हो कि अभ्याक्षेप स्थापित कर दिया गया है तो वह अभ्याक्षेपित व्यक्ति को मत देने से विवर्जित करेगा।

(5) यदि पीठासीन आफिसर की यह राय है कि अभ्याक्षेप तुच्छ है या सद्भावनापूर्वक नहीं किया गया है तो वह यह निदेश देगा कि उपनियम (1) के अधीन किया गया निक्षेप सरकार के पक्ष में समपहृत कर लिया जाए और अन्य किसी दशा में वह जांच की समाप्ति पर उसे अभ्याक्षेपकर्ता को लौटा देगा।

37. प्रतिरूपण के विरुद्ध उपाय—(1) हर ऐसा निर्वाचक, जिसकी अनन्यता की बाबत, यथास्थिति, पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर का समाधान हो गया है, अपनी बाईं तर्जनी का निरीक्षण पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर द्वारा किए जाने देगा, और उस पर अमिट स्याही का चिह्न लगाया जाने देगा।

(2) यदि कोई निर्वाचक—

(क) अपनी बाईं तर्जनी को उपनियम (1) के अनुसार निरीक्षित या चिह्नित करने से इंकार करता है या उसकी अपनी बाईं तर्जनी पर ऐसा चिह्न पहले से है या ऐसे स्याही-चिह्न को हटाने की दृष्टि से कोई कार्य करता है, अथवा

(ख) नियम 35 के उपनियम (3) द्वारा यथापेक्षित रूप में अपना अभिज्ञान पत्र पेश करने में असफल होता है या पेश करने से इंकार करता है,

तो उसे किसी मतपत्र का प्रदाय न किया जाएगा और न उसे मतदान करने दिया जाएगा।

(3) जहां कि संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र तथा सभा निर्वाचन-क्षेत्र में मतदान साथ-साथ हो वहां उस निर्वाचक को जिसकी बाईं तर्जनी ऐसे एक निर्वाचन में, अमिट स्याही से चिह्नित कर दी गई है या जिसने अपना अभिज्ञान पत्र ऐसे एक निर्वाचन में पेश कर दिया है, उपनियम (1) और (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, दूसरे निर्वाचन के लिए मतपत्र का प्रदाय किया जाएगा।

(4) इस नियम में निर्वाचक की बाईं तर्जनी के प्रति किसी निर्देश का उस दशा में, जिसमें निर्वाचक की बाईं तर्जनी नहीं है ऐसे अर्थ लगाया जाएगा मानो वह उसके बाएं हाथ की किसी दूसरी उंगली के प्रति निर्देश है और जहां कि उसके बाएं हाथ की सब उंगलियां न हों वहां ऐसे अर्थ लगाया जाएगा मानो वह निर्देश उसके दाहिने हाथ की तर्जनी या किसी दूसरी उंगली के प्रति निर्देश है और जहां कि उसके दोनों हाथों की सब उंगलियां नहीं हैं वहां ऐसे अर्थ लगाया जाएगा मानो वह उसकी बाईं या दाहिनी भुजा के ऐसे अग्रतम भाग के प्रति निर्देश हो जैसा कि उसका है।

[1][38. निर्वाचकों को मतपत्रों का दिया जाना—(1) निर्वाचक को दिए जाने के पूर्व प्रत्येक मतपत्र और उससे संलग्न प्रतिपर्ण, पृष्ठ भाग पर ऐसे सुभिन्नक चिह्न से मुद्रांकित किए जाएंगे जैसा निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे, और पीठासीन आफिसर मतपत्र दिए जाने से पूर्व उसके पृष्ठ भाग पर पूरे हस्ताक्षर करेगा।

1. अधिसूचना सं० का० आ० 5573 तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा प्रतिस्थापित।

(2) At the time of issuing a ballot paper to an elector, the polling officer shall—

(a) record on its counterfoil the electoral roll number of the elector as entered in the marked copy of the electoral roll;

[(b) obtain the signature or thumb impression of that elector on the said counterfoil; and]

(c) mark the name of the elector in the marked copy of the electoral roll to indicate that a ballot paper has been issued to him, without however recording therein the serial number of the ballot paper issued to that elector:

[1][Provided that no ballot paper shall be delivered to an elector unless he has put his signature or thumb impression on the counterfoil of that ballot paper.

(3) Notwithstanding anything contained in sub-rule (2) of rule 2, it shall not be necessary for any presiding officer or polling officer or any other officer to attest the thumb impression of the elector on the counterfoil.]

(4) No person in the polling station shall note down the serial numbers of the ballot papers issued to particular electors.]

[2][39. **Maintenance of secrecy of voting by electors within polling station and voting procedure.**—(1) Every elector to whom a ballot paper has been issued under rule 38 or under any other provision of these rules, shall maintain secrecy of voting within the polling station and for that purpose observe the voting procedure hereinafter laid down.

(2) The elector on receiving the ballot paper shall forthwith—

(a) proceed to one of the voting compartments;

(b) there make a mark on the ballot paper with the instrument supplied for the purpose on or near the symbol of the candidate for whom he intends to vote;

(c) fold the ballot paper so as to conceal his vote;

(d) if required, show to the presiding officer the distinguishing mark on the ballot paper;

(e) insert the folded ballot paper into the ballot box: and

(f) quit the polling station.

(3) Every elector shall vote without undue delay.

(4) No elector shall be allowed to enter a voting compartment when another elector is inside it.

(5) If an elector to whom a ballot paper has been issued, refuses, after warning given by the presiding officer, to observe the procedure as laid down in sub-rule (2), the ballot paper issued to him shall, whether he has recorded his vote thereon or not, be taken back from him by the presiding officer or a polling officer under the direction of the presiding officer.

(6) After the ballot paper has been taken back, the presiding officer shall record on its back the words "Cancelled: voting procedure violated" and put his signature below those words

(7) All the ballot papers on which the words "Cancelled: voting procedure violated" are recorded, shall be kept in a separate cover which shall bear on its face the words "Ballot papers : voting procedure violated".

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 518(E), dated the 7th September, 1979.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 1433, dated the 19th April, 1968.

(2) निर्वाचक को मतपत्र दिए जाने के साथ, मतदान आफिसर—

(क) उसके प्रतिपर्ण पर निर्वाचक की वह निर्वाचक नामावली संख्यांक अभिलिखित करेगा जो निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में प्रविष्ट हैं;

[1][(ख) उक्त प्रतिपर्ण पर उस निर्वाचक के हस्ताक्षर या अंगूठे की छाप अभिप्राप्त करेगा; और]

(ग) निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में निर्वाचक का नाम यह उपदर्शित करने के लिए चिह्नित करेगा कि उसे मतपत्र दिया गया है किन्तु वह उस निर्वाचक को दिए गए मतपत्र का क्रम संख्यांक उसमें अभिलिखित नहीं करेगा :

[1][परन्तु किसी निर्वाचक को कोई मतपत्र तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक कि उसने उस मतपत्र के प्रतिपर्ण पर अपने हस्ताक्षर न कर दिए हों या अंगूठे की छाप न लगा दी हो।

[1][(3) नियम 2 के उपनियम (2) में किसी बात के होते हुए भी किसी पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर या किसी अन्य आफिसर के लिए आवश्यक नहीं होगा कि वह प्रतिपर्ण पर निर्वाचक के अंगूठे की छाप को अनुप्रमाणित करे।]

(4) मतदान केन्द्र में कोई भी व्यक्ति किन्हीं भी निर्वाचकों को दिए गए मतपत्रों के क्रम संख्यांक को नोट नहीं करेगा।]

39. [2][**निर्वाचकों द्वारा मतदान केन्द्र में मतदान की गोपनीयता बनाए रखना और मतदान प्रक्रिया**—(1) हर वह निर्वाचक जिसे नियम 38 या इन नियमों के किसी अन्य उपबंध के अधीन मतपत्र दिए गए है, मतदान केन्द्र में मतदान की गोपनीयता बनाए रखेगा और इस प्रयोजन के लिए एतस्मिन् पश्चात् अधिकथित मतदान प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

(2) निर्वाचक मतपत्र प्राप्त होने पर तत्क्षण—

(क) मतदान कोष्ठों मे से एक मे जाएगा;

(ख) वहां उस अभ्यर्थी के प्रतीक पर या उसके निकट, जिसके लिए मत देने का उसका आशय है, मतपत्र में उस प्रयोजन के लिए दिए गए, उपकरण से चिह्न बनाएगा;

(ग) मतपत्र को इस तरह मोड़ लेगा कि उसका मत छिप जाए;

(घ) उस दशा में, जिसमें कि उससे यह अपेक्षा की जाए, मतपत्र पर लगा भुमिन्नक चिह्न पीठासीन आफिसर को दर्शित करेगा;

(ङ) मुड़े मतपत्र को मतपेटी में डालेगा; तथा

(च) मतदान केन्द्र से बाहर चला जाएगा।

(3) हर निर्वाचक असम्यक् विलम्ब के बिना मत देगा।

(4) जब मतदान कोष्ठ में कोई निर्वाचक है तब अन्य किसी निर्वाचक को उसमें प्रवेश न करने दिया जाएगा।

(5) यदि कोई निर्वाचक जिसे मतपत्र दिया गया है, उपनियम (2) में अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन करने से पीठासीन आफिसर द्वारा चेतावनी दिए जाने के पश्चात् भी इंकार करे तो, उसे दिया गया मतपत्र, चाहे उसने उस पर अपना मत अभिलिखित किया हो या नहीं, पीठासीन आफिसर द्वारा या पीठासीन आफिसर के निदेश से मतदान आफिसर द्वारा वापस ले लिया जाएगा।

(6) मतपत्र वापस लिए जा चुकने के पश्चात् पीठासीन आफिसर उसके पृष्ठ भाग पर "रद्द किया गया : मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया" शब्द अभिलिखित करेगा और उन शब्दों के नीचे अपने हस्ताक्षर करेगा।

(7) ऐसे सब मतपत्र जिन पर "रद्द किया गया : मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया" शब्द अभिलिखित हों, एक पृथक् लिफाफे में रखे जाएंगे जिसके ऊपर "मतपत्र : मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया" शब्द अभिलिखित होंगे।

1. अधिसूचना सं० का० आ० 518(अ), तारीख 7 सितम्बर, 1979 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 1433, तारीख 19 अप्रैल, 1968 द्वारा प्रतिस्थापित।

(8) Without prejudice to any other penalty to which an elector, from whom a ballot paper has been taken back under sub-rule (5), may be liable, the vote, if any, recorded on such ballot paper shall not be counted.]

[1][40. **Recording of votes of blind or infirm electors.**—(1) If the presiding officer is satisfied that owing to blindness or other physical infirmity an elector is unable to recognise the symbols on the ballot paper or to make a mark thereon without assistance, the presiding officer shall permit the elector to take with him a companion of not less than [2][eighteen] years of age to the voting compartment for recording the vote on the ballet paper on his behalf and in accordance with his wishes, and, if necessary, for folding the ballet papor so as to conceal the vote and inserting it into the ballot box:

Provided that no person shall be permitted to act as the companion of more than one elector at any polling station on the same day:

Provided further that before any person is permitted to act as the companion of an elector on any day under this rule, the person shall be required to declare that he will keep secret the vote recorded by him on behalf of the elector and that he has not already acted as the companion of any other elector at any polling station on that day.

(2) The presiding officer shall keep a record in Form 14A of all cases under this rule.]

41. Spoilt and returned ballot papers.—(1) An elector who has inadvertently dealt with his ballot paper in such manner that it cannot be conveniently used as a ballot paper may, on returning it to the presiding officer and on satisfying him of the inadvertence, be given another ballot paper, and [3][the ballot paper so returned and the counterfoil of such ballot paper] shall be marked "Spoilt : cancelled" by the presiding officer.

(2) If an elector after obtaining a ballot paper decides not to use it, he shall return it to the presiding officer, and [3][the ballot paper so returned and the counterfoil of such ballot paper] shall be marked as "Returned : cancelled" by the presiding officer.

(3) All ballot papers cancelled under sub-rule (1) or sub-rule (2) shall be kept in a separate packet.

42. Tendered votes.—(1) If a person representing himself to be a particular elector applies for a ballot paper after another person has already voted as such elector, he shall, on satisfactorily answering such questions relating to his identity as the presiding officer may ask, be entitled, subject to the following provisions of this rule, to mark a ballot paper (hereinafter in these rules referred to as a "tendered ballot paper") in the same manner as any other elector.

(2) Every such person shall, before being supplied with a tendered ballot paper, sign his name against the entry relating to him in a list in Form 15.

[3][(3) A tendered ballot paper shall be the same as the other ballot papers used at the polling except that—

(a) such tendered ballot paper shall be serially the last in the bundle of ballot papers issued for use at the polling station; and

(b) such tendered ballot paper and its counterfoil shall be endorsed on the back with the words "tendered ballot paper" by the presiding officer in his own hand and signed by him.]

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964, for rule 40.
2. Subs. by S.O. 542(E), dt. 13.7.1989.
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.

(8) ऐसी अन्य किसी भी शास्ति पर, जिससे कि ऐसा निर्वाचक, जिससे उपनियम (5) के अधीन मतपत्र वापस ले लिया गया है, दण्डनीय हो, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उसका मत, यदि ऐसे मतपत्र पर अभिलिखित किया गया है, संगणित नहीं किया जाएगा।]

[1][40. अंधे या शिथिलांग निर्वाचकों द्वारा मतों का अभिलेखन—(1) यदि पीठासीन आफिसर का समाधान हो जाता है कि अन्धेपन या अन्य अंगशैथिल्य के कारण निर्वाचक मतपत्र में प्रतीकों को पहचानने में या सहायता के बिना उस पर चिह्न बनाने में असमर्थ है तो पीठासीन आफिसर, निर्वाचक को मतपत्र पर अपनी ओर से और अपनी इच्छाओं के अनुसार, मत अभिलिखित करने के लिए और यदि आवश्यकता हो तो मतपत्र को ऐसे मोड़ने के लिए कि मत छिप जाए और उसे मतपेटी में घुसाने के लिए, अपने साथ [2][अठारह] वर्ष से अन्यून आयु का एक साथी मतदान कोष्ठ में ले जाने की अनुज्ञा देगा:

परन्तु किसी व्यक्ति को एक ही दिन किसी मतदान केन्द्र में एक से अधिक निर्वाचकों के साथी के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि किसी व्यक्ति को इस नियम के अधीन किसी दिन किसी निर्वाचक के साथी के तौर पर कार्य करने के लिए अनुज्ञात करने से पहले उस व्यक्ति से यह घोषणा करने की अपेक्षा की जाएगी कि वह निर्वाचक की ओर से अपने द्वारा अभिलिखित किए गए मत को गुप्त रखेगा और यह कि उसने उस दिन किसी मतदान केन्द्र में किसी अन्य निर्वाचक के साथी के तौर पर पहले कार्य नहीं किया है, करने की अपेक्षा की जाएगी।

(2) पीठासीन आफिसर इस नियम के अधीन के सभी मामलों का प्ररूप 14क में अभिलेख रखेगा।]

41. खराब हुए और लौटाए गए मतपत्र—(1) उस निर्वाचक को, जिसने अपना मतपत्र अनवधानता से ऐसी रीति से बरता है कि वह मतपत्र के रूप में सुविधानुसार उपयोग में नहीं लाया जा सकता, पीठासीन आफिसर को उसे लौटा दिए जाने पर और अनवधानता के संबंध में उसका समाधान कर दिए जाने पर, दूसरा मतपत्र दिया जा सकेगा और [3][ऐसे लौटाए गए मतपत्र और ऐसे मतपत्र के प्रतिपर्ण] पर पीठासीन आफिसर "खराब : रद्द किया गया" शब्द अंकित करेगा।

(2) यदि निर्वाचक कोई मतपत्र अभिप्राप्त करने के पश्चात् उसे उपयोग में न लाने का विनिश्चय करता है तो उसे वह पीठासीन आफिसर को लौटा देगा और [3][ऐसे लौटाए गए मतपत्र और ऐसे मतपत्र के प्रतिपर्ण पर] पीठासीन आफिसर "लौटाया गया : रद्द किया गया" शब्द अंकित करेगा।

(3) उपनियम (1) या उपनियम (2) के अधीन रद्द किए गए सब मतपत्र पृथक् पैकेट में रखे जाएंगे।

42. निविदत्त मत—(1) यदि कोई व्यक्ति अपनी बाबत यह व्यपदिष्ट करके कि वह विशिष्ट निर्वाचक है ऐसे निर्वाचक के रूप में दूसरे व्यक्ति द्वारा पहले से ही मत दे दिए जाने के पश्चात् मतपत्र के लिए आवेदन करता है तो अपनी अनन्यता के बारे में ऐसे प्रश्नों के समाधानप्रद रूप में उत्तर देने के पश्चात् जैसे पीठासीन आफिसर पूछे, वह इस नियम के निम्नलिखित उपबन्धों के अध्यधीन रहते हुए (एतस्मिन्पश्चात् इन नियमों में "निविदत्त मतपत्र" के रूप में निर्दिष्ट) मतपत्र को चिह्नित करने का हकदार ऐसे होगा जैसे कोई अन्य निर्वाचक होता है।

(2) हर ऐसा व्यक्ति निविदत्त मतपत्र का प्रदाय किए जाने के पहले अपना नाम प्ररूप 15 की सूची में अपने से सम्बद्ध प्रविष्टि के सामने हस्ताक्षरित करेगा।

[3][(3) निविदत्त मतपत्र, इसके सिवाय कि—

(क) ऐसा निविदत्त मत मतदान केन्द्र में उपयोग के लिए दिए गए मतपत्रों के बंडल में क्रम में अंतिम होगा; तथा

(ख) ऐसा निविदत्त मत और उसका प्रतिपर्ण पृष्ठ पर "निविदत्त मतपत्र" शब्दों से पीठासीन आफिसर द्वारा अपने हाथ से पृष्ठांकित और हस्ताक्षरित होंगे,

वैसा ही होगा जैसा मतदान में उपयोग में लाया जाने वाला अन्य मतपत्र होता है।]

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा नियम 40 के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 542(अ), तारीख 13.7.1989 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का०आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर 1971 द्वारा प्रतिस्थापित।

(*4*) The elector, after marking a tendered ballot paper in the voting compartment and folding it, shall, instead of putting it into the ballot box, give it to the presiding officer, who shall place it in a cover specially kept for the purpose.

43. Closing of poll.—(*1*) The presiding officer shall close a polling station at the hour fixed in that behalf under section 56 and shall not thereafter admit any elector into the polling station:

Provided that all electors present at the polling station before it is closed shall be allowed to cast their votes.

(*2*) If any question arises whether an elector was present at the polling station before it was closed, it shall be decided by the presiding officer and his decision shall be final.

44. Sealing of ballot boxes after poll.—(*1*) As soon as practicable after the closing of the poll, the presiding officer shall close the slit of the ballot box, and where the box does not contain any mechanical device for closing the slit, he shall seal up the slit and also allow any polling agent present to affix his seal.

(*2*) The ballot box shall thereafter be sealed and secured.

(*3*) Where it becomes necessary to use a second ballot box by reason of the first ballot box getting full, the first box shall be closed, sealed and secured as provided in sub-rules (*1*) and (*2*) before another ballot box is put into use.

(*4*) The foregoing provisions of this rule shall not apply at a polling station to the presiding officer of which the Election Commission has issued a direction asking him to proceed in accordance with sub-rule (*5*).

(*5*) At any such polling station, as soon as practicable after the close of poll, the presiding officer shall—

(*a*) transfer all the ballot papers contained in the ballot box or boxes used at that polling station, without examining or counting them and with due regard to the secrecy of the ballot, into a cloth bag or cloth-lined cover after demonstrating to the polling agents present that the bag or cover is empty;

(*b*) allow the polling agents present to inspect each ballot box and demonstrate to them that it has been emptied;

(*c*) record on the bag or cover the name of the constituency, the name of the polling station and the date of the poll; and

(*d*) seal the bag or cover and allow any polling agent present to affix his seal thereon.

45. Account of ballot papers.— [(*1*)] The presiding officer shall at the close of the poll prepare a ballot paper account in Form 16 and enclose it in a separate cover with the words "Ballot Paper Account" superscribed thereon.

[2][(*2*) The presiding officer shall furnish to every polling agent present at the close of the poll a true copy of the entries made in the ballot paper account after obtaining a receipt from the said polling agent therefor and shall also attest it as a true copy.]

46. Sealing of other packets.—(*1*) The presiding officer shall then make into separate packets—

(*a*) the marked copy of the electoral roll;

1. Rule 45 renumbered as sub-rule (*1*) of that rule by Notifn. No. S.O. 3875, dated the 15th December, 1966.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 229(E), dated the 26th May, 1975.

(4) निर्वाचक निविदत्त मतपत्र को मतदान कोष्ठ में चिह्नित करने और उसको मोड़ने के पश्चात् उसे मत-पेटी में रखने के बजाय उसे पीठासीन आफिसर को देगा जो उसे उस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए लिफाफे में रखेगा।

43. मतदान बन्द करना—(1) पीठासीन आफिसर मतदान केन्द्र को धारा 56 के अधीन तन्निमित्त नियत समय पर बन्द कर देगा और तत्पश्चात् किसी निर्वाचक को उसमें प्रवेश न करने देगा :

परन्तु मतदान केन्द्र के बन्द किए जाने के पूर्व उसमें उपस्थित सब निर्वाचक अपने मत डालने के लिए अनुज्ञात किए जाएंगे।

(2) यदि कोई प्रश्न इस बाबत पैदा होता है कि कोई निर्वाचक मतदान केन्द्र बन्द किए जाने के पूर्व वहां उपस्थित था या नहीं तो उसका विनिश्चय पीठासीन आफिसर द्वारा किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

44. मतदान के पश्चात् मतपेटियों का मुद्राबन्द किया जाना—(1) मतदान के बन्द होने के पश्चात् यथासाध्य शीघ्रता से पीठासीन आफिसर मतपेटी के छेद को बन्द कर देगा और जहां छेद को बन्द करने के लिए कोई यांत्रिक युक्ति पेटी में नहीं है वहां वह उस छेद को मुद्राबन्द करेगा और किसी भी उपस्थित मतदान अभिकर्ता को उस पर मुद्रा लगाने देगा।

(2) मतपेटी तत्पश्चात् मुद्राबन्द की जाएगी और सुरक्षित कर दी जाएगी।

(3) जहां कि पहली मतपेटी के भर जाने के कारण दूसरी मतपेटी को उपयोग में लाना आवश्यक हो जाता है वहां दूसरी मतपेटी को उपयोग में लाने से पूर्व उपनियम (1) और (2) में यथा उपबन्धित रूप में पहली मतपेटी बन्द, मुद्रांकित और सुरक्षित कर दी जाएगी।

(4) इस नियम के पूर्वगामी उपबन्ध उस मतदान केन्द्र को लागू न होंगे जिसके पीठासीन आफिसर को निर्वाचन आयोग ने यह निदेश दिया है कि वह उपनियम (5) के अनुसार अग्रसर हो।

(5) ऐसे किसी मतदान केन्द्र पर मतदान के बन्द होने के पश्चात् यथासाध्य शीघ्रता से पीठासीन आफिसर—

(क) उस मतदान केन्द्र में उपयोग में लाई गई मतपेटी या पेटियों में अन्तर्विष्ट सब मतपत्रों को उनकी परीक्षा या गणना किए बिना और मत की गोपनीयता का सम्यक् ध्यान रखकर एक कपड़े के थैले या कपड़े की परत लगे लिफाफे में उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं को यह निर्दिष्ट करने के पश्चात् अन्तरित करेगा कि ऐसा थैला या लिफाफा खाली है;

(ख) उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं की हर एक मतपेटी का निरीक्षण करने की अनुज्ञा देगा और उन्हें निर्देशित करेगा कि उसे खाली कर दिया गया है;

(ग) थैले या लिफाफे पर निर्वाचन-क्षेत्र का नाम, मतदान केन्द्र का नाम और मतदान की तारीख अभिलिखित करेगा; तथा

(घ) थैले या लिफाफे को मुद्राबन्द करेगा और किसी उपस्थित मतदान अभिकर्ता को उस पर अपनी मुद्रा लगाने देगा।

45. मतपत्रों का लेखा—[1][(1)] पीठासीन आफिसर मतदान के बन्द होने पर मतपत्र-लेखा प्ररूप 16 में तैयार करेगा और उसे एक पृथक् लिफाफे में रखेगा और उसके ऊपर "मतपत्र-लेखा" शब्द लिखेगा।

[2][(2) पीठासीन आफिसर मतदान की समाप्ति पर उपस्थित प्रत्येक मतदान अभिकर्ता को, मतपत्र-लेखा में की गई प्रविष्टियों की एक शुद्ध प्रति, उक्त मतदान अभिकर्ता से उसकी रसीद अभिप्राप्त करने के पश्चात् देगा और यह अनुप्रमाणित भी करेगा कि वह शुद्ध प्रति है।]

46. अन्य पैकेटों का मुद्राबन्द किया जाना—(1) पीठासीन आफिसर तब—

(क) निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति के;

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3875, तारीख 15 दिसम्बर, 1966 द्वारा नियम 45 को उसके उपनियम (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया गया।

2. अधिसूचना सं० का० आ० 229(अ), तारीख 26 मई, 1975 द्वारा अन्तःस्थापित।

[1][(*aa*) the counterfoils of the used ballot paper;]

[2][(*b*) the ballot papers signed in full by the presiding officer under sub-rule (*1*) of rule 38 but not issued to the voters;

(*bb*) any other ballot papers not issued to the voters;

(*c*) the ballot papers cancelled for violation of voting procedure under rule 39;

(*cc*) any other cancelled ballot papers;]

(*d*) the cover containing the tendered ballot papers and the list in Form 15:

(*e*) the list of challenged votes; and

(*f*) any other papers directed by the Election Commission to be kept in a sealed packet.

[2][(*2*) Each such packet shall be sealed with the seals of the presiding officer and with the seals either of the candidate or of his election agent or of his polling agent who may be present at the polling station and may desire to affix his seals thereon.]

47. Transmission of ballot boxes, etc., to the returning officer.—(*1*) The presiding officer shall then deliver or cause to be delivered to the returning officer at such place as the returning officer may direct—

(*a*) the ballot boxes or, as the case may be, the bags or covers referred to in rule 44;

(*b*) the ballot paper account;

(*c*) the sealed packets referred to in rule 46; and

(*d*) all other papers used at the poll.

(*2*) The returning officer shall make adequate arrangements for the safe transport of all ballot boxes, packets and other papers and for their safe custody until the commencement of the counting of votes.

48. Procedure on adjournment of poll.—(*1*) If the poll at any polling station is adjourned under sub-section (*1*) of section 57, the provisions of rules 44 to 47 shall, as far as practicable, apply as if the poll was closed at the hour fixed in that behalf under section 56.

(*2*) When an adjourned poll is recommenced under sub-section (*2*) of section 57, the electors who have already voted at the poll so adjourned shall not be allowed to vote again.

(*3*) The returning officer shall provide the presiding officer of the polling station at which such adjourned poll is held, with the sealed packet containing the marked copy of the electoral roll and a new ballot box.

(*4*) The presiding officer shall open the sealed packet in the presence of the polling agents present and use the marked copy of the electoral roll [3][for marking the names of the electors to whom the ballot papers are issued at the adjourned poll, without however recording therein the serial number thereof].

(*5*) The provisions of rules 28 to 47 shall apply in relation to the conduct of an adjourned poll as they apply in relation to the poll before it was so adjourned.

49. Voting by ballot at notified polling stations.—(*1*) Notwithstanding anything contained in the preceding provisions of this Part, the Election Commission may, by notification published

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 4542, dated the 20th December, 1968 (w.e.f. 1-1-1969).
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971, for certain words.

[1][(कक) उपयोग में लाए गए मतपत्रों के प्रतिपर्णों के;]

[2][(ख) नियम 38 के उपनियम (1) के अधीन पीठासीन आफिसर द्वारा हस्ताक्षरित किन्तु मतदाता को जारी न किए गए मतपत्रों के;

(खख) मतदाताओं को जारी न किए गए किन्हीं अन्य मतपत्रों के;

(ग) नियम 39 के अधीन मतदान की प्रक्रिया के उल्लंघन स्वरूप रद्द किए गए मतपत्रों के;

(गग) किन्हीं अन्य रद्द किए गए मतपत्रों के;]

(घ) निविदत्त मतपत्रों को अन्तर्विष्ट रखने वाले लिफाफे और प्ररूप 15 की सूची के;

(ङ) अभ्याक्षेपित मतों की सूची के; और

(च) किन्हीं अन्य ऐसे कागजपत्रों के, जिनकी बाबत निर्वाचन आयोग ने निदेश दिया है कि वे मुद्राबन्द पैकेट में रखे जाएं,

पृथक् पैकट बनाएगा।

[3][(2) ऐसा हर एक पैकेट पीठासीन आफिसर की ओर, या तो अभ्यर्थी को या उसके निर्वाचन अभिकर्ता अथवा उसके मतदान अभिकर्ता को जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित हों और उस पर अपनी मुद्राएं लगाना चाहें, मुद्राओं से मुद्रांकित किया जाएगा।

47. **मतपेटियों, आदि का रिटर्निंग आफिसर को पारेषण**—(1) पीठासीन आफिसर तब रिटर्निंग आफिसर को—

(क) मतपेटियों या यथास्थिति, नियम 44 में निर्दिष्ट थैले या लिफाफे;

(ख) मतपत्र-लेखा ;

(ग) नियम 46 में निर्दिष्ट मुद्राबन्द पैकेट; तथा

(घ) मतदान में उपयोग में लाए गए सब अन्य कागजपत्र,

ऐसे स्थान में जैसा रिटर्निंग आफिसर निर्दिष्ट करे, परिदत्त करेगा या परिदत्त कराएगा।

(2) रिटर्निंग आफिसर सब मतपेटियों, पैकेटों और अन्य कागजपत्रों के सुरक्षापूर्ण परिवहन के लिए और मतों की गणना के प्रारम्भ होने तक उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए यथायोग्य इंतजाम करेगा।

48. **मतदान के स्थगन पर प्रक्रिया**—(1) यदि मतदान किसी मतदान केन्द्र में धारा 57 की उपधारा (1) के अधीन स्थगित किया गया है तो नियम 44 से लेकर 47 तक के उपबन्ध यावत्साध्य ऐसे लागू होंगे मानो मतदान धारा 56 के अधीन तन्निमित्त नियत समय पर बन्द हुआ हो।

(2) जब स्थगित मतदान धारा 57 की उपधारा (2) के अधीन पुनः आरम्भ हुआ है तब उन निर्वाचकों को जिन्होंने ऐसे स्थगित मतदान में पहले ही मत दिया था, पुनः मत देने के लिए अनुज्ञा न दी जाएगी।

(3) रिटर्निंग आफिसर उस मतदान केन्द्र के पीठासीन आफिसर को, जिनमें ऐसा स्थगित मतदान होता है वह मुद्राबन्द पैकेट जिसमें निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति अन्तर्विष्ट है और एक नई मतपेटी उपबन्धित करेगा।

(4) पीठासीन आफिसर ऐसे मतदान अभिकर्ताओं को, जो उपस्थित हैं, उपस्थिति में मुद्राबन्द पैकेट को खोलेगा और निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति का उपयोग [3][ऐसे निर्वाचकों के नाम, जिन्हें स्थगित मतदान में मतपत्र दिए गए हैं, उनका क्रम संख्यांक उनमें अभिलिखित किए बिना चिह्नित करने के लिए] करेगा।

(5) नियम 28 से लेकर 47 तक के उपबन्ध स्थगित मतदान के संचालन के संबंध में ऐसे लागू होंगे जैसे वे ऐसे स्थगन किए जाने के पूर्व के मतदान के संबंध में लागू होते हैं।

49. **अधिसूचित मतदान केन्द्रों में मतपत्र द्वारा मत का दिया जाना**—(1) इस भाग के पूर्वगामी उपबन्धों में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी निर्वाचन आयोग निर्वाचन के लिए नियत मतदान की तारीख या तारीखों में से प्रथम

1. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 4542, तारीख 20 दिसम्बर, 1968 द्वारा (1-1-1969 से) प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।

in the Official Gazette at least 15 days before the date, or the first of the dates, of poll appointed for an election, direct that the method of voting by ballot shall be followed in that election at such polling stations as may be specified in the notification.

(2) Every such polling station is hereafter in these rules referred to as a "notified polling station".

(3) The provisions of rules 28 to 48 shall apply in relation to every notified polling station subject to the following modifications, namely:—

(*a*) in lieu of rule 30, the following rule shall apply:—

"30A. *Form of ballot paper.*—Every ballot paper shall be of such design as the Election Commission may decide.";

(*b*) in lieu of sub-rules (2) and (3) of rule 31, the following sub-rules shall apply:—

"(2) At each notified polling station there shall be set up one voting compartment in which the ballot boxes, one for each candidate, shall be placed for the reception of ballot papers during the poll and which shall be so designed that an elector can insert a ballot paper in any of the ballot boxes without being observed by any person outside the compartment.

(3) The returning officer shall provide at each notified polling station a sufficient number of ballot boxes, copies of the relevant part of the electoral roll, ballot papers and such other election materials as may be required for taking the poll.";

(*c*) in lieu of sub-rules (5), (6) and (7) of rule 33, the following sub-rules shall apply:—

"(5) The symbol allotted to each candidate under rule 10 shall be printed on labels which shall be affixed both inside and outside the ballot box and such ballot box shall thereafter be deemed to have been allotted to that candidate.

(6) Each ballot box shall also be marked with such other distinguishing marks as the Election Commission may direct.

(7) Immediately before the commencement of the poll, the presiding officer shall allow inspection of each ballot box by the polling agents present and demonstrate to them that (*a*) it is empty, (*b*) proper labels have been affixed both inside and outside the box, and (*c*) the ballot box is marked in accordance with sub-rule (6).

(8) After all the ballot boxes have been labelled, secured and sealed, they shall be placed in the voting compartment side by side in the same order in which the names of the candidates to whom they have rspectively been allotted appear in the list of contesting candidates.";

[1][(*cc*) in lieu of rule 38, the following rule shall apply:—

"38B. *Issue of ballot papers to electors.*—(1) Every ballot paper shall before issue to an elector be—

(*a*) stamped with such distinguishing mark as the Election Commission may direct; and

(*b*) singed in full on its back by the presiding officer.

(2) At the time of issuing a ballot paper to an elector, the polling officer shall record the serial number thereof against the entry relating to the elector in the marked copy of the electoral roll.

---

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.

तारीख से कम से कम 15 दिन पहले शासकीय राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा निदेश दे सकेगा कि उस निर्वाचन में ऐसे मतदान केन्द्रों में, जैसे अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किए जाएं मतपत्र द्वारा मतदान की पद्धति का अनुसरण किया जाएगा।

(2) हर ऐसे मतदान केन्द्र को एतत्पश्चात् इन नियमों में "अधिसूचित मतदान केन्द्र" कहा गया है।

(3) नियम 28 से लेकर 48 तक के उपबन्ध हर अधिसूचित मतदान केन्द्र के संबंध में निम्नलिखित उपान्तरों के अध्यधीन रहते हुए लागू होंगे, अर्थात् :—

(क) नियम 30 के बदले में निम्नलिखित नियम लागू होगा :—

"30 क. **मतपत्र का प्ररूप**—हर मतपत्र ऐसे परिकल्प का होगा जैसा निर्वाचन आयोग विनिश्चित करे।";

(ख) नियम 31 के उपनियम (2) और (3) के बदले में निम्नलिखित उपनियम लागू होंगे—

"(2) हर एक अधिसूचित मतदान केन्द्र में एक मतदान कोष्ठ स्थापित किया जाएगा जिसमें हर एक अभ्यर्थी के लिए एक के हिसाब से मतपेटियां मतदान के दौरान मतपत्रों को ग्रहण करने के लिए रखी होंगी और जिसका परिकल्प इस प्रकार का होगा कि कोष्ठ के बाहर किसी व्यक्ति से संप्रेक्षित हुए बिना निर्वाचक मतपेटियों में से किसी में मतपत्र धुसा सके।

(3) रिटर्निंग आफिसर हर एक अधिसूचित मतदान केन्द्र में पर्याप्त संख्या में मतपेटियां, निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग की प्रतियां, मतपत्र और ऐसी अन्य निर्वाचन सामग्री जैसी मतदान के लिए अपेक्षित हो उपबन्धित करेगा।";

(ग) नियम 33 के उपनियम (5), (6) और (7) के बदले में निम्नलिखित उपनियम लागू होंगे—

"(5) नियम 10 के अधीन हर एक अभ्यर्थी को आवंटित प्रतीक लेबलों पर मुद्रित किया जाएगा जो मतपेटी के भीतर और बाहर दोनों ओर लगाए जाएंगे और ऐसी मतपेटी की बाबत तत्पश्चात् यह समझा जाएगा कि वह उस अभ्यर्थी को आवंटित कर दी गई है।'

(6) हर एक मतपेटी पर ऐसे अन्य सुभिन्नक चिह्न भी चिह्नित किए जाएंगे जैसे निर्वाचन आयोग निदिष्ट करे।

(7) मतदान के प्रारम्भ होने से अव्यवहित पूर्व पीठासीन आफिसर उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं द्वारा हर एक मतपेटी का निरीक्षण अनुज्ञात करेगा और उनको यह निदर्शित करेगा कि (क) वह खाली है, (ख) पेटी के भीतर और बाहर दोनों ओर उचित लेबल लगा दिए गए हैं, और (ग) मतपेटी उपनियम (6) के अनुसार चिह्नित है।

(8) लेबल लगा दिए जाने, सुरक्षित रूप से बन्द कर दिए जाने और मुद्रांकित कर दिए जाने के पश्चात् सब मतपेटियां मतदान कोष्ठ में साथ-साथ उसी क्रम में रखी जाएंगी जिसमें उन अभ्यर्थियों के नाम, जिनको वे क्रमशः आवंटित की गई हैं, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में हैं।" ;

[1][(गग) नियम 38 के बदले निम्नलिखित नियम लागू होगा —

"38ख. **निर्वाचकों को मतपत्र देना**—(1) निर्वाचक को दिए जाने से पूर्व प्रत्येक मतपत्र—

(क) ऐसे सुभिन्नक चिह्न से मुद्रांकित किया जाएगा, जैसा निर्वाचन आयोग निदिष्ट करे; और

(ख) पीठासीन आफिसर द्वारा उसके पृष्ठ भाग पर पूरा नाम लिखकर हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(2) निर्वाचक को मतपत्र देते समय, मतदान आफिसर उसका क्रम संख्यांक निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में, निर्वाचक से संबंधित प्रविष्टि के सामने अभिलिखित करेगा।

1. अधिसूचना सं० का० आ० 573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा अन्तःस्थापित।

(*3*) Save as provided in sub-rule (*2*), no person in the polling station shall note down the serial numbers of the ballot papers issued to particular electors.";]

(*d*) in lieu of [1][sub-rule (*2*) of rule 39], the following sub-rule shall apply:—

"(*1*) On receiving the ballot paper, the elector shall forthwith go into the voting compartment and insert the ballot paper through the slit into the ballot box allotted to the candidate for whom he wishes to vote.";

[2][(*e*) in lieu of sub-rule (*1*) of rule 40, the following sub-rule shall apply:—

"(*1*) If the presiding officer is satisfied that owing to blindness or other physical infirmity an elector is unable to recognise the symbols on the ballot boxes or to insert the ballot paper into a ballot box, the presiding officer shall permit the elector to take with him a companion of not less than [3][eighteen] years of age to the voting compartment for ascertaining from him the name of the candidate for whom he wishes to vote and for inserting the ballot paper into the ballot box of such candidate in accordance with the wishes of such elector:

Provided that no person shall be permitted to act as the companion of more than one elector at any polling station on the same day:

Provided further that before any person is permitted to act as the companion of an elector on any day under this rule, the person shall be required to declare that he will keep secret the name of the candidate for whom the elector has voted and that he has not already acted as the companion of any other elector at any polling station on that day."];

(*f*) in lieu of rule 42, the following rules shall apply:—

'42*A*. *Tendered votes.*—(*1*) If a person representing himself to be a particular elector applies for a ballot paper after another person has already voted as such elector, he shall, on satisfactorily answering such questions relating to his identity as the presiding officer may ask, be supplied with a ballot paper in Form 17 (hereafter in these rules referred to as a "tendered ballot paper").

(*2*) Every such person shall, before being supplied with a tendered ballot paper, sign his name against the entry relating to him in a list in Form 15.

(*3*) Such person shall thereafter record on the tendered ballot paper the name of the candidate for whom he wishes to vote; but if owing to illiteracy, blindness, physical infirmity or any other reason he is unable to make such record, the presiding officer shall do so in accordance with his wishes.

(*4*) The procedure laid down in sub-rule (*3*) shall be followed with due regard to secrecy.

(*5*) Every such tendered ballot paper shall forthwith be placed in a cover specially kept for the purpose.

42B. *Presiding Officer's entry into voting compartment during poll.*—(*1*) The presiding officer may, whenever he considers it necessary to do so, enter the voting compartment during poll and take such steps as may be necessary to ensure that the ballot boxes therein are not tampered or interfered within any way.

(*2*) If the presiding officer has reason to suspect that an elector who has entered the voting compartment is tampering or otherwise interfering with any ballot box or has

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 1433, dated the 19th April, 1968.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964, for cl. (*e*).
3 Subs. by S.O. 542(E), dt. 13.7.1989.

(3) उपनियम (2) में यथा उपबन्धित के सिवाय केन्द्र में कोई भी व्यक्ति किन्हीं भी निर्वाचकों को दिए गए मतपत्रों के क्रम संख्यांकों को नोट नहीं करेगा।"] ;

(घ) [1][नियम 39 के उपनियम (2)] के बदले में निम्नलिखित उपनियम लागू होगा —

"(1) मतपत्र प्राप्त होने पर निर्वाचक तत्क्षण मतदान कोष्ठ में जाएगा और जिस अभ्यर्थी को वह मत देना चाहता है उसको आवंटित मतपेटी के छेद में से मतपत्र घुसाएगा।";

[2][(ङ) नियम 40 के उपनियम (1) के बदले में निम्नलिखित उपनियम लागू होगा—

"(1) यदि पीठासीन आफिसर का समाधान हो जाता है कि अन्धेपन या अन्य अंग-शैथिल्य के कारण निर्वाचक मतपेटियों पर प्रतीकों को पहचानने में या मतपेटी में मतपत्र घुसाने में असमर्थ है तो पीठासीन आफिसर निर्वाचक को अपने साथ [3][अठारह] वर्ष से अन्यून आयु का एक साथी, उससे उस अभ्यर्थी का नाम अभिनिश्चित करने के लिए जिसे वह मत देना चाहता है और मतपत्र को ऐसे अभ्यर्थी की मतपेटी में ऐसे निर्वाचक की इच्छाओं के अनुसार घुसाने के लिए, मतदान कोष्ठ में ले जाने की अनुज्ञा देगा :

परन्तु किसी व्यक्ति को एक ही दिन किसी मतदान केन्द्र में एक से अधिक निर्वाचकों के साथी के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि किसी व्यक्ति को इस नियम के अधीन किसी दिन किसी निर्वाचक के साथी के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात करने से पहले उस व्यक्ति से यह घोषणा कि वह उस अभ्यर्थी का नाम गुप्त रखेगा जिसे निर्वाचक ने मत दिया है और यह कि उसने उस दिन किसी मतदान केन्द्र में किसी अन्य निर्वाचक के साथी के रूप में पहले कार्य नहीं किया है, करने की अपेक्षा की जाएगी।"];

(च) नियम 42 के बदले में निम्नलिखित नियम लागू होंगे —

"42क. **निविदत्त मत**—(1) यदि कोई व्यक्ति अपनी बाबत यह व्यपदिष्ट करके कि वह विशिष्ट निर्वाचक है ऐसे निर्वाचक के रूप में के दूसरे व्यक्ति द्वारा पहले से ही मत दे दिए जाने के पश्चात् मतपत्र के लिए आवेदन करता है तो अपनी अनन्यता के बारे में ऐसे प्रश्नों के समाधानप्रद रूप में उत्तर देने के पश्चात् जैसे पीठासीन आफिसर पूछे उसे प्ररूप 17 में मतपत्र (एतत्पश्चात् इन नियमों में "निविदत्त मतपत्र" के रूप में निर्दिष्ट) किया जाएगा।

(2) हर ऐसा व्यक्ति निविदत्त मतपत्र दिए जाने के पूर्व अपना नाम प्ररूप 15 की सूची में अपने से सम्बद्ध प्रविष्टि के सामने हस्ताक्षरित करेगा।

(3) ऐसा व्यक्ति तत्पश्चात् निविदत्त मतपत्र पर उस अभ्यर्थी का नाम अभिलिखित करेगा जिसको कि वह मत देना चाहता है, किन्तु यदि निरक्षरता, अन्धेपन, अंग-शैथिल्य या किसी अन्य कारण से वह ऐसा अभिलेख करने में असमर्थ है तो पीठासीन आफिसर उसकी इच्छाओं के अनुसार वैसा करेगा।

(4) उपनियम (3) में अधिकथित प्रक्रिया गोपनीयता का सम्यक् ध्यान रखकर अनुसरित की जाएगी।

(5) हर ऐसा निविदत्त मतपत्र उस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए लिफाफे में तत्क्षण रखा जाएगा।

42ख. **मतदान के दौरान मतदान कोष्ठ में पीठासीन आफिसर का प्रवेश करना**—(1) जब कभी पीठासीन आफिसर ऐसा करना आवश्यक समझे तब वह मतदान के दौरान मतदान कोष्ठ में प्रवेश कर सकेगा और ऐसे कदम उठा सकेगा जैसे यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हों कि उसमें की मतपेटियों में किसी प्रकार से कोई गड़बड़ या हस्तक्षेप न किया जाए।

(2) यदि पीठासीन आफिसर के पास यह सन्देह करने का कारण है कि कोई निर्वाचक, जिसने मतदान कोष्ठ में प्रवेश किया है, किसी मतपेटी में गड़बड़ कर रहा है या अन्यथा उसमें हस्तक्षेप कर रहा है

1. अधिसूचना सं० का० आ० 1433 तारीख 19 अप्रैल, 1968 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 3662 तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा खण्ड (ङ) के स्थान पर प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का०आ० 542(अ), तारीख 13.7.1989 द्वारा प्रतिस्थापित।

remained inside the voting compartment unduly long, he shall enter the voting compartment and take such steps as may be necessary to ensure the smooth and prompt progress of the poll.

(*3*) Whenever the presiding officer enters the voting compartment under this rule he shall permit the polling agents present to accompany him.

42C. *Disposal of ballot papers found wholly or partly outside ballot boxes.*—(*1*) If any ballot paper which has been issued to an elector has not been inserted by him into any ballot box but is found anywhere in or near the polling station, whether within or outside the voting compartment it shall be deemed to have been returned to the presiding officer under sub-rule (2) of rule 41 and dealt with accordingly.

(*2*) If a ballot paper is found partly inserted into the ballot box of a candidate, it shall be presumed that the intention of the elector was to cast that vote for that candidate and the presiding officer shall accordingly push the ballot paper into that ballot box.';

(*g*) in lieu of rule 44, the following rule shall apply:—

"44A. *Sealing of ballot boxes after poll.*—(*1*) As soon as practicable after the closing of the poll, the presiding officer shall close the slit of each ballot box and where the boxes do not contain any mechanical device for closing the slit, he shall seal up the slit and also allow any polling agent present to affix his seals.

(*2*) All the ballot boxes shall thereafter be sealed and secured.";

1* * * * *

2[(*i*) clause (*aa*) of sub-rule (*1*) of rule 46 shall not apply; and

(*j*) in lieu of sub-rules (*3*) and (*4*) of rule 48, the following sub-rule shall apply:—

"(*3*) The returning officer shall provide the presiding officer of the polling station at which such adjourned poll is held with the sealed packet containing the marked copy of the electoral roll and a set of new ballot boxes.

(*4*) The presiding officer shall open the sealed packet in the presence of the polling agents present and use the marked copy of the electoral roll for recording the serial numbers of the ballot papers issued to elector at the adjourned poll."].

1. Cl. (*h*) omitted by Notifn. No. S.O. 518(E), dated the 7th September, 1979.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.

या मतदान कोष्ठ में असम्यक् देरी तक बना रहा है तो वह मतदान कोष्ठ में प्रवेश करेगा और ऐसे कदम उठाएगा जैसे मतदान की निर्विघ्न और सत्वर प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो।

(3) जब कभी पीठासीन आफिसर मतदान कोष्ठ में इस नियम के अधीन प्रवेश करे तब वह उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं को अपने साथ आने देगा।

42ग. मतपेटियों के पूर्णतः या भागतः बाहर पाए गए मतपत्रों का व्ययन—(1) यदि कोई मतपत्र, जो निर्वाचक को दिया गया है, उसके द्वारा किसी मतपेटी में घुसाया नहीं गया है किन्तु मतदान केन्द्रों में या उसके पास कहीं, चाहे मतदान कोष्ठ के बाहर या भीतर, पाया जाता है तो उसको बाबत यह समझा जाएगा कि वह नियम 41 के उपनियम (2) के अधीन पीठासीन आफिसर को लौटा दिया गया है और उससे तदनुसार बरता जाएगा।

(2) यदि कोई मतपत्र किसी अभ्यर्थी की मतपेटी में भागतः घुसाया गया पाया जाता है तो उसको बाबत यह उपधारित किया जाएगा कि निर्वाचक का आशय वह मत उस अभ्यर्थी को देना था और पीठासीन आफिसर तदनुसार उस मतपत्र को उस मतपेटी में घुसा देगा।";

(छ) नियम 44 के बदले में निम्नलिखित नियम लागू होगा—

"**44क. मतदान के पश्चात् मतपेटियों का मुद्राबन्द किया जाना**—(1) मतदान के बन्द होने के पश्चात् यथासाध्य शीघ्रता से पीठासीन आफिसर हर एक मतपेटी के छेद को बन्द कर देगा और जहां कि छेद को बन्द करने के लिए कोई यांत्रिक युक्ति पेटियों में नहीं है वहां वह उस छेद को मुद्राबन्द करेगा और किसी उपस्थित मतदान अभिकर्ता को भी उस पर अपनी मुद्राएं लगाने देगा।

(2) सब मतपेटियां तत्पश्चात् मुद्राबन्द की जाएंगी और सुरक्षित कर दी जाएंगी।";

[1]* * * * * * *

[2][(झ) नियम 46 के उपनियम (1) का खण्ड (कक) लागू नहीं होगा; तथा

(ञ) नियम 48 के उपनियम (3) और (4) के बदले निम्नलिखित उपनियम लागू होंगे—

"(3) रिटर्निंग आफिसर उस मतदान केन्द्र के पीठासीन आफिसर को जिसमें स्थगित मतदान होता है वह मुद्राबन्द पैकेट जिसमें निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति अन्तर्विष्ट है, और नई मतपेटियों का एक सेट देगा।

(4) पीठासीन आफिसर ऐसे मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में, जो वहां उपस्थित हों, मुद्राबंद पैकेट खोलेगा और स्थगित मतदान में निर्वाचक को दिए गए मतपत्रों के क्रम संख्यांकों को अभिलिखित करने के लिए निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति का उपयोग करेगा।]"।

---

1. अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 518(अ), तारीख 7 सितम्बर, 1979 द्वारा खंड (ज) का लोप किया गया।
2. अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा प्रतिस्थापित।

[1]CHAPTER II
VOTING BY ELECTRONIC VOTING MACHINES

49A. Design of Eletronic Voting Machines.—Every elctronic voting machine (hereinafter referred to as the voting machine) shall have a control unit and a balloting unit and shall be of such designs as may be approved by the Election Commission.

49B. Preparation of voting machine by the returning Officer.— (1) The balloting unit of the voting machine shall contain such particulars and in such lanugage or languages as the Election Commission may specify.

(2) The names of the candidates shall be arranged on the balloting unit in the same order in which they appear in the list of the contesting candidates.

(3) If two or more candidates bear the same name, they shall be distinguished by the addition of their occupation or residence or in some other manner.

(4) Subject to the foregoing provisions of this rule, the returning officer shall,—

(a) fix the label containing the names and symbol of the contesting candidates in the balloting unit and secure that unit with his seal and the seals of such of the contesting candidates or their election agents present as are desirous of affixing the same;

(b) set the number of contesting candidates and close the candidate set section in the control unit and secure it with his seal and the seals of such of the contesting candidates or their election agents present as are desirous of affixing the same.

49C. Arrangements at the Polling Stations.—(1) Outside each polling station there shall be displayed prominently—

(a) a notice specifying the polling area, the electors of which are entitled to vote at the polling station and, when the polling area has more than one polling station, the particulars of the electors so entitled; and

(b) a copy of the list of contesting candidates.

(2) At each polling station there shall be set up one or more voting compartments in which the electors can record their votes free from observation.

(3) The returning officer shall provide at each polling station one voting machine and copies of relevant part of the electoral roll and such other election material as may be necessary for taking the poll.

(4) Without prejudice to the provisions of sub-rule (3), the returning officer may, with the previous approval of the Election Commission, provide one common voting machine for two or more polling stations located in the same premises.

---

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 230(E), dated 24th March, 1992.

[1][अध्याय 2
इलैक्ट्रोनिक मतदान मशीनों द्वारा मतदान

49क. इलैक्ट्रोनिक मतदान मशीनों का परिकल्प—प्रत्येक इलैक्ट्रोनिक मतदान मशीन (जिसे इसमें इसके पश्चात् मतदान मशीन कहा गया है) में एक नियंत्रण यूनिट और एक मतदान यूनिट होगी और वह ऐसी परिकल्प की होगी जैसा निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित किया जाए।

49ख. रिटर्निंग आफिसर द्वारा मतदान यूनिट पर विशिष्टिया—

(1) मतदान मशीन के मतदान यूनिट पर विशिष्टियां ऐसी भाषा या भाषाओं में होंगी जो निर्वाचन आयोग निदेशित करे।

(2) अभ्यर्थियों के नाम मतदान यूनिट पर उसी क्रम से लिखे होंगे जिसमें वे निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची में दर्ज है।

(3) यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों का एक ही नाम है तो उनकी उपजीविका या निवास-स्थान जोड़कर या किसी अन्य रीति से उनको सुभिन्न किया जाएगा।

(4) इस नियम के पूर्वगामी उपबंधों के अधीन रहते हुए, रिटर्निंग आफिसर,—

(क) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के नामों और चिन्हों को अंतर्विष्ट करने वाला लेबल मतदान यूनिट में लगाएगा और उस यूनिट को अपनी मुद्रा से और निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या वहां उपस्थित उनके ऐसे निर्वाचन अभिकर्ताओं की मुद्राओं से, जो उस पर अपनी मुद्राएं लगाना चाहें, मुद्रांकित करेगा;

(ख) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या व्यवस्थित करेगा और अभ्यर्थी व्यवस्था अनुभाग को नियंत्रण यूनिट में बंद करेगा और उसे अपनी मुद्रा से निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों या वहां उपस्थित उनके ऐसे निर्वाचन अभिकर्ताओं की मुद्राओं से, जो उन पर अपनी मुद्राएं लगाना चाहें, मुद्रांकित करेगा।

49ग. मतदान केन्द्रों में इंतजाम—(1) हर एक मतदान केन्द्र के बाहर—

(क) उस मतदान क्षेत्र को, जिसके मतदाता उस मतदान केन्द्र में मत देने के लिए हकदार हैं, और जबकि मतदान क्षेत्र में एक से अधिक मतदान केन्द्र हैं तब ऐसे हकदार निर्वाचकों की विशिष्टियां, विनिर्दिष्ट करने वाली सूचना, तथा

(ख) निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची की एक प्रति, संलक्ष्यतः सम्प्रदर्शित की जाएगी।

(2) हर एक मतदान केन्द्र में एक या अधिक मतदान कोष्ठ स्थापित किए जाएंगे जिनमें निर्वाचक संप्रेक्षित हुए बिना अपने मत दे सकेंगे।

(3) रिटर्निंग आफिसर हर एक मतदान केन्द्र पर एक मतदान मशीन और निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग की प्रतियां और ऐसी अन्य निर्वाचन सामग्री जो मतदान कराने के लिए आवश्यक हो, की व्यवस्था करेगा।

(4) निर्वाचन आफिसर, उपनियम (3) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना निर्वाचन आयोग के पूर्वानुमोदन से एक ही परिसर में अवस्थित दो या अधिक मतदान केन्द्रों के लिए एक सामान्य मतदान मशीन की व्यवस्था करेगा।

1. अधिसूचना सं॰ का॰आ॰ 230(अ), तारीख 24 मार्च, 1992 द्वारा अंतःस्थापित।

49D. Admission to polling stations.—The presiding officer shall regulate the number of electors, to be admitted at any one time inside the polling station and shall exclude therefrom all persons other than.

(a) polling officers;

(b) public servants on duty in connection with the election;

(c) persons authorised by the Election Commission;

(d) candidates, their election agents and subject to the provisions of rule 13, one polling agent of each candidate;

(e) a child in arms accompanying as elector;

(f) a person accompanying a blind or infirm elector who cannot move without help; and

(g) such other person as the returning officer or the presiding officer may employ under sub-rule (2) of rule 49-G or sub-rule (1) or fule 49-H.

49E. Preparation of voting machine for poll.—(1) The control unit and balloting unit of every voting machine used at polling station shall bear a lable marked with—

(a) the serial number, if any, and the name of the constituency;

(b) the serial number and name of the polling station or stations as the case may be;

(c) the serial number of the unit; and

(d) the date of poll.

(2) Immediately before the commencement of the poll, the presiding officer shall demonstrate to the polling agents and other persons present that no voter has been already recorded in the voting machine and it bears the label referred to in sub-rule (4).

(3) A paper seal shall be used for securing the control unit of the voting machine, and the presiding officer shall affix his own signature on the paper seal and obtain thereon the signature of such of the polling agents present as the desirous of affixing the same.

(4) The presiding officer shall thereafter fix the paper seal so signed in the space meant therefor in the control unit of the voting machine and shall secure and seal the same.

(5) The seal used for securing the control unit shall be fixed in such manner that after in unit has been sealed, it is not possible to press the "result button" without breaking the seal.

(6) The control unit shall be closed and secured and placed in full view of the presiding officer and the polling agents and the balloting unit placed in the voting compartment.

49 घ. मतदान केन्द्रों में प्रवेश —पीठासीन आफ़िसर निर्वाचकों की उस संख्या को विनियमित करेगा जिस संख्या में वे मतदान केन्द्र के अन्दर एक ही समय प्रवेश कर सकेंगे, तथा—

(क) मतदान आफिसरों के;

(ख) निर्वाचन के संबंध में कर्तव्यारूढ़ लोक सेवकों के;

(ग) निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों के;

(घ) अभ्यर्थियों, उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं और नियम 13 के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए हर एक अभ्यर्थी के एक मतदान अभिकर्ता के;

(ङ) निर्वाचक के साथ गोद वाले बालक के;

(च) आधे या शिथिलांग निर्वाचक के जो सहायता के बिना चल फिर नहीं सकता, साथ वाले व्यक्ति के; तथा

(छ) ऐसे अन्य व्यक्तियों के जिन्हें, रिटर्निंग आफिसर या पीठासीन आफिसर नियम 49छ के उपनियम (2) या नियम 19ज के उपनियम (1) के अधीन नियोजित करे,

सिवाय सब अन्य व्यक्ति वहां से अपवर्जित करेगा।

49 ङ. मतदान के लिए मतदान मशीन का तैयार किया जाना—(1) मतदान केन्द्र में प्रयुक्त प्रत्येक मतदान मशीन के नियंत्रण यूनिट और मतदान यूनिट पर एक ऐसा लेबल लगा होगा जिस पर—

(क) यदि निर्वाचन-क्षेत्र का कोई क्रम संख्यांक हो तो वह और उसका नाम;

(ख) यथास्थिति, मतदान केन्द्र या केन्द्रों का क्रम संख्यांक और नाम;

(ग) यूनिट का क्रम संख्यांक; और

(घ) मतदान की तारीख,
चिन्हित होगा या होगी।

(2) मतदान के प्रारंभ होने से अव्यवहित पूर्व पीठासीन आफिसर उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं और अन्य व्यक्तियों को यह निर्देशित करेगा कि मतदान मशीन में पहले से ही कोई मत दर्ज नहीं किया गया है और उस पर उपनियम (4) में निर्दिष्ट लेबल लगा है।

(3) जहां तक कि मतदान मशीन के नियंत्रण यूनिट को सुरक्षित रूप से बंद कराने के लिए पत्र-मुद्रा का उपयोग किया जाता है, वहां पीठासीन आफिसर पत्र-मुद्रा पर अपने हस्ताक्षर अंकित करेगा और उन पर उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं में से ऐसों के हस्ताक्षर कराएगा जो उन्हें अंकित करने की वांछा रखते हों।

(4) पीठासीन आफिसर इस प्रकार हस्ताक्षरित पत्र-मुद्रा को मतदान मशीन के नियंत्रण यूनिट में उसके लिए अभिप्रेत स्थान में तत्पश्चात् लगाएगा और उसे सुरक्षित रूप से बंद और मुद्रांकित करेगा।

(5) नियंत्रण यूनिट को सुरक्षित रूप से बंद करने के लिए उपयोग में लाई गई मुद्राएं ऐसी रीति से लगाई जाएंगी कि यूनिट को मुद्रांकित किए जाने के पश्चात् मुद्राओं को तोड़े बिना "परिणाम बटन" को दबाना संभव न हो।

(6) नियंत्रण यूनिट सुरक्षित रूप से बंद और मुद्रांकित किया जाएगा और इस प्रकार रखा जाएगा कि वह पीठासीन आफिसर और मतदान अभिकर्ताओं को पूर्ण रूपेण दृष्टिगोचर रहे और मतदान यूनिट को मतदान कोष्ठ में रखा जाएगा।

49F. Marked copy of electoral roll.—Immediately before the commencement of the poll, the presiding officer shall also demonstrate to the Polling agents and others present that the marked copy of the electoral roll to be used during the poll does not contain—

(a) any entry other than that made in pursuance of clause (b) of sub-rule (2) of rule 20; and

(b) any mark other than the mark made in pursuance of clause (b) of sub-rule (2) of rule 23.

49G. Facilities for women electors.—(1) Where a polling station is for both men and women electors, the presiding officer may direct that they shall be admitted into the polling station alternately in separate batches.

(2) The returning officer or the presiding officer may appoint a women to serve as an attendant at any polling station to assist women electors and also to assist the presiding officer generally in taking the poll in respect of women electors, and in particular, to help/frisking any woman elector in case it becomes necessary.

49H. Identification of electors.—(1) The presiding officer may employ at the polling station such persons as he thinks fit to help in the identification of the electors or to assist him otherwise in taking the poll.

(2) As each elector enters the polling station, the presiding officer or the polling officer authorised by him in this behalf shall check the elector's name and other particulars with the relevant entry in the electoral roll and then call out the serial number, name and other particulars of the elector.

(3) Where the polling station is situated in a constituency electors of which have been supplied with identity cards under the provisions of the Registration of Electors Rules, 1960, the elector shall produce his identity card before the presiding officer or the polling officer authorised by him in this behalf.

(4) In deciding the right of a person to cast his vote, the presiding officer or the polling officer, as the case may be, shall over look the clerical or printing errors in an entry in the electoral roll if he is satisfied that such person is identical with the elector to whom such entry relates.

49I. Facilities for public servants on election duty.—(1) The provisions of rule 49-H shall not apply to any person who produces at the polling station an election duty certificate in Form-12B and seeks permission to cast his vote at that polling station although it is different from the one where he is entitled to vote.

(2) On production of such certificate, the Presiding Officer shall—

(a) obtain thereon, the signature of the person producing it;

(b) have the person's name and electoral roll number as mentioned in the certificate entered at the end of the marked copy of the electoral roll; and

(c) permit him to cast his vote in the same manner as for an elector entitled to vote at that polling station.

49J. Challenging of Identity.—(1) Any polling agent may challenge the identity of a person claiming to be a particular elector by first depositing a sum of two rupees in cash with the presiding officer for each such challenge.

(2) On such deposit being made, the presiding officer shall—

(a) warm the person challenged of the penalty for personation;

(b) read the relevant entry in the electoral roll in full and ask him whether he is the person referred to in that entry;

49च. निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति— मतदान के प्रारम्भ से ठीक पूर्व, पीठासीन आफिसर मतदान अभिकर्ताओं और अन्य उपस्थित लोगों को यह भी निर्देशित करेगा कि मतदान के दौरान काम में लाई जाने वाली निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति में—

(क) नियम 20 के उपनियम (2) के खंड (ख) के अनुसरण में की गई प्रविष्टि से भिन्न कोई प्रविष्टि; और

(ख) नियम 23 के उपनियम (2) के खंड (ख) के अनुसरण में किए गए चिन्ह से भिन्न कोई चिन्ह, अन्तर्विष्ट नहीं है।

49छ. मतदात्रियों के लिए सुविधाएं— (1) जहां कि मतदान केन्द्र मतदाताओं और मतदात्रियों दोनों के लिए है वहां पीठासान आफिसर यह निदेश दे सकेगा कि उनको मतदान केन्द्र में बारी-बारी से पृथक्-पृथक् टुकड़ियों में घुसने दिया जाएगा।

(2) रिटर्निंग आफिसर या पीठासीन आफिसर किसी स्त्री को मतदात्रियों की सहायता करने के लिए और मतदात्रियों की बाबत मतदान करने में साधारणतया पीठासीन आफिसर की सहायता करने के लिए भी और विशिष्टतः किसी मतदात्री को उस दशा में हटाने में मदद करने के लिए, जब कि वह आवश्यक हो, परिचारिका के रूप में किसी मतदान केन्द्र में सेवा करने के लिए नियुक्त कर सकेगा।

49ज. निर्वाचकों का अभिज्ञान—(1) पीठासीन आफिसर ऐसे व्यक्तियों को जैसों को वह ठीक समझे मतदान केन्द्र में निर्वाचकों के अभिज्ञान करने में अपनी मदद करने के लिए या अन्यथा मतदान में अपनी सहायता करने के लिए नियोजित कर सकेगा।

(2) जैसे-जैसे हर एक निर्वाचक मतदान केन्द्र में प्रवेश करे वैसे-वैसे पीठासीन आफिसर या उसके द्वारा इस निमित प्राधिकृत मतदान आफिसर निर्वाचक के नाम और अन्य विशिष्टियों को निर्वाचक नामावली में की सुसंगत प्रविष्टि से मिलाएगा और तब निर्वाचक का क्रम संख्यांक, नाम और अन्य विशिष्टियां पढ़ कर सुनाएगा।

(3) जहां कि मतदान केन्द्र ऐसे निर्वाचन-क्षेत्र में अवस्थित है जिसके निर्वाचकों को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उपबंधों के अधीन अभिज्ञान-पत्र दिए गए हैं वहां पीठासीन आफिसर या इस निमित्त उस द्वारा प्राधिकृत मतदान आफिसर के समक्ष निर्वाचक अपना अभिज्ञान-पत्र पेश करेगा।

(4) किसी व्यक्ति के मतदान करने के अधिकार का विनिश्चय करने में यथास्थिति, पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर निर्वाचक नामावली में की प्रविष्टि में लिपिकीय या मुद्रण संबंधी अशुद्धियों की उस दशा में अनवेक्षा करेगा जिसमें कि उसका समाधान हो जाता है कि ऐसा व्यक्ति वही निर्वाचक है जिससे कि ऐसी प्रविष्टि संबद्ध है।

49झ. निर्वाचन कर्तव्यारूढ़ लोक सेवकों के लिए सुविधाएं— (1) नियम 49ज के उपबंध किसी ऐसे व्यक्ति को लागू न होंगे जो मतदान केन्द्र में प्ररूप 12ख में निर्वाचन कर्तव्य प्रमाणपत्र पेश कर देता है और उस मतदान केन्द्र में अपना मत देने की अनुज्ञा दिए जाने की मांग करता है भले ही वह मतदान केन्द्र उस केन्द्र से भिन्न हो जहां मत देने का वह हकदार है।

(2) ऐसे प्रमाणपत्र के पेश किए जाने पर पीठासीन आफिसर—

(क) उस पर उसे पेश करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर अभिप्राप्त करेगा;

(ख) उस व्यक्ति का नाम और निर्वाचक नामावली संख्यांक, जो प्रमाणपत्र में वर्णित है, निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति के अंत में प्रविष्टि कराएगा; तथा

(ग) मत देने की अनुज्ञा उसी रीति से देगा जैसी उस मतदान केन्द्र में मत देने के हकदार किसी निर्वाचक को देता है।

49ञ. अनन्यता के बारे में अभ्याक्षेप—(1) कोई मतदान अभिकर्ता विशिष्ट निर्वाचक होने का दावा करने वाले व्यक्ति की अनन्यता के संबंध में अभ्याक्षेप हर एक ऐसे अभ्याक्षेप के लिए पीठासीन आफिसर के पास नकद दो रुपए की राशि पहले निक्षिप्त करके कर सकेगा।

(2) पीठासीन आफिसर ऐसा निक्षेप किए जाने पर—

(क) उस व्यक्ति को, जिसकी बाबत ऐसा अभ्याक्षेप किया गया है, प्रतिरूपण के लिए शास्ति की चेतावनी देगा;

(ख) निर्वाचक नामावली में की सुसंगत प्रविष्टि को पूरी तरह पढ़कर सुनाएगा और उससे पूछेगा कि क्या वह उस प्रविष्टि में निर्दिष्ट व्यक्ति है;

(c) enter his name and address in the list of challenged votes in Form 14; and

(d) require him to affix his signature in the said list.

(3) The presiding officer shall thereafter hold a summary inquiry into the challenge and may for that purpose.—

(a) require the challenger to adduce evidence in proof of the challenge and the person challenged to adduce evidence in proof of his identity;

(b) put to the person challenged any questions necessary for the puipose of establishing his identity and require him to answer them on oath; and

(c) administer an oath to the person challenged and any other person offering to give evidence.

(4) If, after the inquiry, the presiding officer considers that the challenge has not been established he shall allow the person challenged to vote; and if he considers that the challenge has been established, he shall debar the person challenged from voting.

(5) If the presiding officer is of the opinion that the challenge is frivolous or has not been made in good faith, he shall direct that the deposit made under sub-rule (1) be forfeited to Government, and in any other case, returned to the challenger at the conclusion of the inquiry.

49K. Safeguards against personation—(1) Every elector about whose identity the presiding officer or the polling officer, as the case may be, is satisfied, shall allow his left forefinger to be inspected by the presiding officer or polling officer and an indelible ink mark to be put on it.

(2) If any elector—

(a) refure to allow his left forefinger to be inspected or marked in accordance with sub-rule (1) or has already such a mark on his left forefinger or does any act with a view to removing the ink mark, or

(b) fails or refuses to produce his identity card as required by sub-rule (3) of rule 49-H he shall not be allowed to vote.

(3) Where a poll is taken sumultaneously in a Parliamentary constituency and an assembly constituency, and elector whose left forefinger has been marked witn indeliable ink or who has produced his identity card at one such election, shall notwithstanding anything contained in sub-rules (1) and (2) be permitted to cast his vote for the other election.

(4) Any reference in this rule to the left forefinger of an elector shall, in the case where the elector has his left forefinger missing, he construed as a reference to any other finger to his left hand, and shall, in the case where all the fingers of his left hand are missing, be construed as a reference to the forefinger or any other finger of his right hand, and shall in the case where all his fingers of both the hands are missing be construed as a reference to such extremity of his left or right arm as he possesses.

49L. Procedure for voting by voting machines—(1) Before permitting an elector to vote, the polling officer shall—

(a) record the electoral roll number of the elector as entered in the marked copy of the electoral roll in a register of voters in Form 17-A.

(b) obtain the signature or the thumb impression of the elector on the said register of votes; and

(ग) अभ्याक्षेपित मतों की प्ररूप 14 वाली सूची में उसका नाम और पता प्रविष्ट करेगा; तथा

(घ) उक्त सूची में अपने हस्ताक्षर करने की उससे अपेक्षा करेगा।

(3) पीठासीन आफिसर तत्पश्चात् उस अभ्याक्षेप के संबंध में संक्षिप्त जांच करेगा और उस प्रयोजन के लिए --

(क) यह अपेक्षा कर सकेगा कि अभ्याक्षेपकर्ता अपने अभ्याक्षेप के सबूत के साक्ष्य दें और अभ्याक्षेपित व्यक्ति अपनी अनन्यता के सबूत में साक्ष्य दें;

(ख) जिस व्यक्ति की बाबत अभ्याक्षेप किया गया है उसकी अनन्यता स्थापित करने के प्रयोजन के लिए आवश्यक कोई प्रश्न उससे पूछ सकेगा और उनका उत्तर शपथ पर देने की उससे अपेक्षा कर सकेगा; और

(ग) जिस व्यक्ति की बाबत अभ्याक्षेप किया गया है उसको और साक्ष्य देने की प्रस्थापना करने वाले किसी अन्य व्यक्ति को शपथ दिला सकेगा।

(4) यदि जांच के पश्चात् पीठासीन आफिसर का विचार हो कि अभ्याक्षेप सत्य साबित नहीं हुआ है तो वह अभ्याक्षेपित व्यक्ति को अनुज्ञा देगा कि वह मत दें, और यदि उसका विचार हो कि अभ्याक्षेप स्थापित कर दिया गया है तो वह अभ्याक्षेपित व्यक्ति को मत देने से विवर्जित करेगा।

(5) यदि पीठासीन आफिसर की यह राय है कि अभ्याक्षेप तुच्छ हैं या सद्भावनापूर्वक नहीं किया गया है तो वह यह निदेश देगा कि उपनियम (1) के अधीन किया गया निक्षेप सरकार के पक्ष में समपहृत कर लिया जाए और किसी अन्य दशा में जांच की समाप्ति पर उसे अभ्याक्षेपकर्ता को लौटा दिया जाए।

49ट. प्रतिरूपण के खिलाफ उपाय—(1) हर ऐसा निर्वाचक, जिसकी अनन्यता की बाबत, यथास्थिति, पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर का समाधान हो गया है, अपनी बांई तर्जनी का निरीक्षण पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर द्वारा किया जाने देगा, और उस पर अमिट स्याही का चिन्ह लगाया जाने देगा।

(2) यदि कोई निर्वाचक–

(क) अपनी बांई तर्जनी को उपनियम (1) के अनुसार निरीक्षित या चिन्हित कराने से इंकार करता है या उसकी अपनी बांई तर्जनी पर ऐसा चिन्ह पहले से है या ऐसे स्याही चिन्ह को हटाने की दृष्टि से कोई कार्य करता है, अथवा

(ख) नियम 49ज के उपनियम (3) द्वारा यथापेक्षित रूप में अपना अभिज्ञान–पत्र पेश करने में असफल होता है या पेश करने से इंकार करता है,
तो उसे मतदान नहीं करने दिया जाएगा।

(3) जहां कि संसदीय निर्वाचन-क्षेत्र तथा सभा निर्वाचन-क्षेत्र में मतदान साथ-साथ हो वहां उस निर्वाचक को, जिसकी बांई तर्जनी ऐसे एक निर्वाचन में, अमिट स्याही से चिन्हित कर दी गई है या जिसने अपना अभिज्ञान–पत्र ऐसे एक निर्वाचन में पेश कर दिया है, उपनियम (1) और (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, दूसरे निर्वाचन के लिए मतदान नहीं करने दिया जाएगा।

(4) इस नियम में निर्वाचक की बांई तर्जनी के प्रति किसी निर्देश का उस दशा में, जिसमें निर्वाचक को बांई तर्जनी नहीं है ऐसे अर्थ लगाया जाएगा मानो वह उसके बाएं हाथ ही किसी दूसरी उंगली के प्रति निर्देश है और जहां कि उसके बाएं हाथ की सब उंगलियां न हों वहां ऐसे अर्थ लगाया जाएगा मानो वह निर्देश उसके दाहिने हाथ की तर्जनी या किसी दूसरी उंगली के प्रति निर्देश है और जहां कि उसके दोनों हाथों की सब उंगलियां नहीं हैं वहां ऐसे अर्थ लगाया जाएगा मानो वह उसकी बांई या दाहिनी भुजा के ऐसे अग्रतम भाग के प्रति निर्देश हो जैसा कि उसका है।

49ठ. मतदान मशीनों द्वारा मतदान के लिए प्रक्रिया—(1) किसी निर्वाचक को मतदान करने की अनुज्ञा देने से पूर्व, मतदान आफिसर

(क) निर्वाचक का निर्वाचक नामावली संख्यांक, जो मतदाता रजिस्टर प्ररूप 17क में निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति में प्रविष्ट है, अभिलिखित करेगा;

(ख) उक्त मतदाता रजिस्टर में निर्वाचक के हस्ताक्षर अथवा अंगूठे की छाप अभिप्राप्त करेगा; और

(c) mark the name of the elector in the marked copy of the electoral roll to indicate that he has been allowed to vote.

Provided that no elector shall be allowed to vote unless he has his signature or thumb impression on the register of voters.

(2) Notwithstanding anything contained in sub-rule (2) of rule 2, it shall be necessary for any presiding officer or polling officer or any other officer to attest the thumb impression of the elector on the register of voters.

49M. Maintenance of secrecy of voting by electors within the polling station and voting procedures —

(1) Every elector who has been permitted to vote under rule 49-L shall maintain secrecy of voting within the polling station and for that purpose observe the voting procedure hereinafter laid down.

(2) Immediately on being permitted to vote the elector shall proceed to the presiding officer or the polling officer incharge of the control unit of the voting machine who shall, by pressing the appropriate button on the control unit, activate the balloting unit; for recording of elector's vote.

(3) The elector shall thereafter forthwith—

(a) proceed to the voting compartment;

(b) record his vote by pressing the button on the balloting unit against the name and symbol of the candidate for whom he intends to vote; and

(c) come out of the voting compartment and leave the polling station.

(4) Every elector shall vote without undue delay.

(5) No elector shall be allowed to enter the voting compartment when another elector is inside it.

(6) If an elector who has been permitted to vote under rule 49-L or rule 49-P refuses after warning given by the presiding officer to observe the procedure laid down in sub-rule (3) of the said rules, the presiding officer or a polling officer under the direction of the presiding officer shall not allow such elector to vote.

(7) Where an elector is not allowed to vote under sub-rule (6), a remark to the effect that voting procedure has been violated shall be made against the elector's name in the register of voters in Form 17-A by the presiding Officer under his signature.

49N. Recording of votes of blind or infirm electors.—(1) If the presiding officer is satisfied that owing to blindness or other physical infirmities an elector is unable to recognise the symbol on the balloting unit of the voting machine or unable to record his vote by pressing the appropriate button thereon without assistance the presiding officer shall permit the elector to take with him a companion of not less than eighteen years of age to the voting compartment for recording the vote on his behalf and in accordance with his wishes:

Provided that no person shall be permitted to act as the companion of more than one elector at any polling station on the same day:

Provided further that before any person is permitted to act as the companion of an elector on any day under this rule that person shall be required to declare that he will keep secret the vote recorded by him on behalf of the elector and that he has not already acted as the companion of any other elector at any other polling station on that day.

(ग) निर्वाचक का नाम निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में यह उपदर्शित करने के लिए चिह्नित करेगा कि उसको मतदान करने की अनुज्ञा दी गई है :

परन्तु यह कि किसी निर्वाचक को तब तक मतदान नहीं करने दिया जाएगा जब तक कि उसने मतदाता रजिस्टर में अपने हस्ताक्षर न किए हों या अंगूठे की छाप न लगाई हो।

(2) नियम 27 के उपनियम (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, किसी पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर या किसी अन्य आफिसर के लिए यह आवश्यक नहीं होगा कि वह मतदाता रजिस्टर में निर्वाचक के अंगूठे की छाप को अनुप्रमाणित करे।

49ड. निर्वाचकों द्वारा मतदान केन्द्र में मतदान की गोपनीयता बनाए रखना और मतदान प्रक्रिया—(1) हर वह निर्वाचक, जिसे नियम 49ठ के अधीन मत देने के लिए अनुज्ञात किया गया है, मतदान केन्द्र में मतदान की गोपनीयता बनाए रखेगा और इस प्रयोजन के लिए एतस्मिनपश्चात् अधिकथित मतदान प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

(2) मतदान करने के लिए अनुज्ञात किए जाने पर तत्काल निर्वाचक पीठासीन अधिकारी के पास या मतदान मशीन की नियंत्रण यूनिट के भारसाधक मतदान अधिकारी के पास जाएगा जो, नियंत्रण यूनिट पर समुचित बटन दबाकर, निर्वाचक का मत अभिलिखित करने के लिए मतदान यूनिट को सक्रिय करेगा।

(3) निर्वाचक उसके पश्चात् तत्काल—

(क) मतदान कोष्ठ में जाएगा;

(ख) उस अभ्यर्थी के नाम और प्रतीक के सामने जिसको वह मत देने का आशय रखता है, मतदान यूनिट का बटन दबाकर अपना मत अभिलिखित करेगा; और

(ग) मतदान कोष्ठ से बाहर जाएगा तथा मतदान केन्द्र से बाहर चला जाएगा।

(4) हर निर्वाचक असम्यक् विलंब के बिना मत देगा।

(5) जब मतदान कोष्ठ में कोई निर्वाचक है तब अन्य किसी निर्वाचक को उसमें प्रवेश न करने दिया जाएगा।

(6) यदि कोई निर्वाचक, जिसे नियम 49ठ या 49त के अधीन मत देने के लिए अनुज्ञात किया गया है, उक्त नियमों के उपनियम (3) में अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन करने के लिए पीठासीन आफिसर द्वारा चेतावनी दिए जाने के पश्चात् भी इंकार करें, तो पीठासीन आफिसर या पीठासीन आफिसर के निर्देश से मतदान आफिसर ऐसे निर्वाचक को मत देने के लिए अनुज्ञात नहीं करेगा।

(7) जहां उपनियम (6) के अधीन निर्वाचक को मत देने के लिए अनुज्ञात नहीं किया गया है, पीठासीन आफिसर अपने हस्ताक्षर से मतदाताओं के रजिस्टर में निर्वाचक के नाम के सामने प्ररूप 17क में इस आशय का टिप्पण लिखेगा कि मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया है।

49ढ. अंधे या शिथिलांग निर्वाचकों के मतों का अभिलेखन—(1) यदि पीठासीन आफिसर का समाधान हो जाता है कि अंधेपन या अन्य अंगशैथिल्य के कारण कोई निर्वाचक मतदान मशीन की मतदान यूनिट पर प्रतीक को पहचानने में या सहायता के बिना उसके समुचित बटन दबाकर अपना मत अभिलिखित करने में असमर्थ है, तो पीठासीन आफिसर, निर्वाचक को अपनी ओर से और अपनी इच्छाओं के अनुसार मत अभिलिखित करने के लिए अपने साथ अठारह वर्ष से अन्यून आयु का एक साथी मतदान कोष्ठ में ले जाने की अनुज्ञा देगा :

परन्तु किसी व्यक्ति को एक ही दिन किसी मतदान केन्द्र में एक से अधिक निर्वाचकों के साथी के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि किसी व्यक्ति को इस नियम के अधीन किसी दिन किसी निर्वाचक के साथी के तौर पर कार्य करने के लिए अनुज्ञात करने से पहले उस व्यक्ति से यह घोषणा करने की अपेक्षा की जाएगी कि वह निर्वाचक की ओर से अपने द्वारा अभिलिखित किए गए मत को गुप्त रखेगा और यह कि उसने उस दिन किसी मतदान केन्द्र में किसी अन्य निर्वाचक के साथी के तौर पर पहले कार्य नहीं किया है :

(2) The presiding officer shall keep a record in Form 14A of all cases under this rule.

49O. Elector deciding not to vote—If an elector, after his electoral roll number has been duly entered in the register of voters in Form-17A and has put his signature or thumb impression thereon as required under sub-rule (1) of rule 49L, decided not to record his vote, a remark to this effect shall be made against the said entry in Form 17A by the presiding officer and the signature or thumb impression of the elector shall be obtained against such remark.

49P. Tendered Votes—(1)If a person representing himself to be a particular elector seeks to vote after another person has already voted as such elector, he shall, on satisfactorily answering such questions relating to his identity as the presiding officer may ask, be, instead of being allowed to vote through the balloting unit, supplied with a tendered ballot paper which shall be of such design, and the particulars of which shall be in such language or languages as the Election Commission may specify.

(2) Every such elector shall before being supplied with tendered ballot paper write has name against the entry relating to him in Form 17B.

(3) On receiving the ballot paper he shall forthwith—

(a) proceed to the voting compartment;

(b) record there his vote on the ballot paper by placing a cross mark 'X' with the instrument or article supplied for the purpose on or near the symbol of the candidate for whom he intends to vote.

(c) fold the ballot paper so as to conceal his vote.

(d) show to the presiding officer, if required, the distinguishing mark on the ballot paper.

(e) give it to the presiding officer who shall place it in a cover specially kept for the purpose; and

(f) leave the polling station.

(4) If owing blindness or physical infirmities, such elector is anable to record his vote without assistance; the presiding officer shall permit him to take with him a companion, subject to the same conditions and after following the same procedure as laid down in rule 49N for recording the vote in accordance with his wishes.

49Q. Presiding Officer's entry in the voting compartment during poll—(1) The presiding officer may whenever he considers it necessary so to do, enter the voting compartment during poll and take suh steps as may be necessary to ensure that the balloting unit is not tampered or interfered with in any way.

(2) If the presiding officer has reason to suspect that an elector who has entered the voting compartment is tampering or otherwise interfering with the balloting unit or has remained inside the voting compartment for unduly long period, he shall enter the voting compartment and take such steps as may be necessary to ensure the smooth and orderly progress of the poll.

(3) Whenever the presiding officer enters the voting compartment under this rule, he shall permit the polling agents present to accompany him if they so desire.

49R. Closing of Poll—(1) The presiding officer shall close a polling station at the hour fixed in that behalf under section 56 and shall not thereafter admit any elector into the polling station :

Provided that all electors present at the polling station before it is closed shall be allowed to cast their votes.

(2) पीठासीन आफिसर इस नियम के अधीन के सभी मामलों का प्ररूप 14क में अभिलेख रखेगा।

49ण. निर्वाचक का मत न देने के लिए विनिश्चय करना—यदि कोई निर्वाचक, उसका निर्वाचक नामावली संख्यांक मतदाता रजिस्टर में प्ररूप 17क में सम्यक् रूप से प्रविष्ट किए जाने और नियम 39ठ के उपनियम (1) के अधीन अपेक्षित रूप में उस पर अपने हस्ताक्षर करने या अंगूठे की छाप लगाने के पश्चात् अपना मत अभिलिखित न करने का विनिश्चय करता है तो उस आशय की एक टिप्पणी पीठासीन अधिकारी प्ररूप 17क में उक्त प्रविष्टि के सामने लिखेगा और निर्वाचक के हस्ताक्षर या अंगूठे की छाप ऐसी टिप्पणी के सामने अभिप्राप्त करेगा।

49त. निविदत्त मत—(1) यदि कोई व्यक्ति अपनी बाबत यह व्यपदिष्ट करके कि वह विशिष्ट निर्वाचक है, से निर्वाचक के रूप में दूसरे व्यक्ति द्वारा पहले से ही मत दे दिए जाने के पश्चात् मत देना चाहता है, तो उसे अपनी अनन्यता के बारे में ऐसे प्रश्नों के समाधानप्रद रूप में उत्तर देने के पश्चात् जैसे पीठासीन आफिसर पूछे, मतदान यूनिट के माध्यम से मत देने के लिए अनुज्ञात करने के बजाए निविदत्त मतपत्र का प्रदाय किया जाएगा जो ऐसी डिजाइन का होगा और जिसकी विशिष्टियां ऐसी भाषा या भाषाओं में होंगी जो निर्वाचन आयोग विनिर्दिष्ट करे।

(2) हर ऐसा व्यक्ति निविदत्त मतपत्र का प्रदाय किए जाने के पहले अपना नाम प्ररूप 17ख से संबंधित प्रविष्टि के सामने लिखेगा।

(3) मतपत्र प्राप्त करने पर वह तत्क्षण,—

(क) मतदान कोष्ठ में जाएगा;

(ख) अपना मत मतदान पत्र पर उस प्रयोजन के लिए उसे दिए गए उपकरण या वस्तु से उस अभ्यर्थी के प्रतीक पर या उसके निकट, जिसके लिए मत देने का उसका आशय है, एक क्रास चिह्न (×) लगा कर अभिलिखित करेगा;

(ग) मतपत्र को इस तरह मोड़ लेगा कि उसका मत छिप जाए;

(घ) पीठासीन आफिसर को, यदि अपेक्षित हो तो, मतपत्र पर लगा सुभिन्नक चिह्न दर्शित करेगा;

(ङ) उसे पीठासीन आफिसर को देगा, जो उसे उस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए लिफाफे में रखेगा; और

(च) मतदान केन्द्र से बाहर चला जाएगा।

(4) यदि अन्धेपन या अंगशैथिल्य के कारण ऐसा निर्वाचक सहायता के बिना अपना मत अभिलिखित करने में असमर्थ है तो पीठासीन आफिसर निर्वाचक को अपनी इच्छाओं के अनुसार मत अभिलिखित करने के लिए उन्हीं शर्तों के अधीन रखते हुए और नियम 49ड में अधिकथित प्रक्रिया का अनुसरण करने के पश्चात् एक साथी अपने साथ ले जाने की अनुज्ञा देगा।

49थ. मतदान के दौरान मतदान कोष्ठ में पीठासीन आफिसर का प्रवेश करना—(1) जब कभी पीठासीन आफिसर ऐसा करना आवश्यक समझे तब वह मतदान के दौरान मतदान कोष्ठ में प्रवेश कर सकेगा और ऐसे कदम उठा सकेगा जैसे यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो कि उसमें की मतदान यूनिट में किसी प्रकार से कोई गड़बड़ या हस्तक्षेप न किया जाए।

(2) यदि पीठासीन आफिसर के पास यह सन्देह करने का कारण है कि कोई निर्वाचक, जिसने मतदान कोष्ठ में प्रवेश किया है, किसी मतदान यूनिट में गड़बड़ कर रहा है या अन्यथा उसमें हस्तक्षेप कर रहा है या मतदान कोष्ठ में असम्यक् देरी तक बना रहा है तो वह मतदान कोष्ठ में प्रवेश करेगा और ऐसे कदम उठाएगा जैसे मतदान की निर्विघ्न और व्यवस्थित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक हो।

(3) जब कभी पीठासीन आफिसर मतदान कोष्ठ में इस नियम के अधीन प्रवेश करे तब वह उपस्थित मतदान अभिकर्ताओं को, यदि वे ऐसी वांछा करें तो अपने साथ जाने देगा।

49द. मतदान बन्द करना—(1) पीठासीन आफिसर मतदान केन्द्र को धारा 56 के अधीन तन्निमित्त नियत समय पर बन्द कर देगा और तत्पश्चात् किसी निर्वाचक को उसमें प्रवेश न करने देगा :

परन्तु मतदान केन्द्र के बन्द किए जाने के पूर्व उसमें उपस्थित सब निर्वाचक अपने मत डालने के लिए अनुज्ञात किए जाएंगे।

(2) If any question arises whether an elector was present at the polling station before it was closed it shall be decided by the presiding officer and his decision shall be final.

49S. Account of votes recorded.—(1) The presiding officer shall at the close of the poll prepare an account of votes recorded in Form 17-C and enclose it in a separate cover with the words 'Account of Votes Recorded' superscribed thereon.

(2) The presiding officer shall furnish to every polling agent present at the close of the poll a true copy of the entires made in Form 17-C after obtaining a receipt from the said polling agent therefor and shall attest it as a true copy.

49T. Sealing of voting machine after poll.—(1) As soon as practicable after the closing of the poll, the presiding officer shall close the control unit to ensure that no further votes can be recorded and shall detach the balloting unit from the control unit.

(2) The control unit and the balloting unit shall thereafter be sealed, and secured separately in such manner as the Election Commission may direct and the seal used for securing them shall be affixed that it will not be possible to open the units without breaking the seals.

(3) The polling agents present at the polling station, who desire to affix their seals, shall also be permitted to do so.

49U. Sealing of other packets.—(1) The presiding officer shall then make into separate packets,—

(a) the marked copy of the electoral roll;

(b) the register of voters in Form 17A;

(c) the cover containing the tendered ballot papers and the list in Form 17B;

(d) the list of challenged votes; and

(e) any other papers directed by the Election Commission to be kept in a sealed packet.

(2) Each packet shall be sealed with the seal of the presiding officer and with the seal either of the candidate or of his election agent or of his polling agent who may be present at the polling station and may desire to affix his seal thereon.

49V. Transmission of voting machines, etc., to the returning officer.—(1) The presiding officer shall then deliver or cause to be delivered to the returning officer at such place as the returning officer may direct,—

(a) the voting machine;

(b) the account of votes recorded in Form 17C;

(c) the sealed packets referred to in rule 49U; and

(d) all other papers used at the poll.

(2) The returning officer shall make adequate arrangements for the safe transport of the voting machine, packets and other papers for their safe custody until the commencement of the counting of votes.

49W. Procedure on adjournment of poll.—(1) If the poll at any polling station is adjourned under sub-section (1) of section 57, the provision of rules 49S to 49V shall, as far as practicable, apply as if the poll was closed at the hour fixed in that behalf under section 56.

(2) यदि कोई प्रश्न इस बाबत पैदा होता है कि कोई निर्वाचक मतदान केन्द्र बन्द किए जाने के पूर्व वहां उपस्थित था या नहीं तो उसका विनिश्चय पीठासीन आफिसर द्वारा किया जाएगा और उनका विनिश्चय अन्तिम होगा।

49थ. अभिलिखित मतों का लेखा—(1) पीठासीन आफिसर मतदान के बन्द होने पर प्ररूप 17ग में मतों का लेखा तैयार करेगा और उसे एक पृथक् लिफाफे में परिवेष्ठित कर उस पर अभिलिखित मतों का लेखा शब्द लिखेगा।

(2) पीठासीन आफिसर मतदान के बन्द होने पर उपस्थित प्रत्येक मतदान अभिकर्ता को प्ररूप 17ग में की गई प्रविष्टियों की एक सही प्रति उस मतदान अभिकर्ता से उसकी रसीद प्राप्त करने के पश्चात् देगा और उसे सही प्रति के रूप में अनुप्रमाणित करेगा।

49न. मतदान के पश्चात् मतदान मशीन का मुद्राबन्द किया जाना—(1) मतदान के बन्द होने के पश्चात् यथासाध्य शीघ्रता से, पीठासीन आफिसर यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई और मतों का अभिलेखन न किया जा सके नियंत्रण यूनिट को बंद कर देगा और मतदान यूनिट को नियंत्रण यूनिट से वियोजित कर देगा।

(2) नियंत्रण यूनिट और मतदान यूनिट को उसके पश्चात् अलग-अलग रूप से उस रीति से जैसा कि निर्वाचन आयोग निदेशित करे मुद्राबंद और सुरक्षित किया जाएगा और उन्हें सुरक्षित करने के लिए प्रयुक्त मुद्रा इस प्रकार लगाई जाएगी कि बिना मुद्राओं को तोड़े यूनिटों का खोलना संभव नहीं होगा।

(3) मतदान केन्द्र पर उपस्थित मतदान अभिकर्ता, जो उनकी मुद्रा लगाने की वांछा करे को भी ऐसा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा।

49प. अन्य पैकेटों को मुद्राबन्द करना— (1) पीठासीन आफिसर तब—

(क) निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति के;

(ख) प्ररूप 17क में मतदाता रजिस्टर के;

(ग) निविदत्त मतपत्रों को अंतर्विष्ट रखने वाले लिफाफे और प्ररूप 17ख में सूची के;

(घ) अभ्याक्षेपित मतों की सूची में; और

(ङ) किन्हीं अन्य ऐसे कागजपत्रों के, जिनकी बाबत निर्वाचन आयोग ने निदेश दिया है कि वे मुद्राबंद पैकेट में रखे जाएं, पृथक पैकेट बनाएगा।

(2) ऐसे हर पैकेट पीठासीन आफिसर की ओर से या तो अभ्यर्थी को या उसके निर्वाचक अभिकर्ता अथवा उसके मतदान अभिकर्ता को जो मतदान केन्द्र पर उपस्थित हो और उस पर अपनी मुद्रा लगाना चाहे, मुद्रा से मुद्रांकित किया जाएगा।

49फ. मतदान मशीन आदि का रिटर्निंग आफिसर को पारेषण—(1) पीठासीन आफिसर तब रिटर्निंग आफिसर को—

(क) मतदान मशीन;

(ख) प्ररूप 17ग में अभिलिखित मतों का लेखा,

(ग) नियम 49प में निर्दिष्ट मुद्राबंद पैकेट; और

(घ) मतदान में उपयोग में लगाए गए सब अन्य कागजपत्र ऐसे स्थान में जैसा रिटर्निंग आफिसर निर्दिष्ट करे, परिदत करेगा या परिदत्त कराएगा।

(2) रिटर्निंग आफिसर मतदान मशीन, पैकेटों और अन्य कागजपत्रों के सुरक्षापूर्ण परिवहन के लिए और मतों की गणना के प्रारंभ होने तक उनकी सुरक्षित अभिरक्षा के लिए यथायोग्य इंतजाम करेगा।

49ब. मतदान के [illegible] पर प्रक्रिया—(1) यदि मतदान किसी मतदान केन्द्र में धारा 57 की उपधारा (1) के अधीन स्थगित किया गया है तो नियम [illegible] से [illegible] तक के उपबंध यथासाध्य ऐसे लागू होंगे मानो मतदान धारा 56 के अधीन नियमित नियत समय [illegible] है।

(2) When an adjourned poll is recommended under sub-section (2) of section 57, the electors who have already voted at the poll so adjourned shall not be allowed to vote again.

(3) The returning officer shall provide the presiding officer of the polling station at which such adjourned poll is held, with the sealed packet containing the marked copy of the electoral roll, register of voters in Form 17A and a new voting machine.

(4) The presiding officer shall open the sealed packet in the presence of the polling agents present and use the marked copy of the electoral roll for marking the names of the electors who are allowed to vote at the adjourned poll.

(5) The provisions of rule 28 and rules 49A to 49V shall apply in relation to the conduct of an adjourned poll before it was so adjourned.

49X. Closing of voting machine in case of booth capturing—Where the presiding officer is of opinion that booth capturing is taking place at a polling station or at a place fixed for the poll, he shall immediately close the control unit of the voting machine to ensure that no further votes can be recorded and shall detach the balloting unit from the control unit.]

PART V
Counting of votes in Parliamentary and Assembly Constituencies

50. Definitions—In this Part, unless the context otherwise requires,—

(a) "candidate" means a contesting candidate;

(b) "constituency" means a parliamentary or assembly constituency;

(c) "counting agent" means a counting agent duly appointed under section 47 and includes a candidate and the election agent of a candidate when present at the counting;

(d) "notified polling station" means a polling station notified under rule 49;

(2) जब स्थगित मतदान धारा 57 की उपधारा (2) के अधीन पुनः प्रारम्भ हुआ है तब उन निर्वाचकों को जिन्होंने ऐसे स्थगित मतदान में पहले ही मत दिया था पुनः मत देने के लिए अनुज्ञा न दी जाएगी।

(3) रिटर्निंग आफिसर उस मतदान केन्द्र के पीठासीन आफिसर को, जिनमें ऐसा स्थगित मतदान होता है वह मुद्राबंद पैकेट जिसमें निर्वाचक नामावली को चिह्नित प्रति अंतर्विष्ट है, प्ररूप 17क में मतदाता रजिस्टर और एक नई मतदान मशीन उपबंधित करेगा।

(4) पीठासीन आफिसर ऐसे मतदान अभिकर्ताओं की, जो उपस्थित हैं, उपस्थिति में मुद्राबंद पैकेट को खोलेगा और निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति का उपयोग ऐसे निर्वाचकों के नाम जिन्हें स्थगित मतदान में मद देने के लिए अनुज्ञात किया गया है नाम चिह्नित करने के लिए करेगा।

(5) नियम 28 और नियम 49क से 49फ तक के उपबंध स्थगित मतदान के संचालन के संबंध में ऐसे स्थगन से पूर्व किए जाने वाले मतदान की तरह लागू होंगे।

49भ. बूथ पर कब्जा करने की दशा में मतदान मशीन का बन्द किया जाना—जहां पीठासीन आफिसर की यह राय है कि किसी मतदान केन्द्र पर या मतदान के लिए नियत किसी स्थान पर बूथ पर कब्जा किया जा रहा है, वहां वह मतदान मशीन के नियंत्रण यूनिट को यह सुनिश्चित करने के लिए तुरन्त बंद कर देगा कि कोई और मत अभिलिखित न किए जाएं तथा मतदान यूनिट को नियंत्रण यूनिट से अलग कर देगा।]

भाग 5

संसदीय और सभा निर्वाचन-क्षेत्रों में मतों की गणना

50. परिभाषाएं—इस भाग में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो—

(क) "अभ्यर्थी" से निर्वाचन लड़ने वाला अभ्यर्थी अभिप्रेत है,

(ख) "निर्वाचन-क्षेत्र" से संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र अभिप्रेत है,

(ग) "गणन अभिकर्ता" से वह गणन अभिकर्ता है, जो धारा 47 के अधीन सम्यक् रूप से नियुक्त है, और इसके अन्तर्गत अभ्यर्थी और अभ्यर्थी का निर्वाचन अभिकर्ता तब आता है जबकि वह गणना के समय उपस्थित है,

(घ) "अधिसूचित मतदान केन्द्र" से नियम 40 के अधीन अधिसूचित मतदान केन्द्र अभिप्रेत है,

(*e*) "polling station" means a polling station provided under section 25 other than a notified polling station.

51. Time and place for counting of votes.—The returning officer shall, at least one week before the date, or the first of the dates, fixed for the poll, appoint the place or places where the counting of votes will be done and the date and time at which the counting will commence and shall give notice of the same in writing to each candidate or his election agent:

Provided that if for any reason the returning officer finds it necessary so to do, he may alter the date, time and place or places so fixed, or any of them, after giving notice of the same in writing to each candidate or his election agent.

52. Appointment of counting agents and revocation of such appointments.—(*1*) The number of counting agents that a candidate may appoint under section 47 shall, subject to such general or special direction as the Election Commission may issue in this behalf, not exceed sixteen at the place or each of the places, fixed for counting under rule 51.

(*2*) Every such appointment shall be made in Form 18 in duplicate, one copy of which shall be forwarded to the returning officer while the other copy shall be made over to the counting agent for production before the returning officer [1][not later than one hour before the time fixed] for counting under rule 51.

(*3*) No counting agent shall be admitted into the place fixed for counting unless he has delivered to the returning officer the second copy of his appointment under sub-rule (*2*) after duly completing and signing the declaration contained therein and receiving from the returning officer an authority for entry into the place fixed for counting.

(*4*) The revocation of appointment of a counting agent under sub-section (*2*) of section 48 shall be made in Form 19 and lodged with the returning officer.

(*5*) In the event of any such revocation before the commencement of the counting of votes, the candidate or his election agent may make a fresh appointment in accordance with sub-rule (2).

53. Admission to the place fixed for counting.—(*1*) The returning officer shall exclude from the place fixed for counting of votes all persons except—

(*a*) [2][such persons (to be known as counting supervisors and counting assistants)] as he may appoint to assist him in the counting;

(*b*) persons authorised by the Election Commission;

(*c*) public servants on duty in connection with the election; and

(*d*) candidates, their election agents and counting agents.

(*2*) No person who has been employed by or on behalf of, or has been otherwise working for, a candidate in or about the election shall be appointed under clause (*a*) of sub-rule (*1*).

(*3*) The returning officer shall decide which counting agent or agents shall watch the counting at any particular counting table or group of counting tables.

(*4*) Any person who during the counting of votes misconducts himself or fails to obey the lawful directions of the returning officer may be removed from the place where the votes are being

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964, for certain words.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 4542, dated the 20th December, 1968 (w.e.f. 1-1-1969).

(ङ) "मतदान केन्द्र" से अधिसूचित मतदान केन्द्र से भिन्न वह मतदान केन्द्र अभिप्रेत है जो धारा 25 के अधीन उपबन्धित है।

51. मतों की गणना के लिए समय और स्थान—रिटर्निंग आफिसर मतदान के लिए नियत तारीख या तारीखों में की प्रथम तारीख से कम से कम एक सप्ताह पहले वह स्थान या वे स्थान जहां मतों की गणना की जाएगी और वह तारीख और समय जब मतों की गणना प्रारम्भ होगी, नियत करेगा और हर एक अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को उसकी लिखित सूचना देगा :

परन्तु यदि रिटर्निंग आफिसर किसी कारणवश वैसा करना आवश्यक समझता है तो वह ऐसे नियत तारीख, समय और स्थान या स्थानों या उनमें से किसी को हर एक अभ्यर्थी या उसके निर्वाचन अभिकर्ता को उसकी लिखित सूचना देने के पश्चात् बदल सकेगा।

52. गणन अभिकर्ताओं की नियुक्ति और ऐसी नियुक्तियों का प्रतिसंहरण—(1) गणन अभिकर्ताओं की जो संख्या धारा 47 के अधीन अभ्यर्थी द्वारा नियुक्त की जा सकेगी वह निर्वाचन आयोग के ऐसे साधारण या विशेष निदेशों के अध्यधीन रहते हुए, जैसे निर्वाचन आयोग इस निमित्त निकाले, नियम 51 के अधीन गणना के लिए नियत स्थान में या स्थानों में से हर एक में सोलह से अधिक न होगी।

(2) हर ऐसी नियुक्ति प्ररूप 18 में दो प्रतियों में की जाएगी जिसमें से एक प्रति रिटर्निंग आफिसर को भेजी जाएगी और दूसरी प्रति गणन अभिकर्ता को गणना के लिए नियम 51 के अधीन [1][नियत समय के एक घंटे पूर्व से अपश्चात्] रिटर्निंग आफिसर के समक्ष पेश की जाने के लिए दे दी जाएगी।

(3) जब तक किसी गणन अभिकर्ता ने रिटर्निंग आफिसर को उपनियम (2) के अधीन अपने नियुक्ति पत्र की दूसरी प्रति उसमें अंतर्विष्ट घोषणा को सम्यक् रूप से पूरा करने और हस्ताक्षरित करने के पश्चात् परिदत्त न कर दी हो और रिटर्निंग आफिसर से गणना के लिए नियत स्थान में प्रविष्ट होने के लिए प्राधिकार प्राप्त न कर लिया हो उसे गणना के लिए नियत स्थान में प्रवेश न करने दिया जाएगा।

(4) गणन अभिकर्ता की नियुक्ति को धारा 48 की उपधारा (2) के अधीन प्रतिसंहरण प्ररूप 19 में किया जाएगा और रिटर्निंग आफिसर के पास दाखिल किया जाएगा।

(5) अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता मतों की गणना के प्रारम्भ के पूर्व किसी ऐसे प्रतिसंहरण की दशा में नई नियुक्ति उपनियम (2) के अनुसार कर सकेगा।

53. गणना के लिए नियत स्थान में प्रवेश—(1) रिटर्निंग आफिसर मतों की गणना के लिए नियत स्थान में से—

(क) [2][ऐसे व्यक्तियों के, (जो गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायक के रूप में ज्ञात होंगे)], और जिन्हें वह गणना में अपनी सहायता के लिए नियुक्त करे;

(ख) निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों के;

(ग) निर्वाचन के संसंग में कर्तव्यारूढ़ लोक सेवकों के; और

(घ) अभ्यर्थियों, उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं और गणन अभिकर्ताओं के, सिवाय अन्य व्यक्तियों को अपवर्जित रखेगा।

(2) जो कोई व्यक्ति निर्वाचन में या निर्वाचन की बाबत अभ्यर्थी के द्वारा या की ओर से नियोजित है, या अन्यथा उसके लिए कार्य कर रहा है वह उपनियम (1) के खंड (क) के अधीन नियुक्त न किया जाएगा।

(3) रिटर्निंग आफिसर इस बात का विनिश्चय करेगा कि कौन सा या कौन से अभिकर्ता किसी विशिष्ट गणना पटल या गणना पटलों के समूह पर गणना देखेगा या देखेंगे।

(4) जो कोई व्यक्ति मतों की गणना के दौरान स्वयं अवचार करता है या रिटर्निंग आफिसर के विधिपूर्ण निदेशों के पालन में असफल रहता है वह उस स्थान से, जहां मतों की गणना की जा रही है, रिटर्निंग आफिसर द्वारा या

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा कुछ शब्दों के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 4542, तारीख 20 दिसम्बर, 1968 द्वारा (1-1-1969 से) प्रतिस्थापित।

counted by the returning officer or by any police officer on duty or by any person authorised in this behalf by the returning officer.

54. Maintenance of secrecy of voting.—The returning officer shall, before he commences the counting, read out the provisions of section 128 to such persons as may be present.

[1][**54A. Counting of votes received by post.**—(*1*) The returning officer shall first deal with the postal ballot papers in the manner hereinafter provided.

(*2*) No cover in Form 13C received by the returning officer after the expiry of the time fixed in that behalf shall be opened and no vote contained in any such cover shall be counted.

(*3*) The other covers shall be opened one after another and as each cover is opened, the returning officer shall first scrutinise the declaration in Form 13A contained therein.

(*4*) If the said declaration is not found, or has not been duly signed and attested, or is otherwise substantially defective, or if the serial number of the ballot paper as entered in it differs from the serial number endorsed on the cover in Form 13B, that cover shall not be opened, and after making an appropriate endorsement thereon, the returning officer shall reject the ballot paper therein contained.

(*5*) Each cover so endorsed and the declaration received with it shall be replaced in the cover in Form 13C and all such covers in Form 13C shall be kept in a separate packet which shall be sealed and on which shall be recorded the name of the constituency, the date of counting and a brief description of its content.

(*6*) The returning officer shall then place all the declarations in Form 13A which he has found to be in order in a separate packet which shall be sealed before any cover in Form 13B is opened and on which shall be recorded the particulars referred to in sub-rule (*5*).

(*7*) The covers in Form 13B not already dealt with under the foregoing provisions of this rule shall then be opened one after another and the returning officer shall scrutinise each ballot paper and decide the validity of the vote recorded thereon.

(*8*) A postal ballot paper shall be rejected—

[2][(*a*) if it bears any mark (other than the mark to record the vote) or writing by which the elector can be identified; or]

[3][(*aa*)] if no vote is recorded thereon; or

(2) Before the votes recorded in any control unit of a voting machine are counted under sub-rule (*1*), the candidate or his election agent or his counting agent present at the counting table shall be allowed to inspect the paper seal and such other vital seals as might have been affixed on the unit and to satisfy themselves that the seals are intact.

(3) The returning officer shall satisfy himself that none of the voting machines has in fact been tampered with.

(4) If the returning officer is satisfied that any voting machine has in fact been tampered with he shall not count the votes recorded in that machine and shall follow the procedure laid down in section 58, or section 58A or section 64A, as may be applicable in respect of the polling or stations where that machine was used.

56C. Counting of votes.—(1) After the returning officer is satisfied that a voting machine has in fact not been tempered with, he shall have the votes recorded therein counted by pressing the appropriate button marked "Result" provided in the control unit whereby the total votes polled and votes polled by each candidate shall be displayed in respect of each such candidate on the display panel provided for the purpose in the unit.

(2) As the votes polled by each candidate are displayed on the control unit, the returning officer shall have,—

(a) the number of such votes recorded separately in respect of each candidate in Part-II of Form-17C;

(b) Part II of Form-17C completed in other respects and signed by the counting supervisor and also by the candidates or their election agents or then counting agents present; and

(c) corresponding entries made in a result sheet in Form-20 and the particulars so entered in the result sheet announced.

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 230(E), dated 24th March, 1992.

[1][66क. **जहां इलैक्ट्रानिक मतदान मशीनों का उपयोग किया गया है मतों की गणना**—जहां मतदान मशीन का प्रयोग किया गया है मतदान केन्द्र पर डाले गए मतों की गणना के संबंध में—

(i) नियम 50 से 54 के उपबंध और नियम 55, 56 और 57 के स्थान पर क्रमशः निम्नलिखित नियम लागू होंगे—

"55ग. **मतदान मशीनों की संवीक्षा और निरीक्षण**—(1) रिटर्निंग आफिसर एक से अधिक मतदान केन्द्रों पर उपयोग में लाई गई मतदान मशीनों के नियंत्रण यूनिटों की संवीक्षा और निरीक्षण करवा सकेगा और ऐसे यूनिट में अभिलिखित किए गए मतों की साथ-साथ गणना करवा सकेगा।

(2) इसके पहले कि किसी मतदान मशीन में अभिलिखित किए गए मतों की उप-नियम (1) के अधीन गणना की जाती है अभ्यर्थी या उसका निर्वाचन अभिकर्ता या गणना अभिकर्ता जो गणना पटल पर उपस्थित हैं को उस पत्र मुद्रा और ऐसी अन्य महत्वपूर्ण मुद्राओं का जो यूनिट पर लगी हो का निरीक्षण और अपना यह समाधान कि मुद्रा अविकल है, करने दिया जाएगा।

(3) रिटर्निंग आफिसर अपना यह समाधान करेगा कि किसी भी मतदान मशीन में वास्तव में कोई गड़बड़ नहीं की गई है।

(4) यदि रिटर्निंग आफिसर का यह समाधान हो जाता है कि किसी मतदान मशीन में वास्तव में कोई गड़बड़ की गई है तो वह उस मशीन में अभिलिखित मतों की गणना नहीं करेगा और उस मतदान केन्द्र या केन्द्रों की बाबत जहां उस मशीन का प्रयोग किया गया है को यथा लागू धारा 58 या धारा 58 क या धारा 64 क में अधिकथित प्रक्रिया का पालन करेगा।

56ग. **मतों की गणना**—(1) रिटर्निंग आफिसर का यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि मतदान मशीन में वास्तव में कोई गड़बड़ नहीं की गई है तो वह नियंत्रण यूनिट में लगे "परिणाम" (Result) चिह्नित उपयुक्त बटन को दबा कर उसमें अभिलिखित किए गए मतों की गणना कराएगा जिसके द्वारा यूनिट में इस प्रयोजन के लिए उपबंधित प्रदर्शन पैनल पर मतांकित कुल मत और प्रत्येक ऐसे अभ्यर्थी की बाबत प्रत्येक अभ्यर्थी को दिए गए मत प्रदर्शित होंगे।

(2) जैसे ही नियंत्रण यूनिट पर प्रत्येक अभ्यर्थी को दिए गए मतों का संप्रदर्शन किया जाता है, रिटर्निंग आफिसर—

(क) प्ररूप 17ग के भाग-2 में प्रत्येक अभ्यर्थी की बाबत ऐसे मतों की संख्या अलग-अलग अभिलिखित कराएगा;

(ख) प्ररूप 17ग का भाग-2 अन्य संदर्भ में पूर्ण कराएगा और गणना पर्यवेक्षक के हस्ताक्षर और उपस्थित अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं या उनके गणन अभिकर्ताओं के हस्ताक्षर कराएगा; और

(ग) परिणाम शीट प्ररूप 20 में तत्स्थानी प्रविष्टियां कराएगा और परिणाम शीट में इस प्रकार दर्ज विशिष्टियों की घोषणा कराएगा।

1. अधिसूचना सं० का०आ० 230(तारीख 24 मार्च, 1992 द्वारा अंतःस्थापित।

57C. Sealing of voting machines.—(*1*) After the result of voting recorded in a control unit has been ascertained candidate-wise and entered in Part II of Form 17C and Form 20 under rule 56C, the returning officer shall reseal the unit with his seal and the seals of such of the candidates or their election agents present who may desire to affix the it seals thereon so however that the result of voting recorded in the unit is not obliterated and the unit retains the memory of such result.

(2) The control unit so sealed shall be kept in specially prepared boxes on which the returning officer shall record the following particulars, namely :—

(a) the name of the constituency;

(b) the particulars of polling station or stations where the control unit has been used;

(c) serial number of the control unit;

(d) date of poll; and

(e) date of counting";

(ii) the provisions of rules 60 to 66 shall, so far as may be, apply in relation to voting by voting machines and any reference in those rules to,—

(a) ballot paper shall be construed as including a reference to such voting machine;

(b) any rule shall be construed as a reference to the corresponding rule in Chapter II of Part IV or, as the case may be, to rule 55C or 56C or 57C].

PART VI

Voting at Elections by Assembly Members and in Council Constituencies

67. Definition—In this Part 'election" means an election by assembly members or an election in a council constituency.

68. Notification as to postal ballot.—The Election Commission may, by notification published in the Official Gazette at any time before the last date for the withdrawal of candidatures at an election, direct that the method of voting by postal ballot shall be followed :—

(a) at that election, if it is an election by assembly members; or

(b) in the whole or any specified parts of the constituency, if it is an election in a council constituency.

[1][69. **Notice to electors at election by assembly members.**—At an election by assembly members where a poll becomes necessary, the returning officer for such election shall, as soon as may be after the last date for the withdrawal of candidatures, send to each elector a notice informing him of the date, time and place fixed for polling.]

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964, for rule 69.

57ग. मतदान मशीनों का मुद्राबंद करना—(1) किसी नियंत्रण यूनिट में अभिलिखित मतों का परिणाम अभ्यर्थीवार अभिनिश्चित करने और नियम 56ग के अधीन प्ररूप 17ग के भाग 2 और प्ररूप 20 में दर्ज करने के पश्चात्, रिटर्निंग आफिसर अपनी मुद्रा से और उपस्थित ऐसे अभ्यर्थियों या उनके निर्वाचन अभिकर्ता जो उस पर अपनी मुद्रा लगाना चाहें मुद्रा से यूनिट को पुनः मुद्राबन्द करेगा जिससे यूनिट में अभिलिखित मतदान का फल न मिटाया जा सके और यूनिट ऐसे परिणाम की स्मृति प्रतिधारित कर सके।

(2) इस प्रकार मुद्राबन्द किए गए नियंत्रण यूनिट को विशेष रूप से तैयार किए गए बक्सों में रखा जाएगा जिस पर रिटर्निंग आफिसर निम्नलिखित विशिष्टियां अभिलिखित करेगा, अर्थात् :—

(क) निर्वाचन-क्षेत्र का नाम;

(ख) उस मतदान केन्द्र या केन्द्रों की विशिष्टियां जहां नियंत्रण यूनिट को उपयोग में लाया गया है;

(ग) नियंत्रण यूनिट का क्रम संख्यांक;

(घ) मतदान की तारीख; और

(ङ) गणना की तारीख।

(ii) नियम 60 से 66 के उपबंध जहां तक हो सके मतदान मशीनों द्वारा मतदान करने के संबंध में लागू होंगे और उन नियमों में कोई प्रतिनिर्देश,—

(क) मतपत्र को ऐसी मतदान मशीन के प्रतिनिर्देश में सम्मिलित समझा जाएगा;

(ख) कोई नियम भाग 4 के अध्याय 2 के तत्स्थानी नियम या यथास्थिति, नियम 55ग या 56ग अथवा 57ग के प्रतिनिर्देश समझा जाएगा।]

भाग 6

सभा सदस्यों द्वारा और परिषद् निर्वाचन-क्षेत्रों में निर्वाचनों में मतदान

67. परिभाषा—इस भाग में "निर्वाचन" से सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन या परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचन अभिप्रेत है।

68. डाकमतपत्र की बाबत अधिसूचना—निर्वाचन आयोग निर्वाचन में अभ्यर्थिताओं से नाम वापिस लेने की अन्तिम तारीख से पूर्व किसी समय शासकीय राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना द्वारा निदेश दे सकेगा कि डाकमतपत्र द्वारा मत देने की पद्धति का—

(क) उस निर्वाचन में, उस दशा में, जिसमें कि यह सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन है; अथवा

(ख) संपूर्ण निर्वाचन-क्षेत्र या उसके किन्हीं विनिर्दिष्ट भागों में, उस दशा में जिसमें कि यह परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचन है,

अनुसरण किया जाएगा।

[1][69. **सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन में निर्वाचकों को सूचना**—सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन में, वहां जहां कि मतदान आवश्यक हो जाता है, ऐसे निर्वाचन के लिए रिटर्निंग आफिसर अभ्यर्थिताओं के वापस लेने के लिए अन्तिम तारीख के पश्चात् यथा शक्यशीघ्र हर एक निर्वाचक को मतदान के लिए नियत तारीख, समय और स्थान की इत्तिला देते हुए सूचना भेजेगा।]

1. अधिसूचना सं० का०आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा नियम 69 के स्थान पर प्रतिस्थापित।

70 Rules for conduct of poll.—The provisions of [1][rules 28 to 35 and 36 to 48] shall apply—

(*a*) to every election by assembly members in respect of which no direction has been issued under clause (*a*) of rule 68, and

(*b*) to every election in a council constituency unless voting by postal ballot has been directed in the whole of that constituency under clause (*b*) of rule 68,

subject to the following modifications, namely:—

(*i*) clause (*a*) of sub-rule (*1*) of rule 31 shall not apply to an election by assembly members;

(*ii*) [2][in lieu of rules 37 to 40], the following rules shall apply :—

"37A. *Method of voting.*—(*1*) Every elector has only one vote at an election irrespective of the number of seats to be filled.

[5][(1A) The provisions of sub-rules (1), (2) and (4) of rule 37 shall apply in relation to electors in the graduates 'constituencies and teachers' constituencies as they apply in relation to electors in the Parliamentary constituencies and Assembly constituencies.]

(*2*) An elector in giving his vote–

(*a*) shall place on his ballot paper the figure 1 in the space opposite the name of the candidate for whom he wishes to vote in the first instance; and

(*b*) may, in addition, place on his ballot paper the figure 2 or the figures 2 and 3, or the figures 2, 3 and 4 and so on, in the space opposite the names of the other candidates in the order of his preference.

[3][*Explanation*.—The figures referred to in clauses (*a*) and (*b*) of this sub-rule may be marked in the international form of Indian numerals or in the Roman form or in the form used in any Indian language but shall not be indicated in words.]

[4][38A. *Issue of ballot papers to electors*—(1) Every ballot paper, before it is issued to an elector, and the counterfoil attached thereto shall be stamped on the back with such distinguishing mark as the Election Commission may direct, and every ballot paper, before it is issued, shall be signed in full on its back by the presiding officer.

(*2*) At the time of issuing a ballot paper to an elector, the polling officer shall—

(*a*) record on its counterfoil the electoral roll number of the elector as entered in the marked copy of the electoral roll;

(*b*) obtain the signature of thumb impression of that elector on the said counter-foil; and

(*c*) mark the name of the elector in the marked copy of the electoral roll to indicate that a ballot paper has been issued to him, without however recording therein the serial number of the ballot paper issued to that elector :

Provided that no ballot paper shall be delivered to an elector unless he has put his signature or thumb impression on the counterfoil of that ballot paper.

(*3*) Notwithstanding anything contained in sub-rule (2) of rule 2, it shall not be necessary for any presiding officer or polling officer or any other officer to attest the thumb impression of the elector on the counterfoil.

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 3450, dated the 9th November, 1966, for "rules 28 to 48".
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 1520, dated the 25th April, 1968.
3. Ins. by Notifn. No. S.O. 3875, dated the 15th December, 1966.
4. Subs. by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.
5. Ins. by Notifn. No. S.O. 335(E) dated the 23rd April, 1990.

70. मतदान के संचालन के लिए नियम—[1][नियम 28 से लेकर 35 तक और नियम 36 से लेकर 48 तक] के उपबंध—

(क) सभा सदस्यों द्वारा हुए ऐसे निर्वाचन को, जिसके संबंध में नियम 68 के खंड (क) के अधीन कोई निदेश नहीं दिया गया है, और

(ख) जब तक कि डाक मतपत्र द्वारा मतदान नियम 68 के खंड (ख) के अधीन उस संपूर्ण निर्वाचन-क्षेत्र में निदेशित नहीं किया गया हो, परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र में के हुए निर्वाचन को निम्नलिखित उपांतरों के अध्यधीन लागू होंगे, अर्थात् :—

(i) नियम 31 के उपनियम (1) का खंड (क) सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन को लागू नहीं होगा,

(ii) [2][नियम 37 से लेकर नियम 40 तक के बदले] निम्नलिखित नियम लागू होंगे—

"37क. मत देने की पद्धति—(1) भरे जाने वाले स्थानों की संख्या से अपेक्षतः निर्वाचन में हर निर्वाचक का केवल एक मत होगा।

[5][(1क) नियम 37 के उपनियम (1), (2) और (4) के उपबंध स्नातक निर्वाचन-क्षेत्र तथा अध्यापक निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचकों के संबंध में वैसे ही लागू होंगे जैसे वे संसदीय निर्वाचन-क्षेत्रों तथा सभा निर्वाचन-क्षेत्रों में निर्वाचकों के संबंध में लागू होते हैं।]

(2) निर्वाचक अपना मत देते हुए—

(क) अपने मतपत्र पर उस अभ्यर्थी के नाम के सामने वाले रिक्त स्थान में, जिसके लिए वह प्रथमतः मत देना चाहता है, अंक 1 अंकित करेगा; तथा

(ख) इसके अतिरिक्त अपने मतपत्र पर अन्य अभ्यर्थियों के नामों के सामने वाले रिक्त स्थान में अपने अधिमान के अनुसार अंक 2 या अंक 2 और 3 या अंक 2, 3 और 4 और इसी भांति आगे भी अंक अंकित कर सकेगा।

[3][स्पष्टीकरण—इस उपनियम के खंड (क) और (ख) में निर्दिष्ट अंक भारतीय अंकों के अन्तर्राष्ट्रीय रूप में या रोमन रूप में या किसी भारतीय भाषा में प्रयुक्त रूप में अंकित किए जा सकेंगे किंतु शब्दों में उपदर्शित नहीं किए जाएंगे।]

[4][38क. निर्वाचकों को मतपत्रों का दिया जाना—(1) निर्वाचक को दिए जाने से पूर्व, प्रत्येक मतपत्र और उससे संलग्न प्रतिपर्ण, पृष्ठभाग पर ऐसे सुभिन्नक चिह्न से मुद्रांकित किए जाएंगे जैसा निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे, और पीठासीन आफिसर मतपत्र दिए जाने से पूर्व उसके पृष्ठ भाग पर पूरे हस्ताक्षर करेगा।

(2) निर्वाचक को मतपत्र देने के समय मतदान आफिसर—

(क) उसके प्रतिपर्ण पर निर्वाचक की वह निर्वाचक नामावली संख्या अभिलिखित करेगा जो निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में प्रविष्ट है;

(ख) उस निर्वाचक के हस्ताक्षर या अंगूठा-निशान उक्त प्रतिपर्ण पर अभिप्राप्त करेगा; और

(ग) निर्वाचक नामावली की चिह्नित प्रति में निर्वाचक का नाम यह उपदर्शित करने के लिए चिह्नित करेगा कि उसे मतपत्र दिया गया है किन्तु वह उस निर्वाचक को दिए गए मतपत्र की क्रम संख्या उसमें अभिलिखित नहीं करेगा:

परन्तु कोई भी मतपत्र तब तक किसी निर्वाचक को परिदत्त नहीं किया जाएगा जब तक उसने उस मतपत्र के प्रतिपर्ण पर अपने हस्ताक्षर न कर दिए हों या अंगूठे का निशान न लगा दिया हो।

(3) नियम 2 के उपनियम (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर या किसी अन्य आफिसर के लिए यह आवश्यक न होगा कि वह प्रतिपर्ण पर लगे निर्वाचक के अंगूठा-निशान को अनुप्रमाणित करे।

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3450, तारीख 9 नवम्बर, 1966 द्वारा "नियम 28 से 48 तक" के स्थान पर प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 1520, तारीख 25 अप्रैल, 1968 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 3875, तारीख 15 दिसम्बर, 1966 द्वारा अन्तःस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा प्रतिस्थापित।
5. अधिसूचना सं० का० आ० 335(अ) तारीख 23-4-1990 द्वारा अन्तःस्थापित।

(*4*) No person in the polling station shall note down the serial numbers of the ballot papers issued to particular electors.

(*5*) Before any ballot paper is delivered to an elector at an election by assembly members or in a local authorities' constituency, the serial number of the ballot paper shall be effectively concealed in such manner as the Election Commission may direct.]

[1][39A. *Maintenance of secrecy of voting by electors within polling station and voting procedure.*—(*1*) Every elector, to whom a ballot paper has been issued under rule 38A or under any other provision of these rules, shall maintain secrecy of voting within the polling station and for that purpose observe the voting procedure hereinafter laid down.

(*2*) The elector on receiving the ballot paper shall forthwith—

(*a*) proceed to one of the voting compartments;

(*b*) record his vote in accordance with sub-rule (*2*) of rule 37A with the article supplied for the purpose;

(*c*) fold the ballot paper so as to conceal his vote;

[2][(*d*) if required, show to the presiding officer, the distinguishing mark on the ballot paper;]

[3][(*e*)] insert the folded paper into the ballot box; and

[3][(*f*)] quit the polling station.

(*3*) Every elector shall vote without undue delay.

(*4*) No elector shall be allowed to enter a voting compartment when another elector is inside it.

(*5*) If an elector to whom a ballot paper has been issued, refuses, after warning given by the presiding officer to observe the procedure as laid down in sub-rule (*2*), the ballot paper issued to him shall, whether he has recorded his vote thereon or not, be taken back from him by the presiding officer or a polling officer under the direction of the presiding officer.

(*6*) After the ballot paper has been taken back, the presiding officer shall record on its back the words "Cancelled : voting procedure violated" and put his signature below those words.

(*7*) All the ballot papers on which the words "Cancelled : voting procedure violated" are recorded, shall be kept in a separate cover which shall bear on its face the words "Ballot papers : voting procedure violated".

(*8*) Without prejudice to any other penalty to which an elector, from whom a ballot paper has been taken back under sub-rule (*5*), may be liable, vote, if any, recorded on such ballot paper shall not be counted.]

[4][40A. *Recording of votes of illiterate, blind or infirm electors.*—(*1*) If an elector is unable to read the ballot paper or to record his vote thereon in accordance with rule 37A by reason of illiteracy, blindness or other infirmity, the presiding officer shall, on being

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 286(E), dated the 8th May, 1974.
2. Ins. by Notifn. No. S.O. 340(E), dated the 4th June 1986.
3. Cls. (d) and (e) relettered as cls. (*e*) and (*f*) respectively, *ibid.*
4. Ins. by Notifn. No. S.O. 1520, dated the 25th April, 1968.

(4) मतदान केन्द्र में कोई भी व्यक्ति किन्हीं भी निर्वाचकों को दिए गए मतपत्रों के क्रम संख्यांकों को नोट नहीं करेगा।

(5) सभा सदस्यों द्वारा निर्वाचन में या स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन-क्षेत्र में किसी निर्वाचन में किसी निर्वाचक को कोई मतपत्र परिदत्त किए जाने से पूर्व मतपत्र का क्रम संख्यांक प्रभावी रूप से ऐसी रीति में छिपाया जाएगा, जैसी निर्वाचन आयोग निर्दिष्ट करे।]

[1][39क. **निर्वाचकों द्वारा मतदान केन्द्र में मतदान की गोपनीयता बनाए रखना और मतदान प्रक्रिया**—(1) हर वह निर्वाचक, जिसे नियम 38क या इन नियमों के किसी अन्य उपबंध के अधीन मतपत्र दिया गया है, मतदान केन्द्र में मतदान की गोपनीयता बनाए रखेगा और उस प्रयोजन के लिए इसमें इसके पश्चात् अधिकथित मतदान प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

(2) निर्वाचक मतपत्र प्राप्त होने पर तत्क्षण,—

(क) मतदान कोष्ठों में से एक में जाएगा;

(ख) नियम 37क के उपनियम (2) के अनुसार अपना मत, उस प्रयोजन के लिए दिए गए उपकरण से, अभिलिखित करेगा;

(ग) मतपत्र को इस तरह मोड़ लेगा कि उसका मत छिप जाए;

[2][(घ) उस दशा में, जिसमें कि उससे यह अपेक्षा की जाए, मतपत्र पर लगा सुभिन्नक चिह्न पीठासीन आफिसर दर्शित करेगा]।

[3][(ङ)] मुड़े मतपत्र को मतपेटी में डालेगा; और

[3][(च)] मतदान केन्द्र से बाहर चला जाएगा।

(3) हर निर्वाचक असम्यक् विलंब के बिना मत देगा।

(4) जब मतदान कोष्ठ में कोई निर्वाचक है तब अन्य किसी निर्वाचक को उसमें प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

(5) यदि कोई निर्वाचक जिसे मतपत्र दिया गया है, उपनियम (2) में अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन करने से, पीठासीन आफिसर द्वारा चेतावनी दिए जाने के पश्चात् भी, इंकार करे तो उसे दिया गया मतपत्र, चाहे उसने उस पर अपना मत अभिलिखित किया हो या नहीं, पीठासीन आफिसर द्वारा या पीठासीन आफिसर के निदेश से मतदान आफिसर द्वारा उससे वापस ले लिया जाएगा।

(6) मतपत्र वापस लिए जा चुकने के पश्चात् पीठासीन आफिसर उसके पृष्ठ भाग पर "रद्द किया गया: मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया" शब्द अभिलिखित करेगा और उन शब्दों के नीचे अपने हस्ताक्षर करेगा।

(7) ऐसे सब मतपत्र जिन पर "रद्द किया गया: मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया" शब्द अभिलिखित हों, एक पृथक् लिफाफे में रखे जाएंगे जिसके ऊपर "मतपत्र: मतदान प्रक्रिया का अतिक्रमण किया गया" शब्द अभिलिखित होंगे।

(8) ऐसी अन्य किसी भी शास्ति पर, जिससे कि ऐसा निर्वाचक, जिससे उपनियम (5) के अधीन मतपत्र वापस ले लिया गया है, दंडनीय हो, प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, उसका मत, यदि ऐसे मतपत्र पर अभिलिखित किया गया है, संगणित नहीं किया जाएगा।]

[4][40क. **निरक्षर, अंधे या शिथिलांग निर्वाचकों के मतों का अभिलेखन**—(1) यदि कोई निर्वाचक निरक्षरता, अंधेपन या अन्य अंगशैथिल्य के कारण नियम 37क के अनुसार मतपत्र पढ़ने या उस पर अपना मत अभिलिखित करने में असमर्थ है तो पीठासीन आफिसर, ऐसी निरक्षरता, अंधेपन या अन्य

1. अधिसूचना सं० का० आ० 286(अ), तारीख 8 मई, 1974 द्वारा प्रतिस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 340(अ), तारीख 4 जून, 1986 द्वारा अंतःस्थापित।
3. पूर्वोक्त द्वारा खंड (घ) और (ङ) क्रमशः खंड (ङ) और (च) के रूप में पुनःअक्षरांकित
4. अधिसूचना सं० का० आ० 1520, तारीख 25 अप्रैल, 1968 द्वारा अन्तःस्थापित।

satisfied about such illiteracy, blindness or infirmity, permit the elector to take with him a companion of not less than [4][eighteen] years of age who is able to read the ballot paper and record the vote thereon on behalf of, and in accordance with the wishes of, the elector and, if necessary, to fold the ballot paper so as to conceal the vote and insert it into the ballot box:

Provided that no person shall be permitted to act as the companion of more than one elector at any polling station on the same day·

Provided further that before any person is permitted to act as the companion of an elector on any day under this rule, the person shall be required to declare that he will keep secret the vote recorded by him on behalf of the elector and that he has not already acted as the companion of any other elector at any polling station on that day:

[1][Provided also that at an election by assembly members no such companion shall be an elector at that election.]

(*2*) The presiding officer shall keep a record in Form 14A of all the cases under this rule.

(*3*) The presiding officer shall, when he is so requested by the companion of an elector, explain to him the instructions for the recording of votes.]";

(*iii*) in lieu of rule 44, the following rule shall apply:—

"44B. *Sealing of ballot box after poll.*—As soon as practicable after the close of the poll, the [2][presiding officer] shall, in the presence of any polling agents who may be present, close the slit for insertion of ballot papers of each ballot box or where the box does not contain any mechanical device for closing the slit, seal up the slit and secure the ballot box:

Provided that it shall not be necessary to seal the slit or secure the ballot box if the counting of votes is to begin immediately after the close of the poll.";

[3][(*iv*) in rule 46, in sub-rule (*1*), in lieu of clauses (*b*) and (*c*), the following clauses shall apply:—

"(*b*) the ballot papers signed in full by the presiding officer under sub-rule (*1*) of rule 38A but not issued to the voters;

(*c*) the ballot papers cancelled for violation of voting procedure under rule 39A."].

PART VII

Counting of votes at Ele ons by Assembly Members or in Council Constituencies

71. Definitions.—In this Part,—

(*1*) "continuing candidate" means any candidate not elected and not excluded from the poll at any given time;

(*2*) "count" means—

(*a*) all the operations involved in the counting of the first preferences recorded for candidates; or

(*b*) all the operations involved in the transfer of the surplus of an elected candidate; or

---

1. Added by Notifn. No. S.O. 5573, dated the 23rd December, 1971.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 2912, dated the 21st August, 1964.
3. Subs. by Notifn. No. S.O. 286(E), dated the 8th May, 1974.
4. Subs. by Notifn. No. S.O. 542(E), dated 13.7.1989.

अंगशैथिल्य के संबंध में अपना समाधान हो जाने पर, निर्वाचक को मतपत्र पर उसकी ओर से और उसकी इच्छाओं के अनुसार मत अभिलिखित करने के लिए और यदि आवश्यक हों तो मतपत्र के ऐसे मोड़ने के लिए कि मत छिप जाए और उसे मतपेटी में घुसाने के लिए, अपने साथ [4][अठारह] वर्ष से अन्यून आयु का एक साथी, जो मतपत्र पढ़ने में समर्थ हो, मतदान कोष्ठों में ले जाने की अनुज्ञा देगा :

परन्तु किसी व्यक्ति को एक ही दिन किसी मतदान केन्द्र में एक से अधिक निर्वाचकों के साथी के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह और भी कि किसी व्यक्ति को इस नियम के अधीन किसी दिन किसी निर्वाचक के साथी के रूप में कार्य करने के लिए अनुज्ञात करने से पहले उस व्यक्ति से यह घोषणा करने की अपेक्षा की जाएगी कि वह निर्वाचक की ओर से अपने द्वारा अभिलिखित किए गए मत को गुप्त रखेगा और यह कि उसने उस दिन किसी मतदान केन्द्र में किसी अन्य निर्वाचक के साथी के रूप में पहले कार्य नहीं किया है :

[1][परन्तु यह और भी कि सभी सदस्यों द्वारा निर्वाचन में ऐसा कोई भी साथी उस निर्वाचन में निर्वाचक नहीं होगा।]

(2) पीठासीन आफिसर इस नियम के अधीन सभी मामलों का अभिलेख प्ररूप 14क में रखेगा।

(3) पीठासीन आफिसर, यदि किसी निर्वाचक का कोई साथी उससे वैसा अनुरोध करे तो, मत अभिलिखित करने संबंधी अनुदेश उसे समझाएगा।];

(iii) नियम 44 के स्थान पर निम्नलिखित नियम लागू होगा—

"**44ख. मतदान के पश्चात् मतपेटी का बन्द किया जाना**—मतदान बन्द होने के पश्चात् यथासाध्य शीघ्रता से [2][पीठासीन आफिसर] किन्हीं ऐसे मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थिति में, जो उपस्थित हों, मतपत्रों के घुसाने के लिए हर एक मतपेटी के छेद को बन्द करेगा या जहां छेद को बन्द करने के लिए कोई यांत्रिक युक्ति पेटी में नहीं है वहां छेद को मुद्राबन्द करेगा और मतपेटी को सुरक्षित करेगा :

परन्तु यदि मतदान के बन्द होने के अव्यवहित पश्चात् ही मतों की गणना प्रारम्भ होनी है तो छेद को मुद्राबंद करने या मतपेटी को सुरक्षित करने की आवश्यकता नहीं होगी।";

[3][(iv) नियम 46 के उपनियम (1) में, खंड (ख) और (ग) के बदले, निम्नलिखित खंड लागू होंगे :—

"(ख) नियम 38क के उपनियम (1) के अधीन पीठासीन आफिसर द्वारा हस्ताक्षरित किन्तु मतदाताओं को जारी न किए गए मतपत्र;

(ग) नियम 39क के अधीन मतदान की प्रक्रिया के उल्लंघनस्वरूप रद्द किए गए मतपत्र।"]।

भाग 7

सभा सदस्यों द्वारा या परिषद् निर्वाचन-क्षेत्रों में निर्वाचनों में मतों की गणना

71. परिभाषाएं—इस भाग में—

(1) "बने रहने वाला अभ्यर्थी" से कोई ऐसा अभ्यर्थी अभिप्रेत है जो निर्वाचित नहीं हुआ है और किसी दिए गए समय पर मतदान से अपवर्जित नहीं किया गया है;

(2) "गणना" से—

(क) अभ्यर्थियों के लिए अभिलिखित प्रथम अधिमानों की गणना में अन्तर्वेलित सब क्रियाएं; अथवा

(ख) निर्वाचित अभ्यर्थी के अधिशेष के अन्तरण में अन्तर्वेलित सब क्रियाएं; अथवा

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 5573, तारीख 23 दिसम्बर, 1971 द्वारा जोड़ा गया।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 2912, तारीख 21 अगस्त, 1964 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना सं० का० आ० 286(अ), तारीख 8 मई, 1974 द्वारा प्रतिस्थापित।
4. अधिसूचना सं० का०आ० 542(अ) तारीख 13-7-1989 द्वारा प्रतिस्थापित।

(*c*) all the operations involved, in the transfer of the total value of votes of an excluded candidate;

(*3*) "exhausted paper" means a ballot paper on which no further preference is recorded for a continuing candidate, provided that a paper shall also be deemed to have become exhausted whenever—

(*a*) the names of two or more candidates, whether continuing or not, are marked with the same figure and are next in order of preference; or

(*b*) the name of the candidate next in order of preference, whether continuing or not, is marked by a figure not following consecutively after some other figure on the ballot paper or by two or more figures;

(*4*) "first preference" means the figure 1 set opposite the name of a candidate; "second preference" means the figure 2 set opposite the name of a candidate; "third preference" means the figure 3 set opposite the name of a candidate, and so on;

(*5*) "original vote", in relation to any candidate, means a vote derived from a ballot paper on which a first preference is recorded, for such candidate;

(*6*) "surplus" means the number by which the value of the votes, original and transferred, of any candidate exceeds the quota;

(*7*) "transferred vote", in relation to any candidate, means a vote the value or the part of the value of which is credited to such candidate and which is derived from a ballot paper on which a second or a subsequent preference is recorded for such candidate; and

(*8*) "unexhausted paper" means a ballot paper on which a further preference is recorded for a continuing candidate.

72. Application of certain rules.—The provisions of rules 51 to 54 shall apply to the counting of votes at any election by assembly members or in a council constituency as they apply to the counting of votes at an election in a parliamentary or assembly constituency.

73. Scrutiny and opening of ballot boxes and packets of postal ballot papers.—(*1*) The returning officer shall—

[1][(*a*) first deal with the covers containing the postal ballot papers, if any, in the manner provided in sub-rules (*2*) to (*7*) of rule 54A;

(*b*) then open the ballot boxes, take out from each box and count the ballot papers contained therein, and record their number in a statement;]

(*c*) scrutinise the ballot papers taken out of the ballot boxes as well as the postal ballot papers taken out from the covers; and

(*d*) separate the ballot papers which he deems valid from those which he rejects endorsing on each of the latter the word "Rejected" and the ground of rejection.

(*2*) A ballot paper shall be invalid on which—

(*a*) the figure 1 is not marked; or

(*b*) the figure 1 is set opposite the name of more than one candidate or is so placed as to render it doubtful to which candidate it is intended to apply; or

(*c*) the figure 1 and some other figures are set opposite the name of the same candidate; or

---

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964, for cls. (*a*) and (*b*).

(ग) अपवर्जित अभ्यर्थी के मतों के कुल मूल्यांक के अन्तरण में अन्तर्वलित सब क्रियाएं, अभिप्रेत हैं;

(3) "निःशेषित पत्र" से वह मतपत्र अभिप्रेत है जिस पर बने रहने वाले अभ्यर्थी के लिए आगे और अधिमान अभिलिखित नहीं है, परन्तु किसी पत्र की बाबत तभी यह समझा जाएगा कि वह निःशेषित है, जब कभी—

(क) दो या अधिक अभ्यर्थियों के नाम, चाहे वे बने रहने वाले हों या न हों एक ही अंक से चिह्नित हैं, और अधिमान के क्रम में अगले हैं, अथवा

(ख) अधिमान के क्रम में अगले अभ्यर्थी का नाम चाहे वह बने रहने वाला हो या न हो, ऐसे अंक से, जो मतपत्र पर किसी अन्य अंक का क्रमवर्ती अनुगामी अंक नहीं है या दो या अधिक अंकों से, चिह्नित है;

(4) "प्रथम अधिमान" से अंक 1 अभिप्रेत है जो किसी अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखा है, "द्वितीय अधिमान" से अंक 2 अभिप्रेत है जो किसी अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखा है; और "तृतीय अधिमान" से अंक 3 अभिप्रेत है जो किसी अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखा है और इसी भांति आगे भी अभिप्रेत है;

(5) "मूल मत" से किसी अभ्यर्थी के संबंध में वह मत अभिप्रेत है जो ऐसे मतपत्र से व्युत्पन्न है जिसमें ऐसे अभ्यर्थी के लिए प्रथम अधिमान अभिलिखित है;

(6) "अधिशेष" से वह संख्या अभिप्रेत है जितनी से किसी अभ्यर्थी के मूल और अन्तरित मतों का मूल्यांक कोटे के आधिक्य में है;

(7) "अन्तरित मत" से किसी अभ्यर्थी के संबंध में वह मत अभिप्रेत है जिसका मूल्यांक या जिसके मूल्यांक का भाग ऐसे अभ्यर्थी के नाम आकलित है और जो ऐसे मतपत्र से व्युत्पन्न है जिस पर ऐसे अभ्यर्थी के लिए द्वितीय या पश्चात्वर्ती अधिमान अभिलिखित है; तथा

(8) "अनिःशेषित पत्र" से वह मतपत्र अभिप्रेत है जिस पर बने रहने वाले अभ्यर्थी के लिए आगे और अधिमान अभिलिखित है।

72. **कुछ नियमों का लागू होना**—नियम 51 से लेकर नियम 54 तक के उपबन्ध सभा सदस्यों द्वारा या परिषद् निर्वाचन-क्षेत्र में हुए किसी निर्वाचन में मतों की गणना को ऐसे लागू होंगे जैसे वे संसदीय या सभा निर्वाचन-क्षेत्र के निर्वाचन में मतों की गणना को लागू होते हैं।

73. **मतपेटियों और डाक मतपत्रों के पैकेटों की संवीक्षा और उनका खोला जाना**—(1) रिटर्निंग आफिसर—

[1][(क) डाक मतपत्रों को, यदि कोई हों, अन्तर्विष्ट रखने वाले लिफाफों पर प्रथमतः उस रीति से कार्यवाही करेगा जो नियम 54क के उपनियम (2) से लेकर उपनियम (7) तक में उपबन्धित है;

(ख) तब मतपेटियों को खोलेगा, हर एक पेटी के अन्दर जो मतपत्र अन्तर्विष्ट हैं, उन्हें उसमें से निकालेगा और उनकी गणना करेगा और उनकी संख्या एक विवरणी में अभिलिखित करेगा;]

(ग) मतपेटियों में से निकाले गए मतपत्रों और लिफाफों में से निकाले गए डाक-मतपत्रों की संवीक्षा करेगा; तथा

(घ) जिन मतपत्रों को वह विधिमान्य समझता है उन्हें उन मतपत्रों से, जिन्हें वह प्रतिक्षेपित करता है, पृथक् करेगा और पश्चात् कथित हर एक मतपत्र पर "प्रतिक्षेपित" शब्द और ऐसे प्रतिक्षेपण के आधार पृष्ठांकित करेगा।

(2) वह मतपत्र अविधिमान्य होगा जिस पर—

(क) अंक 1 चिह्नित नहीं है, अथवा

(ख) अंक 1 से अधिक अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखा है या ऐसे स्थान पर है जिससे यह शंकास्पद हो जाता है कि किस अभ्यर्थी को लागू होने के लिए वह आशयित है; अथवा

(ग) अंक 1 और कुछ अन्य एक ही अभ्यर्थी के नाम के सामने लिखे हैं; अथवा

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 3662, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा खंड (क) और (ख) के स्थान पर प्रतिस्थापित।

(*d*) there is any mark or writing by which the elector can be identified; [1][or]

[2][(*e*) there is any figure marked otherwise than with the article supplied for the purpose:

Provided that this clause shall not apply to a postal ballot paper:

Provided further that where the returning officer is satisfied that any such defect as is mentioned in this clause has been caused by any mistake or failure on the part of a presiding officer or polling officer, the ballot paper shall not be rejected, merely on the ground of such defect.]

[3][*Explanation*.—The figures referred to in clauses (*a*), (*b*) and (*c*) of this sub-rule may be marked in the international form of Indian numerals or in the Roman form or in the form used in any Indian language, but shall not be indicated in words.]

74. Arrangement of valid ballot papers in parcels.—After rejecting the ballot papers which are invalid, the returning officer shall—

(*a*) arrange the remaining ballot papers in parcels according to the first preference recorded for each candidate;

(*b*) count and record the number of papers in each parcel and the total number; and

(*c*) credit to each candidate the value of the papers in his parcel.

75. Counting of votes where only one seat is to be filled.—(*1*) At any election where only one seat is to be filled, every valid ballot paper shall be deemed to be of the value of 1 at each count, and the quota sufficient to secure the return of a candidate at the election shall be determined as follows:—

(*a*) add the values credited to all the candidates under clause (*c*) of rule 74;

(*b*) divide the total by 2; and

(*c*) add 1 to the quotient ignoring the remainder, if any and the resulting number is the quota.

(*2*) If, at the end of the first or any subsequent count, the total value of the ballot papers credited to any candidate is equal to, or greater than, the quota or there is only one continuing candidate, that candidate shall be declared elected.

(*3*) If, at the end of any count, no candidate can be declared elected, the returning officer shall—

(*a*) exclude from the poll the candidate who up to that stage has been credited with the lowest value;

(*b*) examine all the ballot papers in his parcels and sub-parcels, arrange the unexhausted papers in sub-parcels according to the next available preferences recorded thereon for the continuing candidates, count the number of papers in each such sub-parcel and credit it to the candidate for whom such preference is recorded, transfer the sub-parcel to that candidate, and make a separate sub-parcel of all the exhausted papers; and

(*c*) see whether any of the continuing candidates has, after such transfer and credit, secured the quota.

---

1. Ins. by Notifn. No. S.O. 286(E), dated the 8th May, 1974.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 795(E), dated the 14th December, 1976.
3. Ins. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964.

(घ) कोई ऐसा चिह्न या ऐसी लिखावट है जिससे निर्वाचक पहचाना जा सकता है; [1][या]

[2][(ङ) कोई ऐसा अंक है जिससे चिह्न लगाने के प्रयोजन के लिए परिदत्त वस्तु से भिन्न किसी वस्तु से चिह्नित किया गया है :

परन्तु यह खण्ड किसी डाक मतपत्र को लागू नहीं होगा :

परन्तु यह और कि जहां रिटर्निंग आफिसर का यह समाधान हो जाता है कि इस खण्ड में उल्लिखित किसी किस्म की कोई त्रुटि पीठासीन आफिसर या मतदान आफिसर की गलती या चूक से हुई है वहां मात्र ऐसी त्रुटि के आधार पर मतपत्र अस्वीकृत नहीं किया जाएगा]।

[3][स्पष्टीकरण—इस उपनियम के खण्ड (क), (ख) और (ग) में निर्दिष्ट अंक भारतीय अंकों के अन्तरराष्ट्रीय रूप में या रोमन रूप में या किसी भारतीय भाषा में प्रयुक्त रूप में अंकित किए जा सकेंगे किन्तु शब्दों में उपदर्शित नहीं किए जाएंगे।]

74. विधिमान्य मतपत्रों का पार्सलों में रखना—जो मतपत्र अविधिमान्य हैं उनको प्रतिक्षेपित करने के पश्चात् रिटर्निंग आफिसर—

(क) शेष मतपत्रों को हर एक अभ्यर्थी के लिए अभिलिखित प्रथम अधिमान के अनुसार पार्सलों में रखेगा;

(ख) हर एक पार्सल में के मतपत्रों की गणना करेगा और उनकी संख्या तथा कुल संख्या अभिलिखित करेगा; तथा

(ग) हर एक अभ्यर्थी के नाम उसके पार्सल के मतपत्रों के मूल्यांक आकलित करेगा।

75. जहां कि केवल एक स्थान भरा जाना है वहां मतों की गणना—(1) ऐसे किसी निर्वाचन में, जिसमें केवल एक स्थान भरा जाना है, हर विधिमान्य मतपत्र हर एक गणना में मूल्यांक 1 का समझा जाएगा और निर्वाचन के अभ्यर्थी का निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कोटा निम्नलिखित रूप में अवधारित किया जाएगा:—

(क) नियम 74 के खण्ड (ग) के अधीन सभी अभ्यर्थियों के नाम आकलित मूल्यांकों को जोड़िए ;

(ख) जोड़ को 2 से भाग दीजिए; तथा

(ग) यदि कुछ शेष बचता है तो उसका ध्यान न रखते हुए भागफल में 1 जोड़िए और फलस्वरूप जो संख्या निकलेगी वही कोटा है।

(2) यदि प्रथम या किसी पश्चात्वर्ती गणना के खत्म होने पर किसी अभ्यर्थी के नाम आकलित मतपत्रों का कुल मूल्यांक कोटे के बराबर है या कोटे से ज्यादा है या बना रहने वाला अभ्यर्थी केवल एक ही है तो वह अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा।

(3) यदि किसी गणना के खत्म होने पर कोई अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित नहीं किया जा सकता है तो रिटर्निंग आफिसर—

(क) उस अभ्यर्थी को, जिसके नाम उस प्रक्रम तक न्यूनतम मूल्यांक आकलित हैं, मतदान से अपवर्जित कर देगा;

(ख) उसके पार्सल और उप-पार्सलों में के सब मतपत्रों की पड़ताल करेगा, उप-पार्सलों में के अनिःशेषित पत्रों को, उन पर अभिलिखित निकटतम अनुगामी अधिमानों के अनुसार बने रहने वाले अभ्यर्थियों के लिए रखेगा; ऐसे हर एक उप-पार्सल में के पत्रों की संख्या गिनेगा और उसे उस अभ्यर्थी के नाम आकलित करेगा जिसके लिए ऐसा अधिमान अभिलिखित है, वह उप-पार्सल उस अभ्यर्थी को अन्तरित कर देगा और सभी निःशेषित पत्रों का एक पृथक् उप-पार्सल बनाएगा; और

(ग) यह देखेगा कि क्या बने रहने वाले किसी अभ्यर्थी ने ऐसे अन्तरण और मूल्यांक के उसके नाम लिखे जाने के पश्चात् कोटा प्राप्त कर लिया है।

---

1. अधिसूचना सं० का० आ० 286(अ), तारीख 8 मई, 1974 द्वारा अन्तःस्थापित।
2. अधिसूचना सं० का० आ० 795(अ), तारीख 14 दिसम्बर, 1976 द्वारा प्रतिस्थापित।
3. अधिसूचना [illegible] 3C 2, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा अन्तःस्थापित।

(*4*) If, when a candidate has to be excluded under clause (*a*) of sub-rule (*3*), two or more candidates have been credited with the same value and stand lowest on the poll, the candidate for whom the lowest number of original votes are recorded shall be excluded, and if this number also is the same in the case of two or more candidates, the returning officer shall decide by lot which of them shall be excluded.

Counting of votes when more than one seat is to be filled

76. Ascertainment of quota.—At any election where more than one seat is to be filled, every valid ballot paper shall be deemed to be of the value of 100, and the quota sufficient to secure the return of a candidate at the election shall be determined as follows:—

(*a*) add the values credited to all the candidates under clause (*c*) of rule 74;

(*b*) divide the total by a number which exceeds by 1 the number of vacancies to be filled; and

(*c*) add 1 to the quotient ignoring the remainder, if any, and the resulting number is the quota.

77. General instruction.—In carrying out the provisions of rules 78 to 82, the returning officer shall disregard all fractions and ignore all preferences recorded for candidates already elected or excluded from the poll.

78. Candidates with quota elected.—If at the end of any count or at the end of the transfer of any parcel or sub-parcel of an excluded candidate the value of ballot papers credited to a candidate is equal to or greater than the quota, that candidate shall be declared elected.

79. Transfer of surplus.—(*1*) If at the end of any count the value of the ballot papers credited to a candidate is greater than the quota, the surplus shall be transferred, in accordance with the provisions of this rule, to the continuing candidates indicated on the ballot papers of that candidate as being next in order of the elector's preference.

(*2*) If more than one candidate have a surplus, the largest surplus shall be dealt with first and the others in order of magnitude:

Provided that every surplus arising on the first count shall be dealt with before those arising on the second count and so on.

(*3*) Where there are more surpluses than one to distribute and two or more surpluses are equal, regard shall be had to the original votes of each candidate and the candidate for whom most original votes are recorded shall have his surplus first distributed; and if the values of their original votes are equal, the returning officer shall decide by lot which candidate shall have his surplus first distributed.

(*4*) (*a*) If the surplus of any candidate to be transferred arises from original votes only, the returning officer shall examine all the papers in the parcel belonging to that candidate, divide the unexhausted papers into sub-parcels according to the next preferences recorded thereon and make a separate sub-parcel of the exhausted papers.

(*b*) He shall ascertain the value of the papers in each sub-parcel and of all the unexhausted papers.

(*c*) If the value of the unexhausted papers is equal to or less than the surplus, he shall transfer all the unexhausted papers at the value at which they were received by the candidate whose surplus is being transferred.

(4) यदि उस समय जब कोई अभ्यर्थी उपनियम (3) के खण्ड (क) के अधीन अपवर्जित किया जाना है, दो या अधिक अभ्यर्थियों के नाम समान मूल्यांक आकलित हैं और वे मतदान में निम्नतम हैं, तो जिस अभ्यर्थी को न्यूनतम संख्या में मूल मत मिले हैं, उसे अपवर्जित कर दिया जाएगा, और यदि यह संख्या भी दो या अधिक अभ्यर्थियों की दशा में समान है तो रिटर्निंग आफिसर लाट द्वारा विनिश्चय करेगा कि उनमें से किसे अपवर्जित किया जाए।

जब एक से अधिक स्थान भरे जाने हैं तब मतों की गणना

76. कोटे का अभिनिश्चयन—ऐसे किसी निर्वाचन में, जिसमें एक से अधिक स्थान भरे जाने हैं, हर विधिमान्य मतपत्र मूल्यांक 100 का समझा जाएगा और अभ्यर्थी का निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त कोटा निम्नलिखित रूप में अवधारित किया जाएगा :—

(क) नियम 74 के खंड (ग) के अधीन सभी अभ्यर्थियों के नाम आकलित मूल्यांकों को जोड़िए;

(ख) जोड़ को उस संख्या से विभाजित कीजिए जो भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या से एक अधिक है; तथा

(ग) यदि कुछ शेष बचता है तो उसका ध्यान न रखते हुए भागफल में 1 जोड़िए और फलस्वरूप जो संख्या निकलेगी वही कोटा है।

77. साधारण अनुदेश—नियम 78 से नियम 82 तक के उपबन्ध को कार्यान्वित करने में रिटर्निंग आफिसर सभी भिन्नों की अवहेलना करेगा और निर्वाचित हो चुके या मतदान से अपवर्जित अभ्यर्थियों के लिए अभिलिखित सभी अधिमानों की उपेक्षा करेगा।

78. जिन अभ्यर्थियों को कोटा प्राप्त हो गया है, वे निर्वाचित हो जाएंगे—यदि किसी गणना के खत्म होने पर या अपवर्जित अभ्यर्थी के किसी पार्सल या उप-पार्सल के अन्तरण के पश्चात् अभ्यर्थी के नाम आकलित मतपत्रों का मूल्यांक कोटे के बराबर है या कोटे से ज्यादा है तो वह अभ्यर्थी निर्वाचित घोषित कर दिया जाएगा।

79. अधिशेष का अन्तरण—(1) यदि किसी गणना के खत्म होने पर अभ्यर्थी के नाम आकलित मतपत्रों का मूल्यांक कोटे से ज्यादा है तो अधिशेष उन बने रहने वाले अभ्यर्थियों के पक्ष में इस नियम के उपबन्धों के अनुसार अन्तरित कर दिया जाएगा जो कि उस अभ्यर्थी के मतपत्रों में निर्वाचक के अधिमान क्रम में निकटतम अनुगामी के रूप में उपदर्शित हैं।

(2) यदि एक से अधिक अभ्यर्थी को अधिशेष प्राप्त है तो अधिकतम अधिशेष से पहले बरता जाएगा और दूसरों से उनके परिमाण-क्रम के अनुसार बरता जाएगा :

परन्तु प्रथम गणना में उद्भूत हर अधिशेष से दूसरी गणना में उद्भूत अधिशेष के मुकाबले में पहले बरता जाएगा और इसी क्रम में अनुवर्ती अधिशेषों से बरता जाएगा।

(3) जहां कि वितरण के लिए एक से अधिक अधिशेष हैं और दो या अधिक अधिशेष समान हैं वहां हर एक अभ्यर्थी के मूल मतों को ध्यान में रखा जाएगा और जिस अभ्यर्थी को सर्वाधिक मूल मत मिले हैं उसका अधिशेष सर्वप्रथम वितरित किया जाएगा और यदि उनके मूल मतों का मूल्यांक समान है तो रिटर्निंग आफिसर लाट द्वारा यह विनिश्चय करेगा कि किस अभ्यर्थी का अधिशेष सर्वप्रथम वितरित किया जाए।

(4) (क) यदि किसी अभ्यर्थी का वह अधिशेष, जो अन्तरित किया जाना है, केवल मूल मतों से ही उद्भूत हुआ है, तो रिटर्निंग आफिसर उस अभ्यर्थी के पार्सल में के सब मतपत्रों की पड़ताल करेगा, अनिःशेषित पत्रों को उनमें अभिलिखित निकटतम अनुगामी अधिमान के अनुसार उप-पार्सलों में विभाजित करेगा और अनिःशेषित पतपत्रों का एक पृथक् उप-पार्सल बनाएगा।

(ख) वह हर एक उप-पार्सल में के मतपत्रों का और सब अनिःशेषित मतपत्रों का मूल्यांक अभिनिश्चित करेगा।

(ग) यदि अनिःशेषित मतपत्रों का मूल्यांक अधिशेष के बराबर है या उससे कम है तो वह सब अनिःशेषित मतपत्रों को उस मूल्यांक पर, जिस पर वे उस अभ्यर्थी को प्राप्त हुए थे जिसका अधिशेष अन्तरित किया जा रहा है अन्तरित करेगा।

(*d*) If the value of the unexhausted papers is greater than the surplus, he shall transfer the sub-parcels of unexhausted papers and the value at which each paper shall be transferred shall be ascertained by dividing the surplus by the total number of unexhausted papers.

(*5*) If the surplus of any candidate to be transferred arises from transferred as well as original votes, the returning officer shall re-examine all the papers in the sub-parcel last transferred to the candidate, divide the unexhausted papers into sub-parcels according to the next preferences recorded thereon, and then deal with the sub-parcels in the same manner as is provided in the case of sub-parcels referred to in sub-rule (*4*).

(*6*) The papers transferred to each candidate shall be added in the form of a sub-parcel to the papers already belonging to such candidate.

(*7*) All papers in the parcel or sub-parcel of an elected candidate not transferred under this rule shall be set apart as finally dealt with.

80. Exclusion of candidates lowest on the poll.—(*1*) If after all surpluses have been transferred as hereinbefore provided, the number of candidates elected is less than the required number, the returning officer shall exclude from the poll the candidate lowest on the poll and shall distribute his unexhausted papers among the continuing candidates according to the next preferences recorded thereon; and any exhausted papers shall be set apart as finally dealt with.

(*2*) The papers containing original votes of an excluded candidate shall first be transferred, the transfer value of each paper being one hundred.

(*3*) The papers containing transferred votes of an excluded candidate shall then be transferred in the order of the transfers in which, and at the value at which, he obtained them.

(*4*) Each of such transfers shall be deemed to be a separate transfer but not a separate count.

(*5*) If, as a result of the transfer of papers, the value of votes obtained by a candidate is equal to or greater than the quota, the count then proceeding shall be completed but no further papers shall be transferred to him.

(*6*) The process directed by this rule shall be repeated on the successive exclusions one after another of the candidates lowest on the poll until such vacancy is filled either by the election of a candidate with the quota or as hereinafter provided.

(*7*) If at any time it becomes necessary to exclude a candidate and two or more candidates have the same value of votes and are the lowest on the poll, regard shall be had to the original votes of each candidate and the candidate for whom fewest original votes are recorded shall be excluded; and if the values of their original votes are equal the candidates with the smallest value at the earliest count at which these candidates had unequal values shall be excluded.

(*8*) If two or more candidates are lowest on the poll and each has the same value of votes at all counts the returning officer shall decide by lot which candidate shall be excluded.

81. Filling the last vacancies.—(*1*) When at the end of any count the number of continuing candidates is reduced to the number of vacancies remaining unfilled, the continuing candidates shall be declared elected.

(*2*) When at the end of any count only one vacancy remains unfilled and the value of the papers of some one candidate exceeds the total value of the papers of all the other continuing candidates together with any surplus not transferred, that candidate shall be declared elected.

(घ) यदि अनिःशेषित मतपत्रों का मूल्यांक अधिशेष से अधिक है तो वह अनिःशेषित मतपत्रों के उप-पार्सलों का अन्तरण करेगा और वह मूल्यांक जिस पर हर एक मतपत्र अन्तरित किया जाएगा, अधिशेष को अनिःशेषित मतपत्रों की कुल संख्या से विभक्त करके अभिनिश्चित किया जाएगा ।

(5) यदि किसी अभ्यर्थी का वह अधिशेष, जो अन्तरित किया जाना है, अन्तरित और मूल मतों से उद्भूत हुआ है तो, रिटर्निंग आफिसर अभ्यर्थी को सबसे अन्त में अन्तरित उप-पार्सल में के सब मतपत्रों की पुनः पड़ताल करेगा, अनिःशेषित मतपत्रों को उन पर अभिलिखित निकटतम अनुगामी अधिमानों के अनुसार उप-पार्सलों में विभाजित करेगा और तब उप-पार्सलों से उसी रीति में बरतेगा जैसी उपनियम (4) में निर्दिष्ट उप-पार्सलों की दशा में के लिए उपबंधित है ।

(6) हर अभ्यर्थी को अन्तरित मतपत्र ऐसे अभ्यर्थी के पहले से ही मतपत्रों में उप-पार्सल के रूप में मिला दिए जाएंगे ।

(7) निर्वाचित अभ्यर्थी के पार्सल या उप-पार्सल में के वे सब मतपत्रों, जो इस नियम के अधीन अन्तरित नहीं किए गए हैं, अन्तिमरूपेण बरते गए के रूप में अलग रख दिए जाएंगे ।

80. मतदान में के निम्नतम अभ्यर्थियों का अपवर्जन—(1) यदि सब अधिशेष के ऐसे अन्तरित कर दिए जाने के पश्चात्, जैसे एतस्मिनपूर्व उपबन्धित है, निर्वाचित अभ्यर्थियों की संख्या अपेक्षित संख्या से कम है तो रिटर्निंग आफिसर मतदान में के निम्नतम अभ्यर्थी को मतदान से अपवर्जित कर देगा और उसके अनिःशेषित मतपत्रों को बने रहने वाले अभ्यर्थियों के बीच उन निकटतम अनुगामी अधिमानों के अनुसार वितरित कर देगा जो उन पर अभिलिखित हैं, और किन्हीं निःशेषित मतपत्रों को अन्तिमरूपेण बरते गए के रूप में अलग रखा जाएगा ।

(2) अपवर्जित अभ्यर्थी के मूल मतों को अन्तर्विष्ट रखने वाले मतपत्र सर्वप्रथम अन्तरित किए जाएंगे और हर एक मतपत्र का अन्तरण मूल्यांक एक सौ होगा ।

(3) अपवर्जित अभ्यर्थी के अन्तरित मतों को अन्तर्विष्ट रखने वाले मतपत्र तब अन्तरण के उस क्रम में, जिसमें और उस मूल्यांक पर, जिसमें उसने उन्हें अभिप्राप्त किया था, अन्तरित किए जाएंगे ।

(4) ऐसे हर एक अन्तरण की बाबत यह समझा जाएगा कि वह पृथक् अन्तरण है किन्तु पृथक् गणना नहीं है।

(5) यदि मतों के अन्तरण के फलस्वरूप अभ्यर्थी द्वारा अभिप्राप्त मतों का मूल्यांक कोटे के बराबर है या उससे ज्यादा हो जाता है तो उस समय चलने वाली गणना पूरी की जाएगी किन्तु कोई अन्य मतपत्र उसे अन्तरित न किए जाएंगे ।

Total of unexhausted papers	18
No. of exhausted papers	1
Total of papers	19

1. Subs. by Notifn. No. S.O. 3662, dated the 12th October, 1964.

अनुसूची

(नियम 83 देखिए)

[1][जब एक से अधिक स्थान भरे जाने हों तब निर्वाचन में एकल संक्रमणीय मत पद्धति से मतों की गणना के लिए प्रक्रिया का दृष्टांत ।]

मान लीजिए कि सात सदस्य निर्वाचित होने हैं, सोलह अभ्यर्थी हैं और एक सौ चालीस निर्वाचक हैं ।

विधिमान्य मतपत्र हर एक अभ्यर्थी के लिए अभिलिखित प्रथम अधिमान्य क्रम से पृथक्-पृथक् पार्सलों में रखे गए हैं और हर पार्सल में के मतपत्रों की गणना कर ली गई है ।

मान लिया जाए कि परिणाम निम्नलिखित रूप में है—

क	12
ख	8
ग	6
घ	9
ङ	10
च	7
छ	4
ज	19
झ	13
ञ	5
ट	14
ठ	8
ड	10
ढ	6
ण	4
त	5
जोड़	140

हर एक विधिमान्य मतपत्र की बाबत यह समझा जाता है कि उसका मूल्यांकन एक सौ है और क्रमागत अभ्यर्थियों द्वारा अभिप्राप्त मतों के मूल्यांकन वे हैं जो कि परिणामपत्र के प्रथम स्तम्भ में दर्शित हैं ।

सब मतपत्रों का मूल्यांकन एक साथ जोड़ा जाता है और 14,000 जोड़ को आठ से (अर्थात् उस संख्या से जो कि भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या से एक अधिक है) भाग दिया जाता है और 1,751 (अर्थात् भागफल 1,750 में जोड़कर वह संख्या है जो सदस्य का निर्वाचन सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त है और उसे कोटा कहा जाता है ।

यह प्रक्रिया ऐसे दर्शित की जा सकती है—

$$\text{कोटा} = \frac{14,000}{8} + 1 = 1,750 + 1 = 1,751$$

अभ्यर्थी ज, जिसके मतों का मूल्यांक कोटा से अधिक है, निर्वाचित घोषित कर दिया जाता है ।

क्योंकि ज के पार्सल में के मतपत्रों का मूल्यांकन कोटा से अधिक है इसलिए उसके अधिशेष मत अन्तरित किए जाने चाहिए । उसका अधिशेष 149, अर्थात् 1,900 में से 1,751 घटाकर है ।

यह अधिशेष मूलमतों से पैदा होता है और इसलिए ज के सब मतपत्र उन पर अभिलिखित अगले अधिमानों के अनुरूप उप-पार्सलों में विभाजित किए जाते हैं और निश्शेषित मतपत्रों का एक पृथक् पार्सल भी बनाया जाता है ।

मान लिया जाए कि परिणाम निम्नलिखित है—

ख अगले उपलब्ध अधिमान के रूप में	7 मतपत्रों पर चिह्नित है
घ अगले उपलब्ध अधिमान के रूप में	4 मतपत्रों पर चिह्नित है
ङ अगले उलभ्य अधिमान के रूप में	4 मतपत्रों पर चिह्नित है
च अगले उपलब्ध अधिमान के रूप में	3 मतपत्रों पर चिह्नित है
अनिश्शेषित मतपत्रों का जोड़	18
निश्शेषित मतपत्रों की संख्या	1
मतपत्रों का जोड़	19

1. अधिसूचना सं० का० आ० [illegible]2, तारीख 12 अक्तूबर, 1964 द्वारा प्रतिस्थापित ।

The values of the papers in the sub-parcels are as follows :—

B	700
D	400
E	400
F	300
Total value of unexhausted papers	1,800
Value of exhausted papers	100
TOTAL VALUE	1,900

The value of the unexhausted papers is 1,800 and is greater than the surplus. This surplus is, therefore, transferred as follows :—

All the unexhausted papers are transferred, but at a reduced value, which is ascertained by dividing the surplus by the number of unexhausted papers.

The reduced value of all the papers, when added together, with the addition of any value lost as the result of the neglect of fractions, equals the surplus. In this case the new value of each paper transferred is

$$\frac{149 \text{ (the surplus)}}{18 \text{ (the number of unexhausted papers)}}$$

the residue of the value of each paper (100—8=92), being required by H for the purpose of constituting his quota, *i.e.*, one exhausted paper value (100) *plus* the value (1,656) of 18 unexhausted papers.

These values of the sub-parcels transferred are :—

B=56 (*i.e.*, seven papers at the value of 8);
D=32 (*i.e.*, four papers at the value of 8);
E=32 (*i.e.*, four papers at the value of 8);
F=24 (*i.e.*, three papers at the value of 8);

These operations can be shown on a transfer sheet as follows :

Transfer Sheet

Value of surplus (H's) to be transferred	149
Number of papers in H's parcel	19
Value of each paper in parcel	100
Number of unexhausted papers	18
Value of unexhausted papers	1,800

New value of each paper transferred

$$\frac{\text{Surplus}}{\text{number of unexhausted papers}} \quad \frac{149}{18} = 8$$

उप-पार्सलों में के मतपत्रों का मूल्यांकन निम्नलिखित रूप में है :—

ख	700
घ	400
ङ	400
च	300
अनिश्शेषित मतपत्रों का कुल मूल्यांक	1,800
निश्शेषित मतपत्रों का मूल्यांक	100
कुल मूल्यांक	1,900

अनिश्शेषित मतपत्रों का मूल्यांक 1,800 है और अधिशेष से अधिक है इसलिए यह अधिशेष निम्नलिखित रूप में अन्तरित किया जाता है :—

सब अनिश्शेषित मतपत्र अन्तरित किए जाते हैं, किन्तु अन्तरित किए जाते हैं न्यूनीकृत मूल्यांकन पर जो मूल्यांक अधिशेष को अनिश्शेषित मतपत्रों की संख्या से भाग देकर अभिनिश्चित किया जाता है।

जब सब मतपत्रों का न्यूनीकृत मूल्यांक एक साथ जोड़ा जाता है तब वह भिन्नों की उपेक्षा के फलस्वरूप जाते रहे किसी मूल्यांक के साथ जोड़े जाने पर अधिशेष के बराबर होता है। इस अवस्था में हर एक अन्तरित मतपत्र का नया मूल्यांक—

$$\frac{149 \text{ (अधिशेष)}}{18 \text{ (अनिश्शेषित मतपत्रों की संख्या)}}$$

हर एक मतपत्र के मूल्यांकन का शेष अर्थात् (100–8=92) जो अपना कोटा गठित करने के लिए ज द्वारा अपेक्षित है, अर्थात् एक निश्शेषित मतपत्र का मूल्यांक (100)+18 अनिश्शेषित मतपत्रों का मूल्यांक (1,656) है।

अन्तरित उप-पार्सलों के ये मूल्यांक:—

ख—56 (अर्थात् 8 मूल्यांक की दर से सात मतपत्र),

घ—32 (अर्थात् 8 मूल्यांक की दर से चार मतपत्र),

ङ—32 (अर्थात् 8 मूल्यांक की दर से चार मतपत्र),

च—24 (अर्थात् 8 मूल्यांक की दर से तीन मतपत्र),

ये क्रियाएं अन्तरण पत्र पर निम्नलिखित रूप में दर्शित की जा सकती हैं :—

अन्तरण-पत्र

अन्तरित किए जाने वाले ज के अधिशेष का मूल्यांक	149
ज के पार्सलों में मतपत्रों की संख्या	19
पार्सलों में हर एक मतपत्र का मूल्यांक	100
अनिश्शेषित मतपत्रों की संख्या	18
अनिश्शेषित मतपत्रों का मूल्यांक	1,800

हर एक अन्तरित मतपत्र का नया मूल्यांक = $\frac{\text{अधिशेष}}{\text{अनिश्शेषित मतपत्रों की संख्या}} = \frac{149}{18} = 8$

Names of Candidates marked as the next available preference	Number of papers to be transferred	Value of sub-parcels to be transferred
B	7	56
D	4	32
E	4	32
F	3	24
TOTAL	18	144
Number of exhausted papers	1	..
Loss of value owing to neglect of fractions	..	5
TOTAL	19	149

The values of the sub-parcels are added to the values of the votes already credited to the candidates B, D, E and F. This operation is shown on the result sheet.

There being no further surplus the candidate lowest on the poll has now to be excluded. G and O both have 400.

The Returning Officer casts lots and G is chosen to be excluded.

Being original votes, G's papers are transferred at the value of 100 each. A who was marked as next preference on two papers receives 200, while D and E were each next preference on one paper and receiving 100 each. O now being lowest is next excluded and his 400 is similarly transferred to I, B and K, I receiving 200 and B and K 100 each.

This leaves J and P lowest with 500 each and J is chosen by lot for exclusion first. His papers are transferred at the value of 100 each to A, B, D and I, the three first named receiving 100 each, and I who had the next preference on two papers receiving 200. P is then excluded and his papers are transferred to E, L and K, the two first named receiving 100 each, and K, who had the next preference on three papers, receiving 300.

K now exceeds the quota and is declared elected.

Prior to further exclusion, K's surplus of 49 has to be distributed.

The sub-parcel last transferred to K consisted of 3 votes transferred at the value of 100 each. This sub-parcel is examined; there are no exhausted papers and B, F, and I are each next preference on one paper and one paper is transferred to each of them at a reduced value determined by dividing the surplus (49) by the number of unexhausted papers (3), B, F and I accordingly receive 16 each.

अगले उपलभ्य अधिमान के रूप में चिह्नित अभ्यर्थियों के नाम		अन्तरित किए जाने वाले मतपत्रों की संख्याएं	अन्तरित किए जाने वाले उप-पार्सलों का मूल्यांकन
ख		7	56
घ		4	32
ङ		4	32
च		3	24
	जोड़	18	144
निश्शेषित मतपत्रों की संख्या		1	..
भिन्नों की उपेक्षा करने से जाते रहे मूल्यांक		..	5
	जोड़	19	149

उप-पार्सलों के मूल्यांक अभ्यर्थी ख, घ, ङ और च के नाम पहले से ही जमा किए गए मतों के मूल्यांक के साथ जोड़े जाते हैं। यह क्रिया परिणामपत्र पर दर्शित की जाती है।

अतिरिक्त अधिशेष न होने पर अब उस अभ्यर्थी को, जो मतदान में निम्नतम स्थान रखता है, अपवर्जित किया जाता है। छ और ण दोनों के 400 मूल्यांक हैं।

रिटर्निंग आफिसर लाट डालता है और छ अपवर्जित किए जाने के लिए चुना जाता है।

मूल मत होने के कारण छ के मतपत्र प्रति मतपत्र 100 मूल्यांक से अन्तरित किए जाते हैं। क, जो दो मतपत्रों में अगले अधिमान के रूप में चिह्नित किया गया था, 200 मूल्यांक प्राप्त करता है जबकि घ और ङ को जो दोनों एक मतपत्र पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित किए गए हैं, हर एक को 100 मूल्यांक प्राप्त होते हैं। अब निम्नतम होने के कारण ण आगे अपवर्जित किया जाता है और उसके 400 मूल्यांक इसी प्रकार झ, ख और ट को अन्तरित किए जाते हैं, झ को 200 मूल्यांक प्राप्त होते हैं और ख और ट में से हर एक को 100 मूल्यांक प्राप्त होते हैं।

परिणामस्वरूप ञ और त में से हर एक को 500 मूल्यांक मिलते हैं और वे निम्नतम रह जाते हैं और लाट द्वारा पहले ञ अपवर्जन के लिए चुना जाता है। उसके मतपत्र 100 मूल्यांक प्रति मतपत्र से क, ख, घ और झ को अन्तरित किए जाते हैं, पहले नामांकित तीन व्यक्तियों में से हर एक को 100 मूल्यांक प्राप्त होते हैं और झ को, जो दो मतपत्रों पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है, 200 मूल्यांक प्राप्त होते हैं। त्र अपवर्जित कर दिया जाता है और उसके मतपत्र ङ, ठ और ट को अन्तरित किए जाते हैं, पहले नामांकित दो व्यक्तियों में से हर एक को 100 मूल्यांक प्राप्त होते हैं और ट को, जो तीन मतपत्रों पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है, 300 मूल्यांक प्राप्त होते हैं।

ट अब कोटा पार कर गया है और इसलिए यह निर्वाचित घोषित किया जाता है।

आगे अपवर्जन के पूर्व ट का अधिशेष 49 वितरित किया जाता है।

ट को अन्तिम बार अन्तरित उप-पार्सल में प्रति मतपत्र 100 मूल्यांक से अन्तरित 3 मत हैं। इस उप-पार्सल की परीक्षा की जाती है। उसमें कोई निश्शेषित मतपत्र नहीं है और ख, च और झ में से हर एक मतपत्र पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है और उनमें से हर एक को एक मतपत्र उस न्यूनीकृत मूल्यांक, जो कि अधिशेष (49) को अनिश्शेषित मतपत्र (3) की संख्या से भाग देकर अवधारित किया जाता है, अन्तरित किया जाता है। ख, च और झ में से हर एक को तदनुसार 16 प्राप्त होते हैं।

The process of exclusion is now proceeded with.

C and N have 600 each, and C is chosen by lot for exclusion first. He has 6 original votes; B, D and E are each next preference on two papers, and each receives 200. N is then excluded, A is next preference on 3 of his papers, and receives 300; F, I and L are each next preference on one paper and receive 100 each.

This brings A and I above the quota and they are declared elected. Their surplus have now to be distributed and I's surplus which is the larger, 65, is dealt with first.

The last sub-parcel transferred to I consisted of one paper transferred at the value of 100, D is next preference on this paper, and receives the whole surplus of 65.

A's surplus of 49 is then dealt with. The last sub-parcel transferred to him consisted of 3 papers transferred at the value of 100 each. B was next preference on two of these papers and E on one, and the papers are transferred accordingly. The value to be transferred is 16 per paper, *i.e*, the surplus (49), divided by the number of the unexhausted (3). B accordingly receives 32 and E 16.

No other candidate having reached the quota, the process of exclusions is proceeded with, and F who is now lowest with 840, is excluded.

His seven original votes are transferred first. B, D and E are next preference on three, two and two papers, respectively, and receive respectively 300, 200 and 200.

The transferred votes are next transferred in the order of their transfers to F. The 3 votes received at the value of eight each at the distribution of H's surplus are transferred at the same value to L who was next preference on all 3 papers.

The vote valued at sixteen received by F at the distribution of K's surplus, goes at the same value to M, who was next preference on that paper. The vote transferred at the value of 100 on the exclusion of N is then transferred at the same value to D, who thus received a total of 300.

No continuing candidate having reached the surplus, N, who is now lowest with 1016 is excluded.

His ten original votes are transferred first. B and D are first preference on three papers each and E and L on two each. B and D accordingly receive 300 each, and E and L 200 each. This brings B, D and E above the quota and they are declared elected. The requisite number of candidates having now been elected, the election is at an end, and it is unnecessary to proceed to the transfer of M's transferred votes.

Full details are shown in the result sheet.

अपवर्जन की प्रक्रिया अब आगे चलाई जाती है।

ग और ढ में से हर एक के 600 मूल्यांक हैं, और ग लाट द्वारा पहले अपवर्जित किए जाने के लिए चुना जाता है। उसके 6 मूल मत हैं, इसमें से दो मतपत्रों पर ख, घ और ङ में से हर एक अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है और हर एक 200 मूल्यांक प्राप्त करता है। ढ तब अपवर्जित किया जाता है; क उसके मतपत्रों में से 3 पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है और 300 मूल्यांक प्राप्त करता है, ख, झ और ढ में से प्रत्येक एक मतपत्र पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है और हर एक 100 मूल्यांक प्राप्त करता है।

परिणामस्वरूप क और झ कोटा से ऊपर पहुंच जाते हैं और वे निर्वाचित घोषित कर दिए जाते हैं। उनके अधिशेष को अब वितरित किया जाना है और अधिक होने के कारण झ के अधिशेष 65 की बाबत पहले कार्यवाही की जाती है।

झ को अन्तरित अन्तिम उप-पार्सल में एक मतपत्र है जो 100 मूल्यांक पर अन्तरित किया जाता है, ख इस मतपत्र पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है और उसे 65 का सारा अधिशेष प्राप्त हो जाता है।

तब क के अधिशेष 49 की बाबत कार्यवाही की जाती है। उसे अन्तरित अन्तिम उप-पार्सल में प्रति मतपत्र 100 मूल्यांक से अन्तरित 3 मतपत्र हैं। इन मतपत्रों में से दो पर ख अगले अधिमान के रूप में चिह्नित है और ङ एक पर है और तदनुसार ये मतपत्र अन्तरित किए जाते हैं। अन्तरित किए जाने वाले मूल्यांक प्रति मतपत्र 16 है, अर्थात् अधिशेष (49) को अनिश्शेषित मतपत्र (3) की संख्या द्वारा विभक्त करके ख को तदनुसार 32 मूल्यांक प्राप्त होते हैं और ङ को 16 मूल्यांक।

किसी अन्य अभ्यर्थी के कोटा तक न पहुंचने के कारण अपवर्जन की प्रक्रिया आगे चलाई जाती है और च जो 840 मूल्यांक के कारण अब निम्नतम है अपवर्जित किया जाता है।

उसके 7 मूल मत पहले अन्तरित किए जाते हैं। तीन, दो और दो मतपत्रों पर क्रमश: ख, घ और ङ के अगले अधिमान के रूप में चिह्नित हैं और क्रमश: 300, 200 और 200 मूल्यांक प्राप्त करते हैं।

अन्तरित मत अपने अन्तरित किए जाने के क्रम में च को अन्तरित किए जाते हैं। ज के अधिशेष के वितरण में प्रति मतपत्र आठ मूल्यांक से प्राप्त 3 मत उसी मूल्यांक पर ठ को अन्तरित किए जाते हैं। जो सभी तीन मतपत्रों पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित था।

ट के अधिशेष के वितरण में च द्वारा सोलह मूल्यांक वाले प्राप्त मत उसी मूल्यांक पर ङ को जाते हैं जो उस मतपत्र पर अगले अधिमान के रूप में चिह्नित था। द के अपवर्जन पर 100 के मूल्यांक पर अन्तरित मत उसी मूल्यांक पर घ को अन्तरित किया जाता है जो इस प्रकार कुल 300 मूल्यांक प्राप्त करता है।

किसी बने रहने वाले अभ्यर्थी द्वारा अभी तक अधिशेष तक न पहुंचने के कारण ढ, जो अब 1016 मूल्यांक के कारण निम्नतम है, अपवर्जित किया जाता है।

उसके दस मूल मत पहले अन्तरित किए जाते हैं। ख और घ में से हर एक तीन मतपत्रों पर प्रथम अधिमान के रूप में चिह्नित है और ङ और ठ में से हर एक दो मतपत्रों पर ख और घ में से हर एक को तदनुसार 300 मूल्यांक प्राप्त होते हैं और ठ में से हर एक को 200 मूल्यांक प्राप्त होते हैं। परिणामस्वरूप ख, घ और ङ कोटा से ऊपर पहुंच जाते हैं और वे निर्वाचित घोषित कर दिए जाते हैं। अभ्यर्थियों की अपेक्षित संख्या के अब निर्वाचित हो जाने पर निर्वाचन समाप्ति पर है और ङ के अन्तरित मतों के अन्तरण के लिए आगे कार्यवाही करना आवश्यक है।

परिणाम पत्र में पूरे-पूरे ब्यौरे दर्शित किए गए हैं।

Value of votes : 14,000

RESULT SHEET

Quota = $\frac{14,000}{8} + 1 = 1,751$

Name of candidates	Value of votes at first count	Distribution of H'S' surplus	Result	Distribution of votes of G and O	Result	Distribution of votes of J and P	Result	Distribution of K's surplus
1	2	3	4	5	6	7	8	9
A	1,200	..	1,200	+200	1,400	+100	1,500	..
B	800	+56	856	+100	956	+100	1,056	+16
C	600	..	600	..	600	..	600	..
D	900	+32	932	+100	1,032	+100	1,132	..
E	1,000	+32	1,032	+100	1,132	+100	1,232	..
F	700	+24	724	..	724	..	724	+16
G	400	..	400	—400	..	..	..	..
H	1,900	—149	1,751	..	1,751	..	1,751	..
I	1,300	..	1,300	+200	1,500	+200	1,700	+16
J	500	..	500	..	– 500	500	..	..
K	1,400	..	1,400	+100	1,500	+300	1,800	—49
L	800	..	800	..	800	+100	900	..
M	1,000	..	1,000	..	1,000	..	1,000	..
N	600	..	600	..	600	..	600	..
O	400	..	400	—400	..	..	..	..
P	500	..	500	..	—500	500	..	..
Loss of value by neglect of fraction	..	+5	5	..	5	..	5	+1
TOTAL . ..	14,000	..	14,000	..	14,000	..	14,000	..

परिणाम-पत्र

मतों का मूल्यांक 14,000

कोटा $= \frac{14,000}{8} + 1 = 1,751$

अभ्यर्थी का नाम	पहली गणना में मतों का मूल्यांक	ज के अधिशेष का वितरण	परिणाम	छ और ण के मतों का वितरण	परिणाम	ञ और त के मतों का वितरण	परिणाम	ट के अधिशेष का वितरण
1.	2	3	4	5	6	7	8	
क	1,200	—	1,200	+200	1,400	+100	1,500	—
ख	800	+56	856	+100	956	+100	1,056	+19
ग	600	—	600	—	600	—	600	—
घ	900	+32	932	+100	1,032	+100	1,132	—
ङ	1,000	+32	1,032	+100	1,132	+100	1,232	—
च	700	+24	724	—	724	—	724	+16
छ	400	—	400	+400	—	—	—	—
ज	1,900	—149	1,751	—	1,751	—	1,751	—
झ	1,300	—	1,300	+200	1,500	+200	1,700	+16
ञ	500	—	500	—	500	—500	—	—
ट	1,400	—	1,400	+100	1,500	+300	1,800	—49
ठ	800	—	800	—	800	+100	900	—
ड	1,000	—	1,000	—	1,000	—	1,000	—
ढ	600	—	600	—	600	—	600	—
ण	400	—	—400	—400	—	—	—	—
त	500	—	500	—	500	—500	—	—
भिन्नों की उपेक्षा से जाते रहे मूल्यांक	—	+5	5	—	5	—	5	+1
जोड़	14,000	—	14,000	—	14,000	—	14,000	—

Value of votes : 14,000

RESULT SHEET—*contd.*

$$\text{Quota} = \frac{14,000}{8} + 1 = 1,751$$

Result	Distribution of votes of C and N	Result	Distribution of surplus of I and A	Result	Distribution of F's votes	Result	Distribution of M's votes	Result	Result of Election
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
1500	+300	1,800	+49	1,751	..	1,751	..	1,751	Elected
1,072	+200	1,272	+32	1,304	+300	1,604	+300	1,904	Elected
600	—600	..	..	..	..	..	..	..	Not Elec
1,132	+200	1,332	+65	1,397.	+300	1,697	+ C0	1,99	Elected
1,232	+200	1,432	+16	1,448	+200	1,648	+200	1,848	Elected
740	+100	840	..	840	—840	..	..	..	Not Elected
..	..	...	..	..	..	..	..	..	Not Elected
1,751	..	1,751	..	1,751	..	1,751	..	1,751	Elected
1,716	+100	1,816	—65	1,751	..	1,751	..	1,751	Elected
..	..	..	..	..	..	..	..	..	Not Elected
1,751	..	1,751	..	1,751	..	1,751	..	1,751	Electeced
900	+100	1,000	..	1,000	+24	1,024	+200	1,224	Not Elected
1,000	..	1,000	..	1,000	+16	1,016	1,000	+16	Not Elected
600	—600	..	..	..	..	..	..	..	Not Elected
..	..	..	..	..	..		..	..	Not Elected
..	..	..	..	..	..	..	..	..	Not Elected
6	..	6	+1	7	..	7	..	7	
14,000	..	14,000	..	14,000	..	14,000	..	14,000	

परिणाम-पत्र—जारी

मतों का मूल्यांक 14,000

फोटा = $\frac{14,000}{8}$ + 1 = 1,751

परिणाम	ग और ङ के मतों का वितरण	परिणाम	ज और क के अधिशेष का वितरण	परिणाम	च के मतों का वितरण	परिणाम	छ के मतों का वितरण	परिणाम	निर्वाचन
10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
1,500	+300	1,800	—49	1,751	—	1,751	—	1,751	निर्वाचित
1,072	+200	1,272	+32	1,304	+300	1,604	+300	1904	निर्वाचित
600	—600	—	—	—	—	—	—	—	अनिर्वाचित
1,132	+200	1,332	+65	1,397	+300	1,697	+300	1,997	निर्वाचित
1,232	+200	1,432	+16	1,448	+200	1,648	+200	1,848	[illegible]
740	+100	840	—	840	—840	—	—	—	अनिर्वाचित
—	—	—	—	—	—	—	—	—	अनिर्वाचित
1,751	—	1,751	—	1,751	—	1,751	—	1,751	निर्वाचित
1,716	100	1,816	—65	1,751	—	1,751	—	1,751	निर्वाचित
—	—	—	—	—	—	—	—	—	अनिर्वाचित
1 751	—	1,751	—	1,751	—	1,751	—	1,751	निर्वाचित
900	+100	1,000	—	1,000	+24	1,024	+200	1,224	अनिर्वाचित
1,000	—	1,000	—	1,000	+16	1,016	1,000	+16	अनिर्वाचित
600	—600	—	—	—	—	—	—	—	अनिर्वाचित
—	—	—	—	—	—	—	—	—	अनिर्वाचित
—	—	—	—	—	—	—	—	—	अनिर्वाचित
6	—	6	+1	7	—	7	—	7	
14,000	—	14,000	—	14,000	—	14,000	—	14,000	

APPLICATION OF REGISTRATION OF ELECTORS RULES, 1960 TO THE STATE OF SIKKIM

Notification No. S.O. 425(*E*), *dated the* 23*rd June,* 1976.—In exercise of the powers conferred by section 28 of the Representation of the People Act, 1950 (43 of 1950), the Central Government, in consultation with the Election Commission, hereby makes the following Rules, namely:—

1. **Short title.**—These Rules may be called the Registration of Electors (Amendment) Rules, 1976.

2. **Application of the Registration of Electors Rules, 1960 to Sikkim.**—Subject to the provisions of section 25A of the Representation of the People Act, 1950, the Registration of Electors Rules, 1960, in so far as they relate to the preparation or revision of the electoral roll of an assembly constituency in a State, shall apply in relation to the preparation or revision of the electoral roll of any assembly constituency in the State of Sikkim.

[Gazette of India, Part II, Section 3 (ii), Extraordinary, p. 1389].

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 का सिक्किम राज्य को लागू होना

का० ग्रा० 425(अ), तारीख 23 जून, 1976— लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 का 43) की धारा 28 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, निर्वाचन आयोग के परामर्श से निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम**— इन नियमों का नाम निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण (संशोधन) नियम, 1976 है।

2. **निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 का सिक्किम को लागू होना**—लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 25क के उपबंधों के अधीन रहते हुए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, जहां तक उसका सम्बन्ध किसी राज्य में किसी विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली को तैयार करने या पुनरीक्षण से है, सिक्किम राज्य में किसी विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली को तैयार करने या उसका पुनरीक्षण करने के सम्बन्ध में लागू होगा।

[भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खण्ड 3 (ii), पृष्ठ 1389]।

THE CONDUCT OF PARLIAMENTARY ELECTIONS (SIKKIM) RULES, 1977

Notification No. S.O. 45 (E), dated the 25th January, 1977.—In exercise of the powers conferred by section 169 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951) and in supersession of the Conduct of Parliamentary Elections (Sikkim) Rules, 1975, the Central Government, after consulting the Election Commission, hereby makes the following Rules, namely:—

1. Short title and commencement.—(*1*) These Rules may be called the Conduct of Parliamentary Elections (Sikkim) Rules, 1977.

(*2*) They shall come into force at once.

2. Application of the Conduct of Elections Rules, 1961 to elections to Parliament from Sikkim.—The Conduct of Elections Rules, 1961, in so far as they relate to an election to the House of the People or, as the case may be, to the Council of States, shall apply in relation to any election to the House of the People or, as the case may be, to the Council of States from the State of Sikkim, subject to the modification that in rule 90 of the said Rules, in the Table, under the heading "I. States" after entry 21 relating to West Bengal, the following entry shall be inserted, namely :—

"22. Sikkim..............15,000............ ....

[Gazette of India, Part II, Section 3 (ii), Extraordinary, p. 111]

संसदीय निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1977

का० आ० 45(अ), तारीख 25 जनवरी, 1977— केन्द्रीय सरकार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 169 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और संसदीय निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1975 को अधिक्रांत करते हुए, निर्वाचन आयोग से परामर्श करने के पश्चात् निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**—(1) इन नियमों का नाम संसदीय निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1977 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्किम से संसद् के निर्वाचनों को निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 का लागू होना**—निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 वहां तक जहां तक वे, यथास्थिति, लोक सभा या राज्य सभा के निर्वाचनों से सम्बन्धित हैं, सिक्किम राज्य को, यथास्थिति, लोक सभा या राज्य सभा के लिए किसी निर्वाचन के सम्बन्ध में, इस उपान्तरण के अधीन रहते हुए, लागू होंगे कि उक्त नियमों के नियम 90 में सारणी में के शीर्ष "1—राज्य" के अंतर्गत, 1 पश्चिमी बंगाल से सम्बन्धित प्रविष्टि 21 के पश्चात्, निम्नलिखित प्रविष्टि अन्तःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :—

"22. सिक्किम 15,000 .. .."।

[भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खण्ड 3(ii), पृष्ठ 111]

THE CONDUCT OF ASSEMBLY ELECTIONS (SIKKIM) RULES, 1979

Notification No. S.O. 519 (*E*), *dated the 7th September,* 1979.—In exercise of the powers conferred by section 169, read with sub-section (*2*) of section 5A and sub-section (*1*) of section 33 of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951), and in supersession of the Conduct of Assembly Elections (Sikkim) Rules, 1976, the Central Government, after consulting the Election Commission, hereby makes the following rules, namely:—

1. Short title and commencement.—(*1*) These rules may be called the Conduct of Assembly Elections (Sikkim) Rules, 1979.

(*2*) They shall come into force at once.

2. Application of the Conduct of Elections Rules, 1961, for elections to the Legislative Assembly of Sikkim.—The Conduct of Elections Rules, 1961, in so far as they relate to an election to the Legislative Assembly of a State, shall apply to any election to the Legislative Assembly of Sikkim, subject to the following modifications, namely:—

(*i*) in rule 4 of the Conduct of Elections Rules, 1961 (hereinafter referred to as the said rules)—

(*a*) for the words, figures and letters "Forms 2A to 2E", the words, figures and letters "Forms 2F to 2H" shall be substituted;

(*b*) in the proviso, for the words, figures and letters "Form 2A or Form 2B", the words, figures and letters "Form 2F, Form 2G or Form 2H" shall be substituted;

(*ii*) in rule 7 of the said rules, for the words, figures and letters "in such one of the Forms 3A to 3C", the words, figures and letters "in Form 3D or Form 3E" shall be substituted;

(*iii*) in rule 37 of the said rules, after sub-rule (*2*), the following sub-rule shall be inserted, namely:—

"(*2A*) Notwithstanding anything contained in clause (*b*) of sub-rule (2) and subject to such general or special directions if any, as may be given by the Election Commission in this behalf, the presiding officer may, if an elector is not able to produce his identity card for any valid reason and the presiding officer is otherwise satisfied about the identity of such elector, supply a ballot paper to such elector and allow him to vote.";

(*iv*) for rule 90 of the said rules, the following rule shall be substituted, namely:—

"90. *Maximum election expenses.*—The total of the expenditure of which account is to be kept under section 77 and which is incurred or authorised in connection with an election in any one assembly constituency of the State of Sikkim shall not exceed two thousand five hundred rupees.";

---

1. Published in the Gazette of India, Extraordinary, 1979, part II, Section 3 (ii), pp. 902—906.

विधान सभा निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1979

[1]**का० आ० 519(अ), तारीख 7 सितम्बर, 1979** — केन्द्रीय सरकार, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (1951 का 43) की धारा 5क की उपधारा (2) और धारा 33 की उपधारा (1) के साथ पठित धारा 169 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और विधान सभा निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1976 को अधिक्रान्त करते हुए, निर्वाचन आयोग से परामर्श करने के पश्चात् निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :—

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ**—(1) नियमों का संक्षिप्त नाम विधान सभा निर्वाचनों का संचालन (सिक्किम) नियम, 1979 है।

(2) ये तुरन्त प्रवृत्त होंगे ।

2. **सिक्किम की विधान सभा के लिए निर्वाचनों के लिए निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 का लागू होना**—निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961, वहां तक जहां तक उनका संबंध राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचन से है, सिक्किम की विधान सभा के किसी निर्वाचन को, निम्नलिखित उपांतरणों के अधीन रहते हुए लागू होंगे, अर्थात्—

(i) निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 (जिन्हें इसमें इसके पश्चात् उक्त नियम कहा गया है) के नियम 4 में,—

(क) "प्ररूप 2क से लेकर 2ङ तक" शब्दों, अंकों और अक्षरों के स्थान पर "प्ररूप 2च से लेकर 2ञ तक" शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे ;

(ख) परन्तुक में "प्ररूप 2क या प्ररूप 2ख" शब्दों, अंकों और अक्षरों के स्थान पर "प्ररूप 2च, प्ररूप 2छ या प्ररूप 2ज" शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे ;

(ii) उक्त नियमों के नियम 7 में "3क से लेकर 3ग तक के प्ररूपों में से ऐसे प्ररूप में" शब्दों, अंकों और अक्षरों के स्थान पर "प्ररूप 3घ या प्ररूप 3ङ में" शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे ;

(iii) उक्त नियमों के नियम 37 में उपनियम (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपनियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(2क) उपनियम (2) के खण्ड (ख) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी ऐसे साधारण या विशेष निदेशों के, यदि कोई हों, जो निर्वाचन आयोग द्वारा इस निमित्त दिए जाएं अधीन रहते हुए पीठासीन आफिसर उस दशा में जबकि कोई निर्वाचक अपना अभिज्ञान पत्र किसी विधिमान्य कारण से पेश करने में असमर्थ है और पीठासीन आफिसर का ऐसे निर्वाचक के अभिज्ञान के बारे में अन्यथा समाधान हो गया है, ऐसे निर्वाचक को मतपत्र का प्रदाय कर सकेगा और उसे मतदान करने देगा ।" ;

(iv) उक्त नियमों के नियम 90 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात् :—

"90 **अधिकतम निर्वाचन व्यय**—उस व्यय का योग जिसका लेखा धारा 77 के अधीन रखा जाना है और जो सिक्किम राज्य के किसी विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचन के संबंध में उपगत या प्राधिकृत किया गया है, दो हजार पांच सौ रुपए से अधिक नहीं होगा ।" ;

1. भारत के राजपत्र, असाधारण, 1979 भाग 2, खंड 3 (ii), पृष्ठ 902–906 में प्रकाशित ।

(v) for Forms 2A to 2E appended to the said rules, the following forms shall be substituted, namely:—

"FORM 2F

(*See* rule 4)

NOMINATION PAPER

Election to the Legislative Assembly of Sikkim from a Constituency Reserved for Sikkimese of Bhutia-Lepcha origin

I nominate as a candidate for election to the Legislative Assembly of Sikkim from the.......................... assembly constituency.

Candidate's name ....

His postal address..

His name is entered at S. No... in Part No...........................

of the electoral roll for the...assembly constituency.

My name is... and it is entered at S. No.......................

in Part No...of the electoral roll for the................................ assembly constituency.

Date........................

Signature of proposer.

I, the above mentioned candidate, assent to this nomintion and hereby declare :—

(a) that I have completed..years of age;

*(b) that I am set up at this election by the..party;

(c) that the symbols I have chosen are, in order of preference, (i)......................................

(ii)...and (iii)..

I further declare that I am a Sikkimese of **Bhutia/Lepcha origin.

Date........................ Signature of candidate.

---

*Score out this paragraph, if not, applicable.

**Score out the word not applicable.

(To be filled by Retrning Officer)

Serial No. of nomination paper..

This nomination was delivered to me at my office at................................ (hour) on........................ (date) by the *candidate/proposer (Shri..)

Date........................ Returning Officer.

Decision of Returning Officer accepting or rejecting the Nomination Paper

I have examined this nominaton paper in accordance with section 36 of the Representation of the People Act, 1951 and decide as follows:—

Returning Officer.

---

*Score out the word not applicable.

(Perforation)..

Receipt for Nomination Paper and Notice of Scrutiny

(To be handed over to the person presenting the nomination paper)

Serial No. of nominaion paper..

The nomination paper of .... a candidate for election from the.................. assembly constituency was delivered to me at my office at..(hour) on........................ (date) by the *candidate/proposer (Shri..). All nomination papers will be taken up for scrutiny at...(hour) on..................................(date) at..(place).

Date............................ Returning Officer.

---

*Score out the word not applicable.

(v) उक्त नियमों से संलग्न प्ररूप 2क से लेकर 2ङ तक के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखे जाएंगे, अर्थात् :—

"प्ररूप 2च

[नियम 4 देखिए]

नामनिर्देशन-पत्र

भूटिया/लेप्चा मूल के सिक्किमियों के लिए आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र से सिक्किम की विधान सभा के लिए निर्वाचन

मैं सिक्किम की .... के निर्वाचन के लिए .... विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र से अभ्यर्थी के रूप में निम्नलिखित को नामनिर्दिष्ट करता हूं :

अभ्यर्थी का नाम .... है

उसका डाक पता ....

उसका नाम .... विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के भाग सं० .... में क्रम सं० .... *पर प्रविष्ट है।

मेरा नाम .... है और यह .... विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के भाग सं० .... में क्रम सं० .... पर प्रविष्ट है।

तारीख .... प्रस्थापक के हस्ताक्षर

मैं, उपरिवर्णित अभ्यर्थी, इस नामनिर्देशन के लिए अनुमति देता हूं और इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि :—

(क) मैंने .... वर्ष की आयु पूरी कर ली है;

*(ख) मैं इस निर्वाचन में .... पार्टी द्वारा खड़ा किया गया हूं;

(ग) मैंने जो प्रतीक चुने हैं वे अधिमान क्रम में (i) .... (ii) .... और (iii) .... हैं।

मैं यह घोषणा भी करता हूं कि मैं **भूटिया/लेप्चा मूल का सिक्किमी हूं।

तारीख .... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

---

*यदि लागू न हो तो इस पैरा को काट दीजिए।

**लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए।

(रिटर्निंग आफिसर द्वारा भरा जाए)

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं० .... यह नामनिर्देशन मुझे/मेरे कार्यालय में .... (तारीख) को .... (बजे) *अभ्यर्थी/प्रस्थापक (श्री ....) द्वारा परिदत्त किया गया।

तारीख .... रिटर्निंग आफिसर

नामनिर्देशन-पत्र को प्रतिगृहीत या प्रतिक्षेपित करने वाले रिटर्निंग आफिसर का विनिश्चय

मैंने इस नामनिर्देशन-पत्र को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 36 के अनुसार परीक्षित कर लिया है और मैं निम्नलिखित रूप में विनिश्चय करता हूं :—

रिटर्निंग आफिसर

---

*लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए।

(छिद्रण) ....

नामनिर्देशन-पत्र के लिए रसीद और संवीक्षा की सूचना

(नामनिर्देशन-पत्र उपस्थित करने वाले व्यक्ति को दी जाने के लिए)

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं० ....

.... का, जो .... विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी है, नामनिर्देशन-पत्र मुझे/मेरे कार्यालय में .... (तारीख) को .... (बजे) *अभ्यर्थी/प्रस्थापक (श्री ....) द्वारा परिदत्त किया गया।

सभी नामनिर्देशन-पत्रों की संवीक्षा .... (तारीख) को .... (बजे) .... (स्थान) में की जाएगी।

तारीख .... रिटर्निंग आफिसर

---

*लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए।

FORM 2G

(*See* rule 4)

NOMINATION PAPER

Election to the Legislative Assembly of Sikkim from a General Constituency or a Constituency Reserved for Scheduled Caste

I nominate as a candidate for election to the Legislative Assembly of Sikkim from the.................................... assembly constituency.

Candidate's name ....
His postal address..
His name is entered at S. No..in Part No..............................
of the electoral roll for the...assembly constituency.
My name is..and it is entered at S. No..........................
in Part No....................................of the electoral roll for the..................................
assembly constituency.

Date........................ Signature of proposer

I, the above mentioned candidate, assent to this nomination and hereby declare:—

(a) that I have completed......................................years of age;

*(b) that I am set up at this election by the...........................party;

(c) that the symbols I have chosen are, in order of preference,

(i) ....
(ii) .... and
(iii) ....

*I further declare that I am a member of the.......................................caste which is a Scheduled Caste of the State of Sikkim.

Date.................... Signature of Candidate

---

*Score out this paragraph, if not appilicable.

(To be filled by the Returning Officer)

Serial No. of nomination paper....................
This nomination was delivered to me at my office at......................................(hour) on............
(date) by the *candidate proposer (Shri...).

Date....................

Returning Officer.

Decision of Returning Officer accepting or rejecting the nomination Paper

I have examined this nomination paper in accordance with section 36 of the Representation of the People Act, 1951, and decide as follows:—

Date.................... Returning Officer.

---

*Score out the word not applicable.

(Perforation)..

Receipt for Nomination Paper and Notice of Scrutiny

(To be handed over to the person presenting the nomination paper)

Serial No. of nomination paper...
The nomination paper of.................................a candidate for election from the................
assembly constituency was delivered to me at my office at.....................................(hour on)..........
(date) by the *candidate/proposer (Shri.................................). All nomination papers will be taken up for scrutiny at..(hours) on.............(date)
at...(place).

Date................. Returning Officer.

---

*Score out the word not applicable,

प्ररूप 2छ

[नियम 4 देखिए]

नामनिर्देशन-पत्र

साधारण निर्वाचन-क्षेत्र से या अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र से सिक्किम की विधान सभा के लिए निर्वाचन

मैं सिक्किम की विधान सभा के निर्वाचन के लिए ....

विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र से अभ्यर्थी के रूप में निम्नलिखित को नामनिर्दिष्ट करता हूं।

अभ्यर्थी का नाम ....

उसका डाक पता ....

उसका नाम ....विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के भाग सं० ....में क्रम सं० .... पर प्रविष्ट है।

मेरा नाम ....है और यह ....विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के भाग सं० ....में क्रम सं० ....पर *प्रविष्ट है।

तारीख .... प्रस्थापक के हस्ताक्षर

मैं, उपरिवर्णित अभ्यर्थी, इस नामनिर्देशन के लिए अपनी अनुमति देता हूं और इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि—

(क) मैंने....................वर्ष की आयु पूरी कर ली है;

*(ख) मैं इस निर्वाचन में........................पार्टी द्वारा खड़ा किया गया हूं।

(ग) मैंने जो प्रतीक चुने हैं वे अधिमान क्रम में (i)..

(ii) ....और (iii).. हैं

*मैं यह घोषणा भी करता हूं कि मैं ....जाति का सदस्य हूं जो सिक्किम राज्य की अनुसूचित जाति है।

तारीख .... अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

---

*यदि लागू न हो तो, इस पैरा को काट दीजिए।

(रिटर्निंग आफिसर द्वारा भरा जाए)

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं० ....

यह नामनिर्देशन-पत्र मुझे/मेरे कार्यालय में ....(तारीख) को....................

(बजे) *अभ्यर्थी/प्रस्थापक (श्री ....) द्वारा परिदत्त किया गया।

तारीख .... रिटर्निंग आफिसर

नामनिर्देशन-पत्र को प्रतिगृहीत या प्रतिक्षेपित करने वाले रिटर्निंग आफिसर का विनिश्चय

मैंने इस नामनिर्देशन-पत्र की लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 36 के अनुसार परीक्षा कर ली है और मैं निम्नलिखित रूप में विनिश्चय करता हूं :—

तारीख .... रिटर्निंग आफिसर

---

*लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए।

(छिद्रण) ....

नामनिर्देशन-पत्र के लिए रसीद और संवीक्षा की सूचना

(नामनिर्देशन-पत्र उपस्थित करने वाले व्यक्ति को दी जाने के लिए)

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं० ....का, जो............ सभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी है, नामनिर्देशन-पत्र मुझे/मेरे कार्यालय में ....

(तारीख) को........................(बजे) *अभ्यर्थी/प्रस्थापक (श्री....................)

द्वारा परिदत्त किया गया

सभी नामनिर्देशन-पत्रों की संवीक्षा........................(तारीख) को....................

(बजे)........................(स्थान) में की जाएगी।

तारीख .... रिटर्निंग आफिसर

---

*लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए।

FORM 2H
(*See* rule 4)
NOMINATION PAPER

Election to the Legislative Assembly of Sikkim from Sangha Constituency

I nominate as a candidate for election to the Legislative Assembly of Sikkim from Sangha Constituency.

Candidate's name..

His postal address...

His name is entered at S. No..............................in Gonpa/Part No.......................... of the electoral roll for the Sangha constituency.

My name is...and it is entered at S. No............ in Gonpa/Part No..................................of the electoral roll for the Sangha constituency.

Date.................... Signature of Proposer

I, the above-mentioned candidate, assent to the nomination and hereby declare:—

(a) that I have completed...years of age;

*(b) that I am set up at this election by the....................................party;

(c) that the symbols I have chosen are, in order of preference,

(i) ....

(ii) .... and

(iii) ....

I further declare that I am a Sangha.

Date.................... Signature of Candidate.

*Score out this paragraph if not applicable.

(To be filled by the Returning Officer)

S. No. of nomination paper...................................

This nomination was delivered to me at my office at................................(hours) on............. (date) by the *candidate/proposer (Shri..................................)

Date.................... Returning Officer.

Decision of Returning Officer accepting or rejecting the Nomination Paper

I have examined this nomination paper in accordance with section 36 of the Representation of the People Act, 1951, and decide as follows :—

Date........................ Returning Officer.

*Score out the word not applicable.

(Perforation) ....

Receipt for Nomination Paper and Notice of Scrutiny

(To be handed over to the person presenting the nomination paper)

S. No. of nomination paper........................

The nomination paper of...a candidate for election from the Sangha constituency was delivered to me at my office at...............................(hour) on ....(date) by the *candidate/proposer (Shri...)

All nomination papers will be taken up for scrutiny at... (date) at..(Place).

Date.................... Returning Officer.";

*Score out the word not applicable.

प्ररूप 2 ज

(नियम 4 देखिए)

नामनिर्देशन-पत्र

संघा निर्वाचन-क्षेत्र से सिक्किम की विधान सभा के लिए निर्वाचन

मैं सिक्किम की विधान सभा के निर्वाचन के लिए संघा निर्वाचन-क्षेत्र से अभ्यर्थी के रूप में निम्नलिखित को नामनिर्दिष्ट करता हूं :

अभ्यर्थी का नाम......................

उसका डाक पता......................

उसका नाम संघा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के गोंपा/भाग सं०..................में क्रम सं०........पर प्रविष्ट है।

मेरा नाम........................है और यह संघा निर्वाचन-क्षेत्र की निर्वाचक नामावली के गोंपा/भाग सं०..................में क्रम सं०..................पर प्रविष्ट है।

तारीख................ प्रस्थापक के हस्ताक्षर

मैं, उपरवर्णित अभ्यर्थी, इस नामनिर्देशन के लिए अपनी अनुमति देता हूं और इसके द्वारा घोषणा करता हूं कि:—

(क) मैंने..................वर्ष की आयु पूरी कर ली है।

*(ख) मैं इस निर्वाचन में......................................पार्टी द्वारा खड़ा किया गया हूं;

(ग) मैंने जो प्रतीक चुने हैं वे अधिमान क्रम में (i)..

(ii)..................और (iii)..................हैं।

मैं यह घोषणा भी करता हूं कि मैं संघा हूं।

तारीख................................ अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

---

*यदि लागू न हो तो इस पैरा को काट दीजिए।

(रिटर्निंग आफिसर द्वारा भरा जाए)

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं०..................................

यह नामनिर्देशन-पत्र मुझे मेरे कार्यालय में..............(तारीख) को............(बजे) *अभ्यर्थी/प्रस्थापक (श्री.....) द्वारा परिदत्त किया गया।

तारीख................ रिटर्निंग आफिसर

नामनिर्देशन-पत्र को प्रतिगृहीत या प्रतिक्षेपित करने वाले रिटर्निंग आफिसर का विनिश्चय

मैंने उस नामनिर्देशन-पत्र की लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 36 के अनुसार परीक्षा कर ली है और मैं निम्नलिखित रूप में विनिश्चय करता हूं :—

तारीख..................... रिटर्निंग आफिसर

---

*लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए

(छिद्रण)..

नामनिर्देशन-पत्र के लिए रसीद और संवीक्षा की सूचना

(नामनिर्देशन-पत्र उपस्थित करने वाले व्यक्ति को दी जाने के लिए)

नाम निर्देशन-पत्र का क्रम सं०..........................

..................का, जो संघा निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी है, नामनिर्देशन-पत्र मुझे मेरे कार्यालय में......(तारीख) को...........(बजे) *अभ्यर्थी/प्रस्थापक (श्री..........) द्वारा परिदत्त किया गया।

सभी नामनिर्देशन-पत्रों की संवीक्षा..................(तारीख) को.........(बजे)..........(स्थान) में की जाएगी।

तारीख......................... रिटर्निंग आफिसर"

---

*लागू न होने वाला शब्द काट दीजिए।

(vi) for Forms 3A to 3C appended to the said Rules, the following Forms shall be substituted :—

"FORM 3D

(*See* rule 7)

NOTICE OF NOMINATION

(*To be used at an election from a constituency reserved for Sikkimese of Bhutia-Lepcha origin or from the Sangha constituency*)

Election to the Legislative Assembly of Sikkim from the..constituency

Notice is hereby given that the following nominations in respect of the above election have been received up to 3 P.M. today:—

S. No. of nomination paper	Name of candidiate	Name of father/mother/ husband	Age of candidate	Address	Particulars of origin
1	2	3	4	5	6

	Electoral roll No. of candiate			Electoral roll No. of proposer	
Name of assembly constituency	Part No. of electoral roll	Sl. No. of candidate's name in that part	Proposer's name	Part No. of electoral roll	Sl. No. of proposer's name in that part
7	8	9	10	11	12

Place.......................................

Date.......................................

Returning Officer.

(vi) उक्त नियम से उपाबद्ध प्ररूप 3क से लेकर 3ग तक के स्थान पर निम्नलिखित प्ररूप रखे जाएंगे:--

"प्ररूप 3 ख

[नियम 7 देखिए]

नामनिर्देशन की सूचना

भूटिया/लेप्चा मूल के सिक्किमियों के लिए आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र से या संघ निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन में प्रयोग के लिए

............................निर्वाचन-क्षेत्र से सिक्किम की विधान सभा के लिए निर्वाचन।

इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उपरिवर्णित निर्वाचन की बाबत निम्नलिखित नामनिर्देशन आज 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त हुए हैं:--

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं०	अभ्यर्थी का नाम	पिता/माता/पति का नाम	अभ्यर्थी की आयु	पता	मूल की विशिष्टियां
1	2	3	4	5	6

अभ्यर्थी का निर्वाचक नामावली सं०			प्रस्थापक का नाम	प्रस्थापक का निर्वाचक नामावली सं०	
विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र का नाम	निर्वाचक नामावली का भाग सं०	उस भाग में अभ्यर्थी के नाम का क्रम सं०		निर्वाचक नामावली का भाग सं०	उस भाग में प्रस्थापक के नाम का क्रम सं०
7	8	9	10	11	12

स्थान......................

तारीख......................

रिटर्निंग आफिसर"।

FORM 3E
(*See* rule 7)
NOTICE OF NOMINATION

(To be used at an election from a general constituency or a constituency reserved for the Scheduled Castes)

Election to the Legislative Assembly of Sikkim from the .... constituency.

Notice is hereby given that the following nominations in respect of the above election have been received up to 3 P.M. today :—

S. No. of nomination paper	Name of candidate	Name of father/mother/ husband	Age of candidate	Address	Particulars of caste
1	2	2	4	5	(

Electoral roll No. of candidate			Proposer's name	Electoral roll No. of proposer	
Name of assembly constituency	Part No. of electoral roll	Sl. No. of candidate's name in that part		Part No. of electoral roll	Sl. No. of proposer's name in that part
7	8	9	10	11	12

Place....................
Date....................

Returning Officer."

"प्ररूप 3 ङ

[नियम 7 देखिए]

नामनिर्देशन की सूचना

(साधारण निर्वाचन-क्षेत्र या अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र से निर्वाचन में प्रयोग के लिए)

....................निर्वाचन-क्षेत्र से सिक्किम की विधान सभा के लिए निर्वाचन

इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि ऊपरवर्णित निर्वाचन की बाबत निम्नलिखित नामनिर्देशन आज 3.00 बजे अपराह्न तक प्राप्त हुए हैं :-

नामनिर्देशन-पत्र का क्रम सं०	अभ्यर्थी का नाम	पिता/माता/पति का नाम	अभ्यर्थी की आयु	पता	जाति की विशिष्टियां
1	2	3	4	5	6

अभ्यर्थी का निर्वाचक नामावली सं०			प्रस्थापक का नाम	प्रस्थापक का निर्वाचक नामावली सं०	
विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्र का नाम	निर्वाचक नामावली का भाग सं०	उस भाग में अभ्यर्थी के नाम का क्रम सं०		निर्वाचक नामावली का भाग सं०	उस भाग में प्रस्थापक के नाम का क्रम सं०
7	8	9	10	11	12

स्थान........................

तारीख........................

रिटर्निंग आफिसर"

THE ELECTION SYMBOLS (RESERVATION AND ALLOTMENT) ORDER, 1968

An order to provide for specification, reservation, choice and allotment of symbols at elections in Parliamentary and Assembly Constituencies, for the recognition of political parties in relation thereto and for matters connected therewith.

S.O. 2959, *dated the 31st August,* 1968.—Whereas, the Superintendence, direction and control of all elections to Parliament and to the Legislature of every State are vested by the Constitution of India in the Election Commission of India:

AND WHEREAS, it is necessary and expedient to provide in the interest of purity of elections to the House of the People and the Legislative Assembly of every State and in the interest of the conduct of such elections in a fair and efficient manner, for the specification, reservation choice and allotment of symbols for the reognition of political parties in relation thereto and for matters connected therewith:

Now, THEREFORE, in exercise of the powers conferred by Article 324 of the Constitution [1][read with section 29A of the Representation of the People Act, 1951 (43 of 1951) and rules 5 and 10] of the Conduct of Elections Rules, 1961, and all other powers enabling it in this behalf, the Election Commission of India hereby makes the following Order :—

1. *Short title, extent, application and commencement.*—(*1*) This Order may be called the Election Symbols (Reservation and Allotment) Order, 1968.

(*2*) It extends to the whole of India and applies in relation to election in all Parliamentary and Assembly Constituencies other than Assembly Constituencies in the State of Jammu and Kashmir.

(*3*) It shall come into force on the date of its publication in the Gazette of India which date is hereinafter referred to as the commencement of this Order.

2. *Definitions and interpretation.*—(1) In this Order, unless the context otherwise requires,—

(*a*) "clause" means a clause of the paragraph or sub-paragraph in which the word occurs;

(*b*) "Commission", means the Election Commission of India constituted under Article 324 of the Constitution;

(*c*) "constituency" means a parliamentary constituency or an assembly constituency;

(*d*) "contested election" means an election in a parliamentary or an assembly constituency where a poll is taken;

(*e*) "election" means an election to which this Order applies;

(*f*) "general election" means any general election held after the commencement of this Order for the purposes of constituting the House of the People or the Legislative Assembly of a State and includes a general election whereby the House of the People or the Legislative Assembly of a State in existence and functioning at such commencement, has been constituted;

(*g*) "paragraph" means a paragraph of this Order;

[2][(*h*) "political party" means an association or body of individual citizens of India registered with the Commission as a political party under section 29A of the Representation of the People Act, 1951;]

1. Subs. by Notifn. No. O.N. 55 (E), dated the 15th June, 1989.
2. Subs. by Notifn. No. S.O. 3301, dated the 10th September, 1970.

निर्वाचन प्रतीक (आरक्षण और आबंटन) आदेश, 1968

संसदीय तथा सभा निर्वाचन-क्षेत्र में निर्वाचनों में प्रतीकों के विनिर्देश, आरक्षण, चयन तथा आबंटन के लिए, उनके संबंध में राजनैतिक दलों को मान्यता देने के निमित्त तथा तत्संसक्त विषयों का उपबन्ध करने के लिए आदेश

का० आ० 2959, तारीख 31 अगस्त, 1968 संसद् और हर राज्य के विधान-मंडल के लिए सभी निर्वाचनों में अधीक्षण, निदेशन तथा नियंत्रण, भारत के संविधान द्वारा भारत निर्वाचन आयोग में निहित है ;

और, लोक सभा तथा हर राज्य की विधान सभा के लिए निर्वाचनों की शुद्धता के हित में तथा ऐसे निर्वाचनों के उचित एवं दक्षतापूर्ण रीति से संचालन के हित में, प्रतीकों के विनिर्देश, आरक्षण, चयन तथा आबंटन के लिए, उनके संबंध में राजनैतिक दलों को मान्यता देने के निमित्त तथा तत्संसक्त विषयों के लिए उपबंध करना आवश्यक और समीचीन है;

